e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 102

# प्रभात मंत्र

शनिवार
15.04.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
खुशी आजादी पर निर्भर होती है और आजादी इस बात पर निर्भर होती है कि आप कितने साहसी है।

ताजा खबरों के लिए देखें

असर्फी हॉस्पिटल
आपका अपना सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रोजा का समय**

| | | |
|---|---|---|
| इफ्तार | (15/04/23) | 06:11 |
| सेहरी | (16/04/23) | 04:03 |

Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 36° |
| न्युनतम | 22° |

## गुवाहाटी का एम्स उत्तर-पूर्व के लोगों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराएगा

# नॉर्थ-ईस्ट को हमने दिया पहला एम्स : पीएम मोदी

**एजेंसी**

**गुवाहाटी :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को एम्स गुवाहाटी सहित कोकराझार, नलबाड़ी और नागांव महाविद्यालय और चिकित्सालय का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमने नॉर्थ-ईस्ट को पहला एम्स दिया है। पिछली सरकारों ने असम के लिए कुछ नहीं किया। पीएम मोदी ने मई 2017 में एम्स गुवाहाटी की आधारशिला रखी थी। इसे 1120 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है। एम्स उत्तर पूर्व के लोगों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराएगा। इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने देश को 500 बेड वाले तीन मेडिकल कॉलेजों यानी नलबाड़ी मेडिकल कॉलेज, नागांव मेडिकल कॉलेज और कोकराझार मेडिकल कॉलेज भी समर्पित किया। पीएम मोदी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज उत्तर पूर्व को अपना पहला एम्स और असम को तीन नए मेडिकल कॉलेज मिले हैं। आधुनिक रिसर्च के लिए 500 बिस्तर वाले सुपर स्पेशलिटी वाले अस्पताल का भी शिलान्यास हुआ है। असम के लाखों-लाख साथियों तक आयुष्मान कार्ड पहुंचाने का काम मिशन मोड पर शुरू हुआ है। पिछले नौ साल में हमने इंफ्रा प्रोजेक्ट्स पर काम किया है और इसलिए हर कोई कनेक्टिविटी से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की बात करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज कल नई बिमारी देखने को मिल रही है। मैं देश में कहीं भी जाता हूं और 9 वर्षों में हुए विकास की चर्चा करता हूं तो उससे कुछ लोगों को परेशानी हो जाती है। वह शिकायत करते हैं कि दशकों तक उन्होंने भी देश पर राज किया, उन्हें श्रेय क्यों नहीं मिलता। श्रेय के भूखे लोगों और जनता की राज करने की भावना ने देश का बहुत अहित किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम आपके सेवक होने की भावना से काम करते हैं। इसलिए नॉर्थ ईस्ट हमें दूर भी नहीं लगता और अपनेपन का भाव भी बना रहता है। आज नॉर्थ ईस्ट में लोगों ने विकास की बागडोर आगे बढ़कर खुद संभाल ली है। भारत के विकास के मंत्र को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि हमने बीते वर्षों में 15 नए एम्स पर काम शुरू किया।

### पिछली सरकारों ने असम के लिए कुछ नहीं किया

## बिहू समारोह में शामिल हुए प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को असम में ब्रह्मपुत्र नदी पर बनने वाले पुल की आधारशिला रखी। इस दौरान गुवाहाटी के सुरसजई स्टेडियम में प्रधानमंत्री मोदी बिहू समारोह में सम्मिलित हुए, जहां पर लेजर शो का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा समेत कई नेतागण मौजूद रहे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह दृश्य,टीवी पर देखने वाला हो या यहां कार्यक्रम में मौजूद हो, जीवन में कभी भूल नहीं सकता है। यह अद्भुत है, अभूतपूर्व है। ये असम है। उन्होंने कहा कि असम के हजारों कलाकारों की मेहनत और यह तालमेल देश और दुनिया ने बड़े गर्व के साथ देखा।



### गुवाहाटी हाईकोर्ट की अलग विरासत व पहचान : पीएम

प्रधानमंत्री गुवाहाटी उ'च न्यायालय के प्लेटिनम जुबली समारोह के उपलक्ष्य में गुवाहाटी के श्रीमंत शंकरदेव कलाक्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान, प्रधानमंत्री ने असम पुलिस द्वारा डिजाइन किए गए मोबाइल एप्लिकेशन 'असम कॉप' का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि गुवाहाटी हाईकोर्ट की 75 वर्ष की यह यात्रा एक ऐसे समय में पूरी हुई है, जब देश ने भी अपनी आजादी के 75 वर्ष पूरे किए हैं। यह हमारे लिए अब तक के अनुभवों को सहेजने का भी समय है, नए लक्ष्यों के लिए जवाबदेही और जरूरी बदलावों का भी एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। उन्होंने कहा कि गुवाहाटी हाईकोर्ट की अपनी अलग विरासत, पहचान रही है। ये एक ऐसी हाईकोर्ट है जिसके क्षेत्राधिकार का दायरा सबसे बड़ा है। असम के साथ-साथ अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम और नागालैंड यानी तीन और रा'यों की भी सेवा की जिम्मेदारी निभाते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती को सुखद संयोग बताते हुए कहा कि संविधान के निर्माण में बाबा साहेब की मुख्य भूमिका रही है।

## राज्यपाल व सीएम ने बाबा साहब अंबेडकर को किया नमन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन एवं मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राजधानी रांची के डोरंडा स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब मजबूत इरादों के शख्सियत थे। वे एक महान शिक्षाविद, विधिवेत्ता और समाज सुधारक थे। उन्होंने देश को एक ऐसा संविधान दिया,जो सभी वर्ग और तबके को सम्मान देता है। उनका व्यक्तित्व और विचार हर किसी के लिए अनुकरणीय हैं। मौके पर राज्यपाल ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर भारत के महानतम सपूतों में से एक थे। समाज और राष्ट्रहित में उनका योगदान अविस्मरणीय है। कहा कि उन्होंने देश को एक ऐसा संविधान दिया, जो सभी वर्ग और तबके को सम्मान देता है। उनका व्यक्तित्व और विचार हर किसी के लिए अनुकरणीय हैं। राज्यपाल ने राज भवन में भी आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित की। मौके पर राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ. नितिन कुलकर्णी समेत राज भवन के अन्य पदाधिकारियों और कर्मियों ने भी उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## 16 को केजरीवाल से पूछताछ करेगी सीबीआई

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से सीबीआई पूछताछ पूछताछ करेगी। आम आदमी पार्टी के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री से कथित शराब घोटाले में पूछताछ होगी। अरविंद केजरीवाल को सीबीआई ने 16 अप्रैल को पूछताछ के लिए मुख्यालय बुलाया है। मामले में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने ट्वीट कर कहा कि अत्याचार का अंत जरूर होगा। आम आदमी पार्टी के नेता व राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि सीबीआई के मुख्यमंत्री को दिए गए नोटिस से उनकी पार्टी डरने वाली नहीं है और न ही केजरीवाल डरने वाले हैं और न ही झुकने वाले हैं।उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा में प्रधानमंत्री और उनके दोस्त के बारे में पैसे को लेकर जो बात सामने रखी थी, उसी के चलते यह नोटिस केजरीवाल को आया है।

## क्विक न्यूज

### सर्च अभियान में साल्वे के जंगल से नक्सलियों के छिपाए हथियार व कारतूस बरामद

**लातेहार :** सुरक्षाबलों और जिला पुलिस ने गारू थाना क्षेत्र के साल्वे जंगल में एक सर्च अभियान चलाकर नक्सलियों के छुपाए गए हथियार और गोली आदि बरामद किया है। बरामद हथियारों में एक देशी राइफल, दो देसी कट्टा, दो वॉकी टॉकी व 41 गोलियां समेत कई अर्धनिर्मित विस्फोटक शामिल है। इस संबंध में शुक्रवार को सीआरपीएफ 214 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी अभिनव आनंद ने बताया कि एक सूचना के आधार पर सीआरपीएफ और जिला पुलिस ने संयुक्त रूप से गारू थाना क्षेत्र के साल्वे जंगल में गुरुवार को सर्च अभियान चलाया था। इस सर्च अभियान के दौरान जंगल में जमीन के नीचे दबाकर रखे गए हथियारों और गोली को बरामद कर किया गया है। उल्लेखनीय है कि गारू थाना क्षेत्र के साल्वे जंगल का इलाका माओवादियों के गढ़ के रूप में जाना जाता है। परंतु इन दिनों बूढ़ा पहाड़ के इलाके के अलावा आसपास के सभी इलाकों में सुरक्षाबलों की बढ़ती सतर्कता और लगातार छापेमारी से नक्सली इस इलाके से भागने को मजबूर हो गए हैं। माना जा रहा है कि भागने के दौरान नक्सलियों ने अपने हथियारों को यहां छिपाया होगा।

### झारखंड का पारा 42 के पार, त्राहि-त्राहि कर रहे लोग

**राची :** झारखंड में गर्मी का पारा हर दिर लगातार ऊपर चढ़ रहा है। अगले 24 घंटों के दौरान इसमें और वृद्धि होने के आसार व्यक्त किए गए है। झारखंड के कुछ शहरों में 41 डिग्री के करीब पहुंच चुका है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के कई हिस्सों में तापमान दो डिग्री से अधिक चढ़ चुका है। वहीं राजधानी रांची में भी अधिकतम तापमान 38.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मेदिनीनगर और जमशेदपुर में गुरुवार को अधिकतम तापमान 41.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। झारखंड के कई जिलों का तापमान 40 डिग्री से अधिक है। अगले दो दिनों के दौरान दो से तीन डिग्री तापमान में वृद्धि का अनुमान व्यक्त किया है। 17 अप्रैल को मौसम विभाग ने राजधानी समेत राज्य के दक्षिणी हिस्सों में हल्की बारिश होने की संभावना व्यक्त की है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार आनेवाले सप्ताह में संताल और पलामू में पारा 43 डिग्री तक पहुंच सकता है। गुरुवार को धनबाद में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रहा। बुधवार को भी अधिकतम तापमान 40 डिग्री था। तपती गर्मी व उमस से लोग पसीने से तरबतर हो जा रहे हैं।



# कब होगी जेटेट परीक्षा : हाई कोर्ट




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस राजेश कुमार की कोर्ट में शुक्रवार को झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा (जेटेट) के आयोजन को लेकर दाखिल सूरज बिहारी मंडल सहित 20 याचिकाकर्ताओं की ओर से दाखिल याचिका की सुनवाई हुई। कोर्ट ने जैक (झारखंड शैक्षणिक परिषद) के समय देने के आग्रह को स्वीकार करते हुए चार सप्ताह में शपथपत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है।

कोर्ट ने जैक से पूछा है कि कब तक जेटेट की परीक्षा ली जाएगी, यह स्पष्ट करें। इससे पहले याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि वर्ष 2022 में राज्य सरकार ने प्राथमिक विद्यालयों में सहायक आचार्य पद पर नियुक्ति के लिए पहल शुरू की है। प्रारंभिक शिक्षा सहायक आचार्य संवर्ग नियुक्ति प्रोन्नति सेवा शर्त नियमावली 2022 के तहत यह परीक्षा ली जाएगी। इस नियमावली के तहत वही लोग सहायक आचार्य पद पर आवेदन कर सकेंगे, जो जेटेट पास है। याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि वर्ष 2016 के बाद जेटेट परीक्षा नहीं ली गई है। इसलिए राज्य सरकार को निर्देशित किया जाए कि कोई भी शिक्षक नियुक्ति करने से पहले जेटेट परीक्षा आयोजित कर लिया जाए। यदि जेटेट परीक्षा कराना संभव नहीं है तो सीटेट पास अभ्यर्थियों को भी शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल होने की अनुमति दी जाए। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि वह वर्ष 2019-2021 के बीच वे सीटेट परीक्षा पास किए हुए हैं।

### हैदराबाद में डॉ. आंबेडकर की 125 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण, केसीआर बोले

# यह देश के लिए गर्व की बात है

**एजेंसी**

**हैदराबाद :** तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने हैदराबाद में डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती के मौके पर शुक्रवार को उनकी 125 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया। इसका वजन 465 टन है। इसमें 96 टन पीतल का उपयोग किया गया है। प्रतिमा को बनाने पर कुल 146 करोड़ रुपये की लागत आई है। राज्य सरकार ने इसकी आधिकारिक तौर पर पुष्टि की है। इस मौके पर डॉ आंबेडकर के पोते और वंचित बहुजन अघाड़ी के अध्यक्ष प्रकाश आंबेडकर और कई बौद्ध गुरु भी मौजूद थे। आंबेडकर की प्रतिमा के अनावरण के मौके पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा करके उन्हें श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई। प्रकाश आंबेडकर को राज्य सरकार ने आधिकारिक रूप से इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया था।प्रकाश आंबेडकर ने कहा कि केसीआर ने बाबा साहेब के जन्मदिन पर 125 फुट की प्रतिमा का अनावरण किया, जो दलित बंधु योजना को एक नई दिशा की ओर ले कर जाने का प्रयास है। उन्होंने इसके लिए केसीआर को बधाई दी और उनकी सराहना की। प्रकाश आंबेडकर ने कहा कि उन्हें खुशी है कि बाबा साहेब आंबेडकर की जयंती अलग ढंग से मनाई गई। बाबा साहेब ने कहा था कि दलित शिक्षित हों और संघर्ष करें। उन्होंने बताया कि देश की सुरक्षा पर संसद में बहस में भाग लेते हुए डा. आंबेडकर ने कहा था कि देश को दूसरी राजधानी की जरूरत है, तब उन्होंने हैदराबाद को राजधानी बनाने का सुझाव दिया था। इस अवसर पर मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव ने कहा कि आंबेडकर एक विश्व मानव थे और उनके सिद्धांत सर्वजनीय हैं। उन्होंने याद दिलाया कि डा. आंबेडकर को सम्मानित करने के लिए नये सचिवालय को डॉ. बीआर आंबेडकर तेलंगाना राज्य सचिवालय के रूप में नामित किया गया है और डा. आम्बेडकर की यह प्रतिमा सचिवालय के बगल में है, जो उन्हें और प्रशासन को दलितों के कल्याण के लिए कार्य करने की प्रेरणा देगी। केसीआर ने आगे कहा कि राज्य सरकार द्वारा आंबेडकर की जयंती पर हैदराबाद में उनकी 125 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण करना न केवल तेलंगाना राज्य के लिए बल्कि पूरे देश के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि तेलंगाना समाज तेलंगाना बंधु आंबेडकर को महान श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है, जिन्होंने संविधान में अनुच्छेद 3 को शामिल किया, जो तेलंगाना राज्य के गठन का मूल स्रोत था। केसीआर ने कहा कि लोकतंत्र, धर्म व धर्मांतरण, महिला अधिकार, आर्थिक सुधार, इतिहास और अर्थव्यवस्था सहित कई विषयों पर आंबेडकर के लेखन, भाषणों और आलोचनाओं ने पूरी दुनिया को सोचने पर मजबूर किया। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने अनुसूचित जाति के उत्थान के लिए विशेष योजनाएं लागू की हैं। विशेष रूप से लागू की गयी दलित बंधु योजना पूरे देश में एक क्रांतिकारी योजना बन गयी है। इस योजना के तहत लाभान्वित परिवारों को 10-10 लाख रुपये की ग्रांट दी जा रही है, जिसका पुनर्भुगतान करने की जरूरत नहीं है।



उन्होंने आगे बताया कि भविष्य में किसी भी प्रकार की वित्तीय कठिनाइयों के मामले में लाभान्वितों की सहायता के लिए एक रक्षा निधि भी स्थापित की गयी है।

# माफिया अतीक के बेटे असद और गुलाम का शव लेने कोई नहीं पहुंचा

**एजेंसी**

**झांसी (उप्र) :** माफिया अतीक अहमद के पुत्र असद और शार्प शूटर गुलाम के एनकाउंटर को करीब 20 घंटे गुजर चुके हैं। रात करीब 2:30 बजे दोनों का पोस्टमार्टम भी हो चुका है। मगर अभी तक दोनों के परिवार का कोई भी सदस्य शव लेने नहीं पहुंचा है। कहा यह जा रहा है कि आज सुबह करीब 11ऀ00 बजे तक कोई न कोई झांसी पहुंच कर दोनों के शव सुपुर्दगी में लेगा। फिलहाल पुलिस के पास इंतजार करने के अलावा कोई चारा नहीं। परीछा डैम के पास गुरुवार को दोपहर करीब एक बजे बजे एसटीफ ने दोनों को एनकाउंटर में मार गिराया था। वहां से दोनों के शव मेडिकल कॉलेज पहुंचाए गए। देररात 2 बजकर 20 मिनट पर असद और गुलाम का पोस्टमार्टम पूरा हुआ था। इसमें तीन डॉक्टर्स की टीम में डॉ नीरज सिंह, शैलेष गुप्ता व राहुल पराशर शामिल रहे। पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी कराई गई।

### माफिया अतीक और अशरफ से पूछताछ के लिए एटीएस टीम प्रयागराज पहुंची

**प्रयागराज (उप्र):** माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ को गुरुवार रात धूमनगंज थाने की पुलिस ले गई। आज (शुक्रवार) दोनों से पूछताछ के लिए एटीएस की टीम प्रयागराज पहुंच गई है। एटीएस को दोनों के आईएसआई और आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा से संबंध होने के अलावा पाकिस्तान से आने वाले असलहों का इनपुट मिला है। एटीएस की टीम दोनों का आमना-सामना भी करा सकती है। अदालत से 17 अप्रैल तक पूछताछ करने की मंजूरी मिली है। इसलिए असद के जनाजे में अतीक और अशरफ शामिल नहीं हो पाएगे। बताया जा रहा है कि असद का शव आज प्रयागराज पहुंच जाएगा। उसके नाना और मामा जनाने में शामिल होंगे। चर्चा है कि माफिया अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन अपने बेटे असद को देखने के लिए सरेंडर कर सकती है।



**फिलहाल पुलिस के पास इंतजार करने के अलावा कोई चारा नहीं। परीछा डैम के पास गुरुवार को दोपहर करीब एक बजे बजे एसटीफ ने दोनों को एनकाउंटर में मार गिराया था। वहां से दोनों के शव मेडिकल कॉलेज पहुंचाए गए। देररात 2 बजकर 20 मिनट पर असद और गुलाम का पोस्टमार्टम पूरा हुआ था।**

### तिहाड़ जेल में गैंगवार, एक की मौत, 5 घायल

**दिल्ली :** दिल्ली की तिहाड़ जेल में शुक्रवार की शाम गैंगवार हुआ. जिसमें गैंगस्टर प्रिंस तेवतिया की हत्या कर दी गई है. तिहाड़ की जेल नंबर 3 में शाम को गैंगवार हुई. जिसमें 5 कैदी घायल हुए थे. सभी घायलों को दीन दयाल अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जहां प्रिंस तेवतिया को मृत घोषित कर दिया गया है.दिल्ली पुलिस के मुताबिक जेल में गैंगवार के दौरान प्रिंस तेवतिया पर चाकुओं से हमला किया गया है. उसके शरीर पर 5-7 वार किए गए थे. दिल्ली पुलिस की टीम तिहाड़ जेल पहुंची और मामले की जांच में जुट गई. वहीं अन्य कैदियों का पुलिस निगरानी में इलाज चल रहा है.

# रेहला ग्रासिम इंडस्ट्रीज में राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह का हुआ शुरुआत

## गृहणियों को भी आग से बचाव को लेकर किया जाएगा प्रशिक्षित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** रेहला ग्रासिम इंडस्ट्रीज केमिकल डिवीजन संस्थान में शुक्रवार 14 अप्रैल से राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह का शुरुआत किया गया। जो 20 अप्रैल तक अग्निशमन केंद्र स्थल में चलेगा। राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि कारखाना प्रमुख अशोक कुमार गुप्ता, मानव संसाधन प्रमुख अजीत तिवारी, वित्त विभाग के प्रमुख शिवम पाठक व टेक्निकल प्रमुख हरदीप कोहली ने दीप प्रज्वलित कर किया( साथ हीं सभी ने 14 अप्रैल 1944 को मुंबई डॉकयार्ड में हुए भीषण अग्निकांड में शहीद हुए अग्नि कर्मचारियों को याद करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किया। वहीं अग्निकांड में मारे गए 71 अग्नि कर्मचारियों के याद में उपस्थित अधिकारी व कर्मचारियों के द्वारा दो मिनट का मौन रखा गया.मौके पर संस्थान प्रमुख अशोक गुप्ता ने कहा कि अग्नि से सुरक्षा व सतर्कता मानव के लिए बहुत जरूरी है। इससे बचाव के लिए जागरूकता अभियान व प्रशिक्षण कार्यक्रम नियमित चलाने की जरूरत है। संस्थान के एचआर अजीत तिवारी ने बताया कि संस्थान सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। संस्थान के आस पास के गांव शहर में भी कहीं आग की सूचना मिलते हीं अफना अग्निशमन दस्ता उपलब्ध कराती है.बीते वर्ष रेहला ग्रासिम इंडस्ट्रीज केमिकल डिवीजन संस्थान के अग्निशमन दस्ता की ओर से आस पास के 42 अगलगी की घटना को सफलता पूर्वक नियंत्रित कर खत्म किया। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह तक चलने वाले इस आयोजन में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर कर्मचारियों व कामगारों को जागरूक किया जाएगा.इसके साथ कॉलोनी परिसर में गृहणियों को भी घरेलू फायर से बचाव को लेकर प्रशिक्षित किया जायेगा। कार्यक्रम में सेफ्टी प्रमुख विक्रम मणि, मुख्य सुरक्षा पदाधिकारी बिपिन दीक्षित, लाइजनिंग पदाधिकारी नितेश कुमार पांडेय, सुरेश कोप, अनिल गिरी, सोनू दिहम आदि लोग उपस्थित थे।



# पिपरा में बाबा साहब की जयंती पर उमड़ा हुजूम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा :** पिपरा प्रखंड क्षेत्र मे डॉ0 भीमराव अंबेडकर की जयंती पर हजारों की संख्या में बाबा साहब को चाहने वाले जुलूस के रूप में सड़क पर पूरे दिन दिखाई दिए। पूरा प्रखंड क्षेत्र बाबा साहब अमर रहे के नारों से गूंज रहा था। डॉ भीमराव अंबेडकर भारत के संविधान निर्माता रहे हैं। उन्होंने शिक्षा पर हमेशा जोर दिया था उनका कहना था। कि एक टाइम कम खाओ चलेगा लेकिन शिक्षा ग्रहण करने में मत चुकना। जब तक हम शिक्षित नहीं होंगे तब तक अपने अधिकारों के बारे में नहीं समझ सकेंगे। लेकिन आज भी उनका यह सपना हमारे समाज में अधूरा दिखाई पड़ता है। लोग आज भी शिक्षा के प्रति जागरूक नहीं हुए हैं। पूरे प्रखंड क्षेत्र में चारों तरफ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया था। सभी वर्ग के लोग एक साथ बाबा साहब की जयंती बनाते हुए दिखाई पड़ रहे थे। बाबा साहब एक व्यक्ति नहीं विचार थे। रवि रोशन उर्फ चतुराई राम उदय राम के नेतृत्व में पूरे प्रखंड क्षेत्र में लोगों को जागरूक करने के लिए मोटरसाइकिल जुलूस निकाला गया ।इस जुलूस का स्वागत हर पंचायत में जोरों शोरों से किया गया। पिपरा प्रखंड के पिपरा गांव में रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से कराया गया जिसमें काफी संख्या में दर्शक लोग कार्यक्रम का आनंद ले रहे थे।

## बसडीहा में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति स्थापित की गई



**पांडू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बाबा साहेब के दिए गए नारा शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो को अपने जीवन में उतारने की है जरूरत. जिले के पांडू प्रखंड के बसडीहा में डॉ भीमराव अंबेडकर जी की मूर्ति स्थापना के अवसर पर पांडू जिला परिषद सदस्य पति सह बिजली उपभोक्ता संघ के अध्यक्ष भाई गोबिंद सिंह शुक्रवार के दिन बोल रहे थे। फीता काटकर कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए उन्होंने कहा डॉ भीमराव अंबेडकर व्यक्ति नहीं एक विचार थे जिनके मार्गदर्शन पर चल कर ही हम सभी अपने जीवन को सार्थक साबित कर सकते हैं। हम सभी को उनसे सीख लेने की जरूरत है। बताते चलें कि इस मूर्ति का अनावरण डॉ अशोक जी के द्वारा किया गया। मौके पर पांडू प्रमुख प्रतिनिधि प्रदुम कुमार सिंह उर्फ सिंटू सिंह, पंचायत के मुखिया मदन राम जी, पंचायत समिति सदस्य, संतोष राम के अलावा अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

## पूर्वडीहा में 16 अप्रैल से नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का होगा आयोजन, मनोज सिंह करेंगे उद्घघाटन

**चैनपुर, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर प्रखंड के पूर्वडीहा में बाबा पतिधर नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का तीसरे सीजन का शुभारंभ 16 अप्रैल को होगा। यह टूर्नामेंट लगातार 10 दिनों तक क्रिकेट प्रेमियों के मनोरंजन का साधन बनेगा। बाबा पतिधर के याद में भव्य नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन पूर्वडीहा पंचायत के युवाओं के द्वारा कराया जा रहा है। उक्त बात की जानकारी पूर्वडीहा पंचायत के पंचायत के समिति सदस्य उम्मीदवार भाई रतन दुबे ने दी। इस टूर्नामेंट का उद्घघाटन बतौर मुख्य अतिथि नगर निगम के भावी मेयर प्रत्याशी पूर्व उपाध्यक्ष नगर पालिका मनोज सिंह के द्वारा किया जाएगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष नितीश दुबे सचिव कन्हैया दुबे कोषाध्यक्ष प्रकाश दुबे उपाध्यक्ष चंदन कुमार सह महासचिव रणधीर कुमार कोषाध्यक्ष रंजन कुमार को बनाया गया, जो पपलू दुबे मुखिया, कुलबुल दुबे पूर्व मुखिया, भाई रतन दुबे पंचायत समिति सदस्य उम्मीदवार, रविंद्र दुबे, फोटू दुबे, सोनू दुबे, शिशिर दुबे, उमाशंकर दुबे व अजीत दुबे के संरक्षण में काम करेंगे।

## उंटारी रोड में मनाई गयी बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती



**उंटारी रोड, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के उंटारी रोड थाना क्षेत्र में शुक्रवार को बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती धूम धाम से मनाई गई। अंबेडकर जयंती के अवसर पर भव्य बाइक जुलूस का आयोजन किया गया, सर्व प्रथम संविधान रचयिता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के फोटो पर दीप प्रज्वलित कर और पुष्प अर्पित कर जुलूस का आगाज किया गया। सुलस गाजे बाजे के साथ उंटारी रोड के विभिन्न गावों में भ्रमण करते हुए पांडेयपुरा में समापन किया गया, बाबा साहब अमर रहे के नारों से वातावरण गुंजायमान रहा। जुलूस में धनंजय कुमार, कमलेश कुमार, बसंत कुमार, रवि कुमार, राहुल कुमार, विकास कुमार, के साथ सैकड़ों की संख्या में लोग मौजुद थे।

# वृद्ध महिला के घर को कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने शुक्रवार को किया ध्वस्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** वन विभाग के चेकनाका के समीप पिछले पांच दशक से रह रही वृद्ध महिला शिवकली कुंवर के मिट्टी का घर कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने शुक्रवार को ध्वस्त करा दिया। उसके बाद ढेकुलिया के ललती देवी, रंजू देवी, राजमुनि देवी, सरस्वती देवी, नगीना देवी, रीना देवी, शिवपति देवी, राकेश रवि, अखिलेश विश्वकर्मा, रामपवन विश्वकर्मा, दिलकेश पासवान, श्यामलाल पासवान, संजय साह, विनोद सिंह, वेद प्रकाश आर्य, बबन पासवान सहित सैकड़ो महिला पुरुष ग्रामीणों ने जमीन मालिक उमा कमलापुरी व रविशंकर कमलापुरी से आने जाने के लिए रास्ता की मांग की। इस पर उक्त जमीन मालिको द्वारा विवाद करते हुए ग्रामीणों के साथ दबंगई करने लगे। जिससे आक्रोशित होकर ग्रामीणों ने उनकी जमकर धुनाई कर दी। ग्रामीणों द्वारा धुनाई किये जाने की सूचना मिलते ही भवनाथपुर पुलिस के सअनि रबुल अंसारी पुलिस बल के साथ घटना स्थल पहुंचे, जहां ग्रामीणों ने बताया कि ढेकुलिया आने जाने हेतु एकमात्र रास्ता है। जमीन मालिक से हमलोग 14 फीट रास्ता का मांग किया। परन्तु इनके द्वारा जबरन जेसीबी मशीन से आठ फिट पर ही नींव के लिए गढ़ा खोद दिया दिया गया तथा जबरन निर्माण कार्य भी कराया जाने लगा। ढेकुलिया स्थित कस्तूरबा विद्यालय, बाजार, अस्पताल आने जाने हेतु ग्रामीणों का एकमात्र मुख्य पथ है। मात्र आठ फीट का रास्ता होने से बड़ी वाहनों आवागमन अवरुद्ध हो जायेगा। रास्ता का विवाद सुलझने तक पदाधिकरियों ने जमीन मालिक को निर्माण कार्य बन्द करने का आदेश दिया है। जबकि महिलाओ ने खोदे गए गढे को भर दिया है।



# भाजपा के शिष्टमंडल ने बाबा साहब अंबेडकर के 132 वीं जयंती पर किया माल्यार्पण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के 132वीं जयंती के अवसर पर भाजपा झारखंड प्रदेश के कार्य समिति के सदस्य रवींद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह ने अपने दल बाल के साथ हुसैनाबाद के आंबेडकर चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवम मल्यापर्ण किया। इस मौके रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह ने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर ने अथक प्रयास करके संविधान दिया है इनके द्वारा दिए गए संविधान के नियमो का पालन करके ही हम समता मूलक और समृद्ध राष्ट्र का निर्माण कर सकते है इसलिए हम लोगो को संविधान के प्रति जागरूक करने का काम कारना होगा साथ ही संविधान के अनुरूप कार्य करना होगा , उन्होंने आगे कहा कि अंबेडकर जी अपना पूरा जीवन सामाजिक बुराई में जैसे छुआछूत जातिवाद के खिलाफ संघर्ष में लगा दिया इस दौरान बाबासाहेब गरीब दलितों और 100 सीटों के अधिकार के लिए संघर्ष करते रहे और उनका अधिकार दिलाते रहे पता पता अंबेडकर जी के समतामूलक विचारों को हमें आपके साथ करने की जरूरत है तभी जाकर समाज का सर्वांगीण विकास संभव है। बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर के प्रतिमा के समक्ष भाजपा झारखंड प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू ने ने उपस्थित सभी भाजपा के लोगो को संविधान के अनुरूप कार्य करने के लिए शपथ दिलाई इस मौके पर भाजपा के वरिष्ट नेता रामप्रवेश सिंह, भाजपा नगर संयोजक सुबोध कुमार कश्यप, सांसद प्रतिनिधि ग्रामीण अखिलेश मेहता, श्रवण कुमार अग्रवाल, राम लायक सिंह, दिलीप सिंह, रविंद्र सिंह, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता समेत कई भाजपा ने के नेता व कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।



## डॉ.भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने किया माल्यार्पण



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क के नेतृत्व में भाजपा नेताओं ने बाबा बंशीधर मन्दिर परिसर स्थित बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा उपस्थित लोगों के बीच मिठाइयां बांटी। मौके पर उपस्थित नेताओं ने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर ने संविधान के निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान दिया एवं समाज के सभी वर्गो गरीब, दलित, शोषित, वंचित, पिछड़ों को उनके हक व अधिकारों के लिये संविधान में जगह दिया। आज हम सबो को उनके जयंती के अवसर पर समाज के सभी वर्गो को एक साथ मिलकर चलने एवं देश हित में अपना योगदान देने की जरूरत है। मौके पर अनुमंडल विधायक प्रतिनिधि ओम प्रकाश गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ, सुधीर प्रजापति, लाला पासवान, संजय कसेरा, लक्ष्मण राम, अभिषेक राम, अविनाश कुमार, भरत राम, शिक्षक राजनाथ राम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# अंबेडकर जयंती पर हरिहरगंज में निकाली गई बाइक जुलूस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 132 वीं जयंती पर अंबेडकर संघर्ष समिति के द्वारा शुक्रवार को बाइक रैली निकाली गई। इस दौरान बाइक जुलूस आयोजन समिति के अध्यक्ष सह पूर्व जिप प्रतिनिधि प्रमोद कुमार रवि के नेतृत्व में सबसे पहले लोग सरसोत गांव में एकत्रित हुए। इसके बाद ढकचा, सलैया, सुल्तानी होते हुए ढाब, सेमरवार, कटैया, अररूआ मोड़, हरिहरगंज बाजार, मेन रोड सतगावां आदि जगहों का भ्रमण किया। जुलूस में सभी लोग जय भीम के नारा लगाते हुए चल रहे थे। मौके पर समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार रवि ने कहा कि बाबा साहेब के योगदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर समिति के उपाध्यक्ष इशरार आलम, सचिव अभिषेक कुमार, अशोक मेहता, कोषाध्यक्ष सुशील रवि, डाँ0 नरेंद्र प्रियदर्शी सहित सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल थे।

## कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती धूम धाम से मनाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर, पलामू :** चैनपुर प्रखंड के कोल्हुवा स्थित के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के वार्डन मैम रानी झा, लेखापाल प्रियंका कुमारी और अन्य शिक्षको ने बाबा साहब के चित्र के समक्ष वेद मंत्रोच्चार के बीच दीप प्रज्वलन एव पुष्पारचन कर किया। उनके साथ विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ शिक्षणेत्तर ने भी बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित किया और बच्चो ने भी बारी-बारी डॉ.अंबेडकर की चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। अपनी उद्बोधन में वार्डन ने कहा कि बाबा साहब ने भारतीय संविधान निर्माण में महती भूमिका निभाई, जिससे आज देश को शासन प्रशासन में सुविधा हो रही है। बाबा साहब ने अपने समय की समस्याओं एवं कुरीतियों को गहराई से अनुभव किया और अवसर मिलने पर उन्हें दूर करने का भी प्रयास किया। समाज में व्याप्त छुआ-छूत, ऊंच-नीच की भावना देश को कमजोर कर रही थी, जिसे समाप्त करने हेतु बाबा साहब ने संविधान का मार्ग अपनाकर देश को सशक्त बनाया।

# डॉ.भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर उनके अनुयायियों ने की माल्यार्पण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती के शुभ अवसर पर कोल्ह मोड़ स्थित उनके प्रतिमा पर उनके अनुयायियों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। मौके पर उपस्थित लोगों ने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर हमारे देश के संविधान निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान दिया एवं समाज के सभी वर्गो का हक व अधिकार का ख्याल रखते हुए गरीब, दलित, शोषित, वंचित, पिछड़ों को उनके हक व अधिकारों का हनन ना हो उसके लिए समतामूलक समाज का निर्माण किया। एवं उन्हें समाज में बराबरी का हक व अधिकार के लिए संविधान में जगह दिया। आज हम सबो को उनके जयंती के अवसर पर समाज के सभी वर्गो को एक साथ मिलकर चलने एवं देश हित में अपना योगदान देने की जरूरत है। मौके पर झामुमो के वरिष्ठ नेता अजय वर्मा, भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष डॉ कृष्णा राम, लालेश्वर राम, राम विचार साहू, इम्तेयाज अंसारी, उप मुखिया संजय पाल, बिंदु राम, योगेंद्र राम, सहित अन्य लोग शामिल थे।

## डीएवी स्कूल में बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के चियांकी स्थित एम.के.डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल में भारतीय संविधान के जनक बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 132 वी जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी. एन.खान ने बाबा साहब के चित्र के समक्ष वेद मंत्रोच्चार के बीच दीप प्रज्वलन एव पुष्पारचन कर किया। उनके साथ विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने भी बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने उद्बोधन में प्राचार्य जी ने कहा कि बाबा साहब ने भारतीय संविधान निर्माण में महती भूमिका निभाई, जिससे आज देश को शासन प्रशासन में सुविधा हो रही है। बाबा साहब ने अपने समय की समस्याओं एवं कुरीतियों को गहराई से अनुभव किया और अवसर मिलने पर उन्हें दूर करने का भी प्रयास किया। समाज में व्याप्त छुआ-छूत, ऊंच-नीच की भावना देश को कमजोर कर रही थी, जिसे समाप्त करने हेतु बाबा साहब ने संविधान का मार्ग अपनाकर देश को सशक्त बनाया।

# प्रशासनिक और पत्थर माफियाओं के गठजोड़ से गिराया गया गरीबो का घर : रुचिर तिवारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** नौडीहा बाजार अंचल के ग्राम कुहकूह कला में भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के द्वारा आम सभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ साथी सूर्यपत सिंह ने किया। इससे पहले भाकपा के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने सरकारी चैक डैम एवं गरीबों के गिराए गए घर का निरीक्षण किया। सूर्यपत सिंह ने कहा कि आज से पहले 1 जुलाई 1989 में आम सभा किया गया था। और जमींदारों से हदबंदी से फाजिल भूमि को छिनकर गरीबों में बांटने का काम किया और आज फिर वही पूर्व जमींदार परिवार गरीबों दलितों के जोत कोढ़ की भूमि पर माईंस लगाने का काम कर रहा है उसके इस मंसूबे को भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी कभी पूरा नहीं होने देगी। राज्य कार्यकारिणी सदस्य के डी सिंह ने कहा कि भाजपा के रघुवर सरकार की तरह ही हेमंत सरकार जल जंगल जमीन को पत्थर माफिया,भू माफिया एवं पूर्व जमींदार परिवार को गरीबों दलितों की जोत कोढ़ की जमीन को पुलिस प्रशासन से लुटवाने और कब्जा करने के लिए खुल्ला छुट दे दिया है। जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी ने कहा कि नौडीहा बाजार अंचल में पत्थर माफियाओं का प्रशासनिक गठजोड़ से गरीबों के घर मकान को उजाड़ा जा रहा है ऐसे परिस्थिति में आम जनता को आज गुंडा से ज्यादा पुलिस प्रशासन से डर लग रहा है नौडीहा बाजार थाना प्रभारी ने जिसका घर गिराया गया उस पीड़ित परिवार पर भी झूठा मुकदमा किया गया है पलामू उपायुक्त इसपर अमल करे ताकि आम जनता पर कानून का विश्वास बना रहे।आज पलामू जिला में बिहार और उत्तर प्रदेश के बाबु लोग नौडीहा बाजार में पत्थर, पहाड़, जंगल, नदी गरीबो के जमीन पर अवैध रूप से मांइस लगाकर उनको उजाड़ने में लगे हुए हैं जिसके खिलाफ आंदोलन की आवश्यकता है। गरीबों के घर पर बुलडोजर चलाने वाले पत्थर माफिया को जेल में भी भेजें पलामू आरक्षी अधीक्षक एवं पलामू उपायुक्त अवैध रूप से दिया गया मांईस को रद्द करे।



# डॉ.भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर निकली गई भव्य शोभा यात्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छत्तरपुर, (पलामू) :** नौडीहा बाजार प्रखंड में अम्बेडकर जयंती समारोह समिति के बैनर तले आज शुक्रवार को बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के 132 वी जयंती समारोह के उपलक्ष्य पर प्रखंड स्तरीय शोभा यात्रा निकली गई। भव्य शोभा यात्रा का नेतृत्व विशुनपुर पंचायत के मुखिया जितेंद्र कुमार भारती एवम बसपा नेता नितीश कुमार ने किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जीप सदस्य सुदामा पासवान व विशिष्ट अतिथि के रूप थाना प्रभारी अमन कुमार ,समिति के अध्यक्ष आलोक कुमार यादव, बीस सूत्रीय अध्यक्ष उदय पासवान,छतरपुर पाटन विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय राम, प्रखंड प्रमुख रेशम कुमारी, सरईडिह - चराई 2 पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि धन्नजय प्रसाद गुप्ता और बबन भुईयां ने बाबा साहेब के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर झांकी की हरी झंडी दिखाकर रथ का रवाना किया। साथ ही साथ मौके पर सभी मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि का माला और अंग वस्त्र दे कर सम्मानित किया गया। इस शोभा यात्रा बारा कलोनी से शुरुआत कर विशुनपुर, बारा मोड़, हरिना, नीमा, नौडीहा बाजार, रबदा, नामुदाग, तेलिया डीह, सरईडीह होते हुए, खैरादोहर भ्रमण करते हुए बलारा, झरहा डुमरी अम्बेडकर चौक के पास पंहुचा और। वहाँ पर अवस्थित बाबा साहेब के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सभा मे तब्दील कर दिया गया। इस मौके पर जीप सदस्य सुदामा पासवान, प्रमुख रेशम कुमारी के आलावा अन्य वक्ताओं ने अपना विचार रखा। समिति के अध्यक्ष आलोक कुमार यादव उपाध्यक्ष बेलाल अंसारी -संतोष ठाकुर,सचिव शत्रुध्न साव,राजद प्रखंड अध्यक्ष छतरपुर लवलेश यादव, बसपा युवा अध्यक्ष अनुज कुमार, मुख्य संरक्षक राम गोविन्द राम शिक्षक, युदागीर राम शिक्षक, भोला राम, राम प्रवेश राम शिक्षक, लल्लू राम, सहायक पुलिस अवर सुरेश पासवान, समाज सेवी अजय कुमार, पत्रकार विश्वप्रेम् कुमार, गोपाल राम शिक्षक, कृष्णा राम शिक्षक, जनेश्वर राम शिक्षक के आलावा जगदीप कुमार राम, वासुदेव राम शिक्षक, रामविनय कुमार सहित हजारों लोग मौजूद रहे।



## पंडवा झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक के खिलाफ ग्रामीणों का आक्रोश

**पंडवा (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड स्थित पंडवा बाजार प्रांगण में अवस्थित झारखंड ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक के खिलाफ प्रखंड के दर्जनों ग्रामीण ने क्षेत्रीय कार्यालय झारखंड ग्रामीण बैंक मेदनीनगर को लिखित आवेदन देकर मनमानी करने का आरोप लगाया है। आवेदन में कहा गया है कि शाखा प्रबंधक बैंक में सिर्फ मोबाइल से बात करते हैं तथा ग्राहकों का कोई काम नहीं करते हैं। विद्यालय के छात्रों को पैसा निकासी लिंक फेल होने की सूचना देकर नहीं करते हैं। ग्राहकों के साथ दबंगता से पेश आते हैं। इनके व्यवहार से क्षेत्र के किसान, व्यवसायी, छात्र, शिक्षक सभी परेशान हैं। आवेदन कर्ताओं ने क्षेत्रीय प्रबंधक झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक मेदनीनगर से आग्रह किया है कि इन्हें पड़वा झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के मैनेजर पद से जल्द हटायें अन्यथा बाध्य होकर बैंक में तालाबंदी करने को मजबूर होंगे। आवेदन देने वाले में मुख्य रूप से सत्येंद्र कुमार ठाकुर, भोला चरण मेहता, गोविंद कुमार, कपिलदेव महतो ,संजय कुमार पांडे, काशीनाथ मेहता, शत्रुघ्न तमोली, कन्हाई साव, राम गति राम, गुड्डू कुमार मेहता, धर्मेंद्र कुमार, अजय मेहता, अनीता देवी, बबीता देवी, संध्या देवी, दिलीप राम, प्रभा देवी, राजेश राम, सुनील कुमार दुबे सहित दर्जनों लोग शामिल हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### उपेंद्र कुमार नेट की परीक्षा में हुए उत्तीर्ण, लोगों ने दी बधाई

**रांची।** रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड पुराबडीह निवासी स्व भंडू महतो के तृतीय सुपुत्र उपेंद्र कुमार ने यूजीसी नेट की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर अपने परिवार और लाइव 7 टीवी का मान बढ़ाया है । उन्होंने बताया की कड़ी मेहनत और पत्नी काजल कुमारी एवं संपादक अनुराग ठाकुर के सहयोग और दिशा निर्देश में 3 बार नेट की परीक्षा में शामिल होने के बाद सफलता मिली।हम सभी का आभारी हैं । उनकी इस सफलता पर परिवारजनों एवं मित्र गणों सहित सा कर्मियों ने बधाई दिया। मुख्य रूप से लाइव सेवन टीवी के संपादक अनुराग ठाकुर, राहुल कुमार, प्रतीक सिंह, विशाल भारद्वाज, अमिता कुमारी, आयुष कुमार,सुष्मिता राज, दुर्गा झा,मिथलेश जी, सुभाष महापात्र,अर्जुन कुमार,सुशील उरांव, युगल किशोर, सेराज आलम इत्यादि ने बधाई देकर उज्वल भविष्य की कामना किया।

### सामाजिक समरसता के राष्ट्रवादी चिंतक बाबा साहब अंबेडकर दीपक प्रकाश

**रांची :** झारखंड प्रदेश भाजपा ने शुक्रवार को बूथ स्तर पर बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की जयंती को सामाजिक समरसता एवं न्याय दिवस के रूप में मनाया। सभी स्थानों पर बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व और कृतित्व की चर्चा की गई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि युगों-युगों के बाद धरती पर ऐसे महामानव का जन्म होता है। विषम परिस्थितियों से लड़ते हुए इतिहास रचने वाला व्यक्तित्व ही राष्ट्र और समाज के लिए आदर्श बनता है, लोगों की प्रेरणा बनता है। उन्होंने कहा कि डॉ आंबेडकर ने अपने राष्ट्रवादी चिंतन से सामाजिक समरसता के लिए देश को एक नई दिशा दी। वे समाज विशेष के लिए ही नहीं बल्कि भारत के प्रत्येक नागरिक के लिए प्रेरणापुंज हैं।

# ईडी ने सात को किया गिरफ्तार, जेल



छाया : नसीम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बरियातू स्थित सेना की जमीन घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) ने सीआई सहित सात लोगों को गिरफ्तार करने के बाद शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा के समक्ष पेश किए जाने के बाद सभी आरोपितों को न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया गया।

ईडी ने गुरुवार को देर रात कार्रवाई करते हुए सभी को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार लोगों में कारोबारी प्रदीप बागची,बड़गाई सीआई भानु प्रताप, अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम शामिल है। इन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच कोर्ट के समक्ष पेश किया गया।

इस दौरान आरोपितों के घर वाले और बचाव पक्ष के अधिवक्ता भी मौजूद रहे। ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव प्रसाद उर्फ काका मौजूद थे। अंबेडकर जयंती होने के कारण अवकाश होने की वजह से आरोपितों को जज कॉलोनी स्थित आवासीय कार्यालय में पेश किया गया था।

### इंजीनियर वीरेंद्र राम के रिश्तेदार आलोक रंजन को भेजा गया जेल

**रांची।** जेल में बंद पूर्व चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के रिश्तेदार आलोक रंजन से पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। ईडी ने कोर्ट के आदेश के बाद आलोक रंजन से एक दिन पूछताछ की। इस पूछताछ में आलोक रंजन ने कई अहम खुलासे किये हैं। शुक्रवार सुबह ईडी की टीम उसे लेकर पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके मिश्रा के समक्ष पहुंची, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में होटवार स्थित बिरसा मुंडा कारागार भेज दिया गया।



इससे पहले ईडी ने उसका मेडिकल कराया। ईडी ने गत मंगलवार देर शाम उसे गिरफ्तार किया था। इससे पहले ईडी ने बीते 22 फरवरी को आय से अधिक संपत्ति के मामले में इंजीनियर वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था।

# यदि केस चला तो कई लोग नहीं लड़ सकेंगे विस व लोस का चुनाव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** धुर्वा थाना के पुलिस अवर निरीक्षक अनुषेक कुमार के हस्ताक्षर युक्त आदेश निकाले जाने पर भाजपा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश को 22 अप्रैल 2023 को पूछताछ के लिए धुर्वा थाना में दिन के 11 बजे हाजिर होने का निर्देश जारी किया गया है। ज्ञातव्य हो कि भाजपा के करीब 41 नेताओं, विधायक, सांसदों को नोटिस दिया है और हाजिर होने का आदेश जारी किया है। इससे पहले मंगलवार देर रात कार्यपालक दंडाधिकारी उपेंद्र कुमार के बयान पर तीन पूर्व मुख्यमंत्री, 5 सांसद समेत 41 लोगों पर धुर्वा थाना में केस दर्ज किया गया है। जिसका कांड संख्या 107/2023 है। इस मामले में अज्ञात हजारों कार्यकर्ताओं को आरोपी बनाया गया है। सभी आरोपियों पर उपद्रव करने, दंगा भड़काने, सरकार के निर्देशों का उल्लंघन करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने, अपराध के लिए उकसाने और दूसरे व्यक्ति को नुकसान पहुंचाने से संबंधित धाराएं



लगाई गई है।

**इन सभी पर मामला दर्ज :** धुर्वा थाना में जिन भाजपा नेताओं पर मामला दर्ज किया गया है, उसमें रांची सांसद संजय सेठ, सांसद निशिकांत दुबे, सांसद समीर उरांव, सांसद सुनील कुमार सिंह, सांसद अर्जुन मुंडा, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, विधायक अमित मंडल, विधायक बाबूलाल मरांडी, विधायक विरंची नारायण सिंह, पांकी के श्यामनंदन ओझा, शत्रुघ्न सिंह और आरती कुजूर का नाम शामिल है। इनके अलावा जमशेदपुर के प्रदीप मुखर्जी, अनीता सोरेन, मुनचुन राय, उमेश यादव, वीरेंद्र यादव, ललित ओझा, केके गुप्ता, कुलवंत सिंह बिंटी, अशोक कुमार, रमेश सिंह, रमेश नाथ तिवारी, संजीव कुमार सिंह, ब्रजकांत केसरी, गुजन यादव, अमित कुमार, विकास कुमार पांडेय, दिलीप कुमार सिंह, कुमकुम देवी, कामेश्वर सिंह, अमित भैया उर्फ अमित कुमार, कमलेश राम, नीलम चौधरी, साधु मांझी, विमल मरांडी, आनंद यादव, त्रिलोचन कुमार पासवान, संजू पांडेय, अमर नाथ कुमार सिंह और दीपक बड़ाईक पर भी मामला दर्ज किया गया है। बता दें कि 11 अप्रैल 2023 को हेमंत सोरेन हटाओ झारखंड बचाओ सचिवालय घेराव को लेकर प्रदर्शन किया गया था, जिसमें कई भाजपा कार्यकर्ताओं पर पुलिस पर ही पत्थर और बोतलें फेंक कर मारने का आरोप लगा था, वीडियो भी वायरल हुए थे। इस सभी प्रदर्शनकारियों पर जो धाराएं लगाई गई है विशेषज्ञों की मानें तो यदि वह धाराएं पर केस चली तो कई नेताओं को चुनाव लड़ने पर रोक लग सकती है , जैसा कि पूर्व में सिल्ली विधायक रहे अमित महतो, रामगढ़ विधायक रही ममता देवी,मांडर विधायक बंधु तिर्की आदि शामिल हैं।

# रमजान के चौथे जुमा पर दावत ए इफ्तार का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कांटाटोली इदरीश कॉलोनी के इस्लामिया मिल्लत पंचायत के द्वारा दावत ए इफ्तार का आयोजन किया गया। इस आयोजन की अध्यक्षता इस्लामिया मिल्लत पंचायत के अध्यक्ष हाजी मिनहाज ने की । इस मौके पर पंचायत के उपाध्यक्ष मोहम्मद इश्तियाक अहमद गब्बर ,सचिव कयामुद्दीन, उप सचिव मोहम्मद रहीस, कोषाध्यक्ष मोहम्मद महताब सहित पंचायत के कई सदस्यगण उपस्थित थे। वहीं इस मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर हाफिज कैसर, मौलाना अब्दुल रहमान , झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के अध्यक्ष मुजीब कुरैशी, मौलाना अबुल सलाम, आवेश कुरेशी मुन्ना, राउफ अंसारी, मो शहाबुद्दीन, मोहम्मद जाकिर , सद्दाम कुरेशी, अजहरउद्दीन कुरेशी, साजिद , हाजी आफताब, हारुन, अंबर सहित कई लोग उपस्थित हुए। इफ्तार का बाद राज्य की खुशहाली और भाईचारे के लिए दुआ मांगी गई।

# जगुआर एसटीएफ में इफ्तार पार्टी का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखण्ड जगुआर एसटीएफ परिसर में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया । इस आयोजन के मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस महानिरीक्षक झारखण्ड जगुआर होमकर अमोल विनुकांत, विशिष्ठ अतिथि के रूप में ग्रामीण एसपी नौशाद आलम, सम्मानित अतिथियों में एसपी जे.जे शैलेंद्र वर्णवाल, एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग, संजय मुकुल किस्पोटा, कर्नल जे.के सिंह, कर्नल खान एवम आमंत्रित अतिथियों में मुख्य रूप से डीएसपी ज्ञान रंजन, डीएसपी शमशाद अली शम्शी, एसी चंदन कुमार, पुलिस महाएसोसिएशन से महताब आलम



एवम झारखंड जगुआर पुलिस एसोसिएसन के सभी सदस्यों के अलावे झारखण्ड जगुआर के सभी स्तर के पुलिस पदाधिकारी एवम कर्मी शामिल हुए। इस कार्यक्रम का संचालन मुख्य रूप से पुलिस उपाधीक्षक कौशर अली, झारखण्ड जगुआर एवम उनके टीम मेंबर मो. वसीम एवम अन्य के द्वारा किया गया। सभी ने एसटीएफ की उन्नती ,झारखंड में आपसी भाईचारा, सौहार्दपूर्ण वातावरण सुख शांति और स्वास्थ्य रहकर कार्यो के संपादन की दुआएँ की गई।

# बाबा साहेब भीमराव की 132वीं जयंती मनाई गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** :आज भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर साहब सामाजिक समानता का प्रेरणास्त्रोत जिनका 132 वां जन्मदिन झारखंड प्रदेश ओबीसी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिलाष साहू के नेतृत्व में रांची के संत मिकाइल ब्लाइंड स्कूल में जन्मदिन उत्सव ब्लाइंड बच्चों के गरिमा में उपस्थिति में केक काटकर मनाया गया ब्लाइंड बच्चों के बीच केक और नाश्ता बांटा गया अभिलाष साहू के ओर से स्कूल को बच्चों के भविष्य के लिए आर्थिक सहयोग के साथ-साथ खाने पीने का कच्चा सामग्री दिया। इस कार्यक्रम में ओबीसी के संचालन परवेज आलम कार्यालय प्रभारी राजेश चंद्रा राजू वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुनील सिंह महानगर ओबीसी अध्यक्ष सुमित कुमार साहू जिला अध्यक्ष प्रदीप कुमार साहू मनोहर साहू गीता देवी संगीता देवी रीता कुमारी राजेश वर्मा टिंकू वर्मा चिंटू चौरसिया एवं ओबीसी विभाग के दर्जनों साथी कार्यक्रम में उपस्थित हुए। छुआछूत की परंपरा खत्म हुई समानता का अधिकार सभी देशवासियों को मिला दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक देश भारत को सबसे बड़ा संविधान देकर दुनिया का सबसे शक्तिशाली शांतिप्रिय देश का निर्माण करने में बाबा भीमराव साहब अंबेडकर की संविधान लगातार भारत को मजबूती प्रदान कर रहा है ।

# अम्बेडकर को किसी जाति से बांधना उनका अपमान होगा : पांडेय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में भारत के संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ.भीम राव अम्बेडकर की जन्म जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, कांग्रेस भवन, रांची में हुआ। इस अवसर पर अखिल भारतीय कॉंग्रेस कमिटी के महासचिव सह झारखंड कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश कॉंग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय , पूर्व मंत्री केशव महतो कमलेश, प्रदेश महासचिव मदन मोहन शर्मा ,अमूल्य नीरज खलखो, प्रदेश कॉंग्रेस प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद, राकेश सिन्हा, सोशल मीडिया स्टेट को-ऑर्डिनेटर गजेन्द्र सिंह, अग्रणी मोर्चा संगठन एवं विभाग प्रभारी रविंद्र सिंह, अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान, रांची महानगर एवं रांची जिला अध्यक्ष डॉ कुमार राजा एवं डॉ राकेश किरण महतो सहित कांग्रेसजनों ने बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेड़कर को याद करते हुए उनके तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि हमारे प्रेरणास्रोत, संविधान निर्माता डॉ0 बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर हम उनके अतुलनीय योगदान को श्रद्धासुमन अर्पित करते है। उन्होंने कहा की डॉ. आम्बेडकर का जीवन सदियों से शोषित मानव के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक उत्थान के लिए समर्पित था। प्रदेश कॉंग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि बाबा साहब भारत के आर्थिक एवं सामाजिक परिवर्तन के प्रति दृढ़ व प्रतिबद्ध थे उनका मानना था की व्यक्ति सुरक्षित और समृद्ध नहीं होगा, तब तक किसी समाज और देश का विकास नहीं हो सकता। पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर न्यायविद, अर्थशास्त्री, राजनेता और समाज सुधारक के नाम से जाने जाते है। बाबा साहब पारंपरिक पेशों को छोड़कर अन्य सम्मान जनक कार्यों को करने के लिए अपने समाज के लोगों को प्रेरित किया।

# अश्लीलता पर रोक जरुरी : सांसद संजय सेठ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सांसद संजय सेठ में नई दिल्ली में केंद्रीय सूचना प्रसारण खेलकूद एवं युवा मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर से मुलाकात की। इस मुलाकात के क्रम में सांसद उन्हें सांसद सांस्कृतिक महोत्सव में आने का आमंत्रण दिया। रांची सहित झारखंड के विभिन्न बिंदुओं से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। केंद्रीय मंत्री को दिए गए ज्ञापन में सांसद ने डीडी झारखंड, खेल गांव सहित पत्रकारों के कल्याण पर भी चर्चा की।अपने ज्ञापन में सांसद ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि रांची में स्थित खेलगांव एशिया महादेश का सबसे बड़ा स्पोर्ट्स कंपलेक्स है। परंतु इसका पूरी तरह सदुपयोग नहीं हो पा रहा है। यहां पर केंद्रीय खेल विश्वविद्यालय खोलने की योजना पर काम करना चाहिए। इसके साथ ही राष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण शिविर यहां आयोजित होना चाहिए। इससे देशभर के खिलाड़ी एक दूसरे से जुड़ सकेंगे। सांसद ने ज्ञापन के माध्यम से आग्रह किया कि आजादी के अमृत काल में झारखंड दूरदर्शन के द्वारा राज्य के स्वतंत्रता सेनानियों, वीर बलिदानीयों सहित सामाजिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले व्यक्तित्व के जीवन की पटकथा का प्रसारण क्षेत्रीय भाषाओं में होना चाहिए। ताकि लोग अपने राज्य की महान विभूतियों के वीर गाथाओं से अवगत हो सकें। सेठ ने मंत्री से कहा कि रांची दूरदर्शन पर 24 घंटे का प्रसारण आरंभ हो चुका है। 24 घंटे प्रसारित इस चैनल की उपलब्धता डीटीएच, टाटा स्काई, एयरटेल टीवी जैसे प्लेटफार्म पर नहीं है। इस वजह से लोग चाह कर भी यहां की खबरें अन्य क्षेत्रों में देखने से वंचित रह जाते हैं। इस दिशा में भी काम करने की आवश्यकता है। वहीं झारखंड सहित देशभर में बड़ी संख्या में यूट्यूब चैनल चल रहे हैं, जो खबरों का प्रसारण करते हैं। ग्राउंड लेवल पर उनके पास कई बार बेहतर समाचार होते हैं, इनके प्रसारण को मान्यता मिल सके। इस दिशा में शीघ्रता से काम करने की आवश्यकता है। एक नियमावली बनाकर ऐसे यूट्यूब चैनलों को मान्यता देने, उनका निबंधन कराने की दिशा में कार्य करना चाहिए।

# अबेंडकर जयंती संविधान बचाओ एवं भाजपा हटाओ दिवस के रूप में मनाया गया : भाकपा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाकपा के प्रदेश कार्यालय में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 132 वी जयंती संविधान बचाओ एवम भाजपा हटाओ दिवस के रूप में मनाई गई। इस मौके पर कार्यालय सचिव सह जिला मंत्री अजय सिंह ने बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि देकर श्रद्धांजलि अर्पित किया । साथ ही साथ सभी कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया । कार्यक्रम के शुरुआत संविधान के प्रस्तावना के पाठ से किया गया। उसके बाद गोष्ठी को संबोधित करते हुए अजय सिंह ने कहा की बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के विचारों को अपनाकर ही भारत को विकास रास्ते पर आगे बढ़ाया जा सकता है । बाबा साहब स्वतंत्रता समानता और बंधुत्व को देश की एकता और विकास के लिए सबसे जरूरी मानते थे। उन्होंने जो संविधान देश को दिया है । उस पर खतरा उपस्थित हो गया है । संविधान की मूल आत्मा को भाग देने की कोशिश मौजूदा सत्तारूढ़ दल के लोग कर रहे हैं ।

### राजद और जदयू ने मनायी आंबेडकर की जयंती

**रांची :** राजद, जदयू और भाकपा कार्यालयों में नेताओं ने शुक्रवार को बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर की 132 वीं जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। मौके पर राजद प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने कहा कि बाबा साहब भीमराव ने छुआछूत के विरुद्ध संघर्ष किया और इसके जरिए वे निम्न जाति वालों को छुआछूत की प्रथा से मुक्ती दिलायी । जदयू के प्रदेश महासचिव श्रवण कुमार ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर विधिवेत्ता, राजनीतिज्ञ एवं समाज सुधारक थे।

# बैंक ऑफ इंडिया ने आयोजित किया रक्तदान शिविर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बैंक ऑफ इंडिया राँची अंचल द्वारा भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आर अंबेडकर की 132वीं जयंती मनाई गई। आंचलिक प्रबंधक संजीव कुमार सिंह, अखिल भारतीय बैंक ऑफ इंडिया एससी/एसटी/ओबीसी एम्पलॉइज एसोसिएशन झारखंड राज्य इकाई के महासचिव श्री अरुण जॉन प्रबाल, सहायक महाप्रबंधक सुनीत कुमार, उपाध्यक्ष श्री प्रकाश उरांव, उप महासचिव मनीष नारायण, सहायक महासचिव भरत लाल ठाकुर और उपस्थित सभी स्टाफ सदस्यों द्वारा श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया गया।आंचलिक प्रबंधक संजीव कुमार सिंह ने बाबा साहब डॉ



बी आर अंबेडकर के संघर्षों को याद करते हुए कहा कि बाबा साहब के विचार आज भी प्रासंगिक है और आने वाले कई हजार वर्षो तक प्रासंगिक रहेंगे। अखिल भारतीय बैंक ऑफ इंडिया एससी/ एसटी/ ओबीसी एम्पलॉइज एसोसिएशन झारखंड के महासचिव अरुण जॉन प्रबाल ने कहा कि इस खास अवसर पर राँची अंचल द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन राजेश यादव, प्रबंधक, राजभाषा और धन्यवाद ज्ञापन सुनीत कुमार, महाप्रबंधक, राँची मुख्य शाखा द्वारा किया गया। इसके बाद अखिल भारतीय बैंक ऑफ इंडिया एससी/एसटी/ओबीसी एम्पलॉइज एसोसिएशन झारखंड राज्य इकाई राँची अंचल द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बैंक के स्टाफ सदस्य और उनके परिवारजन समेत कुल 93 लोगों ने रक्तदान किया। मौके पर मनीष कुमार, हरीश सिंह, मो. अली हसन, नम्रता जेम्स, शैलेंद्र सिंह, झरना कोंगारी, रोहित कुमार, रंजन जैसवाल इत्यादि उपस्थित थे।

# सचिवालय घेराव कार्यक्रम में घायल हुए कई पुलिसकर्मी : इरफान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जामताड़ा विधायक डॉक्टर इरफान अंसारी ने कहा कि तीन दिनों पहले भाजपा ने सचिवालय का घेराव किया,जिसमें पुलिस वालों पर पथराव किया गया।जिससे कई पुलिसवाले घायल हो गए और कई पुलिसवालों की हालत गंभीर बताई जा रही है। वे मौत से जूझ रहे हैं। मौके पर कई पदाधिकारी एवं मीडिया वादों को भी गंभीर चोटें आई जो इस समय अस्पताल में भर्ती हैं। घटना के वक्त पुलिस मार खाती रही और अपने बचाव में सिर्फ पानी का बौछार करती रही। पुलिस वालों ने अपने बचाव में गोलियां क्यों नहीं चलाई। यह बात समझ से परे है। आगे विधायक ने कहा की आप लोगों को याद होगा की पिछले वर्ष भाजपा नेता नूपुर शर्मा द्वारा इस्लाम धर्म पर अमर्यादित टिप्पणी की थी जिसके विरोध में पूरे देश में जुलूस निकाला गया। इसी कड़ी में रांची में भी नूपुर शर्मा के खिलाफ अल्पसंख्यक समाज द्वारा जुलूस निकाला गया। उस वक्त पुलिस वाले ने जुलूस द्वारा पत्थरबाजी करने का आरोप लगाते



हुए अपने बचाव में पुलिस फायरिंग की जिससे हमारे दो बेगुनाह अल्पसंख्यक बच्चे मौके पर ही शहीद हो गए। आखिर मैं यही जानना चाहता हूं की एक तरफ पुलिस अपने बचाव में बेगुनाहों पर गोलियां चला देती है, तो दूसरी तरफ भाजपा द्वारा पथराव करने पर पुलिस द्वारा सिर्फ पानी की बौछार की जाती है और सिर्फ पुलिस केस कर छोड़ दिया जाता है जो समझ से बिल्कुल परे है।

ऐसी परिस्थिति में मैं माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अभिलंब भाजपा नेताओं पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग करता हूं।

# बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 132 वी जयंती मनाई गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता सह ,झारखंड फुटपाथ दुकानदार संघ के द्वारा अल्बर्ट एक्का चौक पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 132 वी जयंती मनाई गई । मौके पर फुटपाथ दुकानदार संघ के अध्यक्ष झामुमो नेता जितेंद्र गुप्ता ने कहा बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जीवनी से हम लोगों को प्रेरणा मिलती है। उनके द्वारा लिखा हुआ जो संविधान है इस देश को मिला है, उसमें सामाजिक न्याय का वर्णन है। उसका पालन हम लोगों को करना होगा। कुछ लोग संविधान को तोड़ मरोड़ की पेश करने की कोशिश करते रहते हैं, जो यह सही नहीं है। उन्होंने कहा कि आज भी दूरदराज के क्षेत्रों में छुआछूत की भावना फैली हुई है,




जिसे खत्म करने की जरूरत है। इस कार्यक्रम में संघ के अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, कार्यकारिणी अध्यक्ष अजीत , कोषाध्यक्ष अजय सिंह, नागेंद्र चौधरी ,अजय कुमार ,मोहम्मद इम्तियाज, मोहम्मद फैयाज अन्य लोग मौजूद रहे।

## बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की मनाई गई जयंती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** आज खूंटी में असंगठित कामगार मोटीया मजदूर किसान संघ के द्वारा बाबा भीमराव अंबेडकर जयंती उत्सव के रूप में मनाया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि डालस के सचिव मनोरंजन कुमार उपस्थित हुए उन्होंने बाबा भीमराव अंबेडकर पर प्रकाश डालते हुए कानून का जानकारी मजदूरों के बीच रखा उन्होंने कहा कानून को अपने हाथो ना लेकर न्याय का सहारा लेना चाहिए अध्यक्षता कर रहे संघ के अध्यक्ष सयूम अंसारी ने कहा बाबा भीमराव अंबेडकर का आज 134 वां जयंती पर प्रकाश डालते हुए कहां बाबा साहब बहुत गरीब परिवार से आते थे उन्होंने पढ़ लिख कर भारत के लिए कानून बनाया इस कानून से हम और आप और सरकार सभी लोग चल रहे हैं उन्होंने कहा मजदूर अपने लेबर कार्ड श्रम कार्ड और लाभुक फॉर्म जरूर भरे ताकि सरकार का योजनाओं का भरपूर लाभ मजदूरों को मिल सके संघ के अध्यक्ष सयूम अंसारी ने कहा मजदूर अपना हक और अधिकार के लिए सजग रहें सरकार द्वारा दिया जा रहा आपके हितकारी योजना का लाभ लें । मौके पर संरक्षक गोपाल भगत मजदूर मुरहू प्रखंड अध्यक्ष बबलू नायक मजदूर नेता धर्मेंद्र मांझी कर्रा प्रखंड अध्यक्ष मंसूर आलम गोपाल महतो पवन महतो आदि नेताओं ने सभा को संबोधित किया मौके पर कुलदीप महतो बजरंग महतो विनोद महतो सुनीता देवी गागी देवी निकदिन हेमरोम खुददिया मुंडा विनोद कुमार भगत बिरसा मुंडा सुनील नायक राजेश्वर महतो शांति देवी सुनीता देवी आदि सैकड़ों मजदूर किसान उपस्थित थे



## युवा कांग्रेस की टीम ने बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई

**प्रभात मंत्र संवादाता**

**खूंटी :** जिला यूथ कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष अरुण संगा के नेतृत्व में हुटार के कपरिया ग्राम में युवा कांग्रेस की टीम बाबा भीमराव अंबेडकर की 132 वां जयंती हर्षोल्लास से युवा कार्यकर्ता के बीच लड्डू बांटकर मनाया। मौके में अरुण संगा ने कहा के बाबा भीमराव अंबेडकर ने संविधान को लिखकर जिस प्रकार हर वर्ग के लोगों की सहायता की है उस आदर्श को युवा कांग्रेस की टीम आगे बढ़ाएगी और संविधान की रक्षा करेगी। और जिस प्रकार मोदी सरकार संविधान की दरकिनार करके उसके विरुद्ध कार्य जो कर रही है उसकी युवा कांग्रेस की टीम और कांग्रेस पार्टी पुरजोर विरोध करती है। मौके में खूंटी प्रखंड अध्यक्ष अनमोल धान, बहा मुंडा, एंजिला हंस, दशरथ, राजू, निर्मल, बहलेन, निकोदीन, आदि दर्जनों युवा कार्यकर्ता मौजूद थे।



## बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर की 132वीं जयंती मनाई गई



**राँची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** यूको बैंक एससी /एसटी एवं ओबीसी इम्प्लाइज काउंसिल, झारखंड इकाई द्वारा बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर की 132 वीं जयंती दिनांक 14-04-2023 को बहु बाजार स्थित समाज के नेत्रहीन बच्चे को समर्पित संस्था सैंट माइकल नेत्रहीन स्कूल के बच्चों के साथ मनाया गया। काउंसिल द्वारा संस्था को सूखा राशन प्रदान किया गया और वृक्षारोपण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप अंचल प्रमुख श्री संजय सिन्हा, काउंसिल के राज्य अध्यक्ष श्री परमेश्वर जेरई, राज्य सचिव श्री दीपेन आनंद टोप्पो एवं काउंसिल के स्टाफ सदस्य एवं सैंट माइकल नेत्रहीन स्कूल की प्रिन्सिपल सरिता तलाना एवं प्रदीप टूटी मौजूद थे।

## ज्ञान दिवसके रूप में मनाई गई बाबा साहेब की जयंती

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर, मुरहू में भारतीय संविधान के निर्माता तथा ज्ञान के प्रतीक डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती को ÷ज्ञान दिवस ÷के रूप में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उनके चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर की गई। मौके पर संस्थान के निदेशक सकलदीप भगत ने छात्र छात्राओं को अपने संबोधन में कहा बाबासाहेब एक लोकप्रिय समाज सुधारक, अर्थशास्त्री व राजनीतिज्ञ तथा संविधान निर्माता थे। एक दलित परिवार में जन्म लेने के कारण उनको समाज तथा स्कूल में छुआछूत का सामना करना पड़ा उसके बावजूद अपनी पढ़ाई के दम पर उनके पास 32 डिग्रियां थी साथ ही वे 9 भाषाओं के ज्ञाता थे। मरणोपरांत उन्हें भारत रत्न से भी सम्मानित किया गया। सभी छात्र छात्राओं को उनके जीवन को आत्मसात करके सभी समस्याओं को दरकिनार करते हुए बेहतर शिक्षा ग्रहण कर देश का नाम रोशन करना चाहिए। शोषित और वंचितों के उत्थान और समरस समाज के निर्माण हेतु उनका योगदान हम सभी के लिए प्रेरणादायक है।। मौके पर सभी शिक्षक शिक्षिकाएं और विद्यार्थी मौजूद थे।

## ईरबा में मनाया गया डॉ. भीम राव अम्बेडकर जयंती

**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शुक्रवार को ओरमांझी के पंचायत सचिवालय इरबा में बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर जयंती मनाया गया। इस कार्यक्रम में बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। साथ ही पूर्व उप मुखिया औरंगजेब आलम ने कहा कि डॉ भीमराव अम्बेडकर एवं देश के महान विभूतियों के द्वारा बनाए गए संविधान का संकल्पित भाव से पालन करते हुए देश को आगे बढ़ाने की जरूरत है। आज देश में कतिपय शक्तियां संविधान विरोधी कार्यो को बढ़ावा देने में लगी हुई हैं। उनके मंसूबों को कभी सफल नहीं होने देना है। डॉ भीमराव अंबेडकर के लिए यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर मुख्य रूप से राजेंद्र उरांव, मो तबारक हुसैन, रजबुल अंसारी, जावेद आलम, इमामुल अंसारी, आजाद अंसारी उपस्थित थे।

## बाबा साहेब की जयंती धूमधाम से मनाई गई

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** संविधान निर्माता डॉक्टर बी आर अंबेडकर कि जयंती नामकुम में झारखंड प्रदेश भीमसेना के द्वारा धूम धाम से मनाई गई। कार्यक्रम कि शुरुआत बाबा साहेब की फोटो पर पुष्प अर्पित, माला पहनाकर एवम केक काटकर किया गया। इस शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि राजेश कच्छप, विशिष्ट अतिथि पवन जेडिया नेता जे एम एम, मंटू ,दिनेश प्रमाणिक इत्यादि। मुख्य अतिथि ने कहा कि आज हम लोगों को संकल्प लेने का दिन हैं, द्वड्डुठ्ठ सम्मान, आजादी बाबा साहेब की देंन हैं।इस कार्यक्रम को सफ़ल बनाने में अशोक राम, चमन रजक, सुरेंद्र राम, ललन राम, अर्जुन राम, योगेंद्र राम, भोला राम इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से सैक्डो द्यश्रद्द उपस्थित थे।

## संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनायी गयी

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरस्वती विद्या मंदिर, करकट्टा खलारी में संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनायी गयी. कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के माननीय प्रधानाचार्य शालिग्राम सिंह ने उनके चित्र पर पुष्पार्चन कर किया.कार्यक्रम में आचार्य संजीव कुमार सिंह ने %संगठन गढ़े चलो सुपंथ पर बढ़े चलो % गीत गाकर वातावरण को अहलादित कर दिया. आचार्य गोविन्द चौहान जी ने बताया कि बाबा अम्बेडकर के पास 32 डिग्रीयाँ थी तथा 9 भाषाओं के ज्ञाता थे. आचार्य चंद्रभूषण सिंह जी ने भी बाबा अम्बेडकर की जीवनी पर प्रकाश डाला. कार्यक्रम के अंत विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री शालिग्राम सिंह जी ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए भैया -बहनों को बाबा अम्बेडकर के जीवन सिद्धांतों पर चलने के लिए प्रेरित किया.कार्यक्रम में विद्यालय के भैया - बहन मानसी शर्मा, शिफा फलक, मनीता कुमारी, ज्योति कुमारी, सोनम कुमारी, सुनीता कुमारी, रमण राज, विवेक कुमार, निकिता कुमारी, रोशनी कुमारी, सोनू कुमार, निशांत कुमार आदि ने बढ़ चढ़कर भाग लिये. मौके पर पुरुषोत्तम कुमार सिंह, गौरी शंकर कामिला, श्रीकांत शर्मा, दिलीप कुमार शर्मा, सियाराम सिंह, डॉ. रजनीकांत पाठक, संध्या सिन्हा, पूनम पाठक, नूतन सिंह, प्रीति तिर्की एवम विद्यालय के भैया बहन उपस्थित थे.

## बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

**प्रभात मंत्र संवादाता**

**ओरमांझी :** संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती पर बूटी मोड़ स्थित आशीर्वाद बैंकट हॉल में उनकी चित्र पर कांग्रेस नेताओं ने माल्यार्पण किया। आप श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस पार्टी शिक्षा विभाग के वरिष्ठ नेता डॉ बिरसा उरांव ने किया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस पार्टी शिक्षा विभाग के प्रदेश अध्यक्ष श्याम नारायण सिंह ने कहा कि डॉ भीमराव अम्बेडकर एवं देश के महान विभूतियों के द्वारा बनाए गए संविधान का संकल्पित भाव से पालन करते हुए देश को आगे बढ़ाने की जरूरत है। आज देश में कतिपय शक्तियां संविधान विरोधी कार्यों को बढ़ावा देने में लगी हुई हैं। उनके मंसूबों को कभी सफल नहीं होने देना है। डॉ भीमराव अंबेडकर के लिए यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। वहीं विशिष्ट अतिथि कौशल किशोर ने कहा कि आपसी एकता और सद्भाव से ही देश आगे बढ़ सकता है। डॉ आंबेडकर जी के इस संदेश को अक्षरसह पालन करना चाहिए, अपने अध्यक्षीय भाषण में डॉ बिरसा उरांव ने डॉ भीमराव अंबेडकर को दलितों आदिवासियों एवं पिछड़ों का मसीहा बताया और उन्होंने कहा कि भारत के संविधान में 5वीं एवं 6ठी अनुसूचि मे शामिल कर आदिवासियों को सुरक्षा कवच प्रदान किया। मौके पर मुख्य रूप से किस्टो मनी तिर्की, बसंती कुजूर, मुन्नी पाहन, जयनाथ कश्यप, महेंद्र मुंडा, मनोज उरांव, कैप्टन टी.के त्रिपाठी, बनवारी प्रसाद, के.के सिंह, डॉ हीरा लाल, डॉ उमाकांत यादव, दिसी प्रसाद आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।



## झामुमो ने मैक्लुस्कीगंज में अम्बेडकर की 132 जयंती सह सरहुल उत्सव समारोह पूर्वक मनाया

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मैकलुस्कीगंज के विकास नगर बुध बाजार परिसर में भारत रत्न डाक्टर भीमराव अम्बेडकर की 132 जयंती सह सरहुल उत्सव समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खलारी झामुमो मंडल अध्यक्ष अनिल पासवान ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा बाबा साहेब की चित्र पर पुष्प अर्पित व माल्यार्पण कर किया, व उनके बताए मार्गों पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान उपस्थित अतिथियों ने लोगों को सरहुल की बधाई दी व महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण किया गया । कार्यक्रम का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन जैनुल खान ने किया। मौके कांके प्रभारी जनक नायक, पूर्व जिला उपाध्यक्ष नंदू मेहता, मुकेश यादव,कलमतिया गंझू राजकुमार गंझू, चितरंजन गगन,राजेश प्रसाद, दिलीप यादव, बिजय मुन्डा, सुभाष प्रजापति, सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। उधर नावाडीह में भी रैविमो के शिवनारायण लोहरा की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित कर बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर के तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। मौके पर रोहित कुमार, भरत महतो, राधेश्याम प्रसाद, मिथुन गंझू, रामधारी गंझू,बिरजू प्रसाद, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



## वन विभाग के कर्मीयों ने लकड़ी से लदे एक ट्रक को किया बरामद

**प्रभात मंत्र संवादाता**

**बेड़ो :** वन क्षेत्र के बेड़ो लोहरदगा सड़क पर कराँजी गांव के समिप शुक्रवार को वन क्षेत्र पदाधिकारी संजय कुमार के नेतृत्व में साल पेड़ के लकड़ी से लदे एक ट्रक को जप्त किया गया। गुप्त सूचना के अनुसार एक ट्रैक (काला तिरपाल ढका हुआ) साल लकड़ी से लदे हुआ है, जो लोहरदगा की ओर से बेड़ो की तरफ जा रही है। तभी रेंजर संजय कुमार के नेतृव में वन कर्मीयों की टीम द्वारा ट्रक का पीछा किया गया। करांजी गाँव के सामने लोहरदगा की ओर से बेड़ो की ओर आते हुए एक ट्रक दिखाई दिया। दूर से ही वन विभाग की टीम को देखकर ट्रक का चालक गाड़ी छोड़कर भाग गया। वनरक्षियों द्वारा पिछा किया गया किन्तु चालक भागने में सफल रहा। गाड़ी में लदे सामान का जाँच किया गया तो उसमें साल लकड़ी का बोटा लढ़ा हुआ पाया गया और लकड़ी एवं गाड़ी से सम्बन्धित कोई कागजात नहीं पाया गया। लकड़ी की अनुमानित कीमत लगभग चार लाख से उपर आँकी गयी है। इधर अवैध लकड़ी से लदा ट्रक को जब्त कर वन क्षेत्र कार्यालय परिसर बेड़ो लाया गया और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस छापेमारी दल में, बेड़ो वन क्षेत्र पदाधिकारी, संजय कुमार वनरक्षी भूपेन्द्र प्रसाद, सुभाषचन्द्र प्रमाणिक, इन्द्रजीत कुमार, रविशंकर महली एवं संजय भगत शामिल थे।



## नि:शुल्क आँख जांच शिविर 15 अप्रैल को डीएवी में

**प्रभात मंत्र संवादाता**

**बेड़ो :** डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल बिनय बगीचा में 15 अप्रैल को 10 बजे से 1 बजे तक निशुल्क आंख जांच शिविर का आयोजन किया गया है। यह शिविर डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल के द्वारा भगवान महावीर आई अस्पताल रांची के सहयोग से लगया जा रहा है। शिविर में आंख संबंधी किसी भी समस्या का निःशुल्क जांच कर दवा दिया जायेगा। मोतियाबिंद या कोई बीमारी होने पर भगवान महावीर आई अस्पताल में निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल के निर्देशक कैलाश कुमार ने दी।

## विहिप ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 132 वीं जयंती समारोह आयोजित कर मनायी

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राष्ट्र निर्माता, महान देशभक्त एवं सामाजिक समरसता के पुरोधा भारत रत्न, बाबा साहेब डॉ0भीमराव अंबेडकर जी की जयंती विश्व हिंदू परिषद द्वारा खलारी प्रखंड व बचरा के उपखण्डों मे ग्रामीणो के बीच कार्यक्रम आयोजित कर मनाया गया. इस कार्यक्रम में बजरंग दल सामाजिक समरसता के निमित बाबा साहेब जी जयंती को मनाया जाता है. वही इस कार्यक्रम विहिप कार्यकर्ताओं ने राष्ट्, धर्म एवं समाज के प्रति बाबा साहेब की अमूल्य विचारों एवं कार्यो को आत्मसात किया. कार्यक्रम में बाबा साहब के प्रतिमा एवं चित्र पर माल्यार्पण, विचार गोष्ठी, समरसता यात्रा आदि कार्य पर चर्चा किया गया. इस दौरान लीला संयोजक बिनोद विश्वकर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब कभी असमाजिक तत्व के लोगों एवम देश विरोधी समाज विरोधी राष्ट्रीय विरोधी विचार धारा का कभी समर्थन नही किए. इसलिए उनके जयंती पर सभी संकल्प ले की उनका सपना और विचारों को प्रचार प्रसार कर सभी लोगों तक पहुँचने का कार्य बजरंगदल का उदेश्य है. मौके पर दीपक तूरी, दीपक वर्मा, सरजू लोहार,संदीप लोहार,दीपक लोहार, विकी राम, बंटी राम,रोहित पुरी,अमित पुरी,बादल राम,बादल राणा, रोहित सूरी,सोहबतिया देवी,संगीता देवी, शारदा देवी, ममता देवी,पुष्पा देवी,मानो देवी सहित अन्य उपस्थित थे.



## संविधान निर्माता डॉ.अम्बेडकर की जयंती धूम धाम से मनाई गई

**प्रभात मंत्र संवादाता**

**नामकुम :** टाटीसिल्वे के ऐतिहासिक नवमी डोल मेला के समीप डॉक्टर भीमराव अंबेडकर चौक के प्रांगण में डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती बहुत ही धूम धाम से मनाई गई। इस कार्यक्रम कि शुरुआत डॉक्टर अम्बेडकर की प्रतिमा पर माला पहना कर किया गया। आगत अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ एवम माला पहना कर किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि बाबा साहेब के बताये शिक्षित बनो , संघर्ष करो, संगठित रहो आदर्श को अपनाना हैं। कार्यक्रम में भा ज पा के प्रदेश महामंत्री डॉक्टर प्रदीप वर्मा, राम कुमार पाहन पूर्व विधायक, प्रमोद सिंह सांसद प्रतिनिधि,आरती कुजुर, राजेंद्र महतो मंडल अध्यक्ष, अमित मिश्रा महामंत्री, मनेस महतो, रीझू नायक, राजन साहू,माधुरी देवी,कर्नल बी के सिंह, रंथु नायक, महेंद्र करमाली इत्यादि। उसके बाद दोपहर में आ ज सू कि ओर से कार्यक्रम में बाबा साहेब के माल्यार्पण के बाद, वृद्ध जनो को साडी का वितरण किया गया। इस शुभ अवसर पर नेता पारस नाथ उराव,प्रकाश लकड़ा,राजू नायक, प्रदीप जयसवाल,अजीत महतो, राजेंद्र सही मुंडा जिला परिसद्, राजेश कच्छप विधायक, अरविंद लोहरा पंचायत समिति सदस्य, रोसंलाल मुंडा, जगरनाथ महतो, अर्जुन राम, राजेश साहू इत्यादि गण मान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने मे राजू नायक नेता, राजेश राम,शंकर नायक,बंटी नायक,अरुण राम, राजेश नायक ,कृष्णा नायक, मानव राम, लकी नायक, सत्यदेव प्रसाद ,किशन कुमार नायक, अशोक राम ,सुरेंद्र राम, संजय नायक, मनमोहन नायक, अशोक राम, प्रकाश नायक ,अरुण राम मनोज माली मुंडा नायक अंबेडकर जयंती के तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित थे ।

## अम्बेडकर जयंती मनाई गई

**प्रभात मंत्र संवादाता**

**सिल्ली :** सिल्ली अम्बेडकर पार्क मे अम्बेडकर ग्राम समिति के द्वारा शुक्रवार को देश रत्न बाबासाहेब डॉ भीमराव आंबेडकर की 132वीं जयंती मनाई गई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सुदेश कुमार महतो इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने शिक्षित, संगठित एवं संघर्षशील समाज की कल्पना की थी, महिलाओं की उन्नति की कल्पना थी। लेकिन आज हालात बिल्कुल उलटा है।

सरकार की मंशा भी बाबा साहब के विचारों, उनकी कल्पनाओं के विपरीत है। राज्य में शिक्षा व्यवस्था की हालत गंभीर है। बच्चों को बुनियादी शिक्षा दिए बिना पास कर दिया जा रहा है। यह भविष्य के साथ खिलवाड़ है। महिलाओं की स्थिति भी किसी से छिपी नहीं है। महिलाओं को सम्मान नहीं देने के मामले में हमारा राज्य पहले पायदान पर है। बाबा साहब सामाजिक न्याय की बात करते थे, लेकिन सरकार के कार्यो से ऐसा प्रतीत होता है कि बड़ी आबादी के साथ ये न्याय नहीं करना चाहते। सरकार ने एससी, एसटी, ओबीसी आरक्षण के मुद्दे को भी अपना पॉलिटिकल एजेंडा बनाकर लटका दिया है। इन्होंने तो पंचायत चुनाव में पिछड़ों के लिए आरक्षित हजारों पदों को गैर आरक्षित कर दिया और नगर निकाय चुनाव को लेकर भी इनकी मंशा यही थी।

सरकार से हम आग्रह करते हैं कि युगपुरुष बाबा साहब को वो सिर्फ श्रद्धांजलि अर्पित ना करें, बल्कि उनके विचारों को नीति-निर्णयों में भी शामिल करे। उक्त बातें झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष श्री सुदेश कुमार महतो ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कही।आज आजसू पार्टी ने पूरे राज्य में संविधान शिल्पकार बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई।

## झारखंड पब्लिक स्कूल मोहन नगर डकरा में डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड पब्लिक स्कूल, मोहन नगर में भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई गयी.जिसमे स्कूल के प्रधानाध्यापक महोदय अभिषेक कुमार चौहान जी ने डॉ भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत किये. विद्यालय के शिक्षको ने भी बारी बारी से डॉ अम्बेडकर जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किये. स्कूल के प्रधानाध्यापक ने अम्बेडकर साहब के बताये गये आदर्शों एवं मार्गो पर चलने की बात कही. उन्होंने यह भी कहा कि आज हम सभी उनके द्वारा लिखित दुनिया के सबसे बड़े संविधान के संरक्षण में हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध फारसी एवं जैन भारत जैसे विशाल देश में एकजुटता से रह रहे हैं. कार्यक्रम मे विद्यालय के 9 वीं एवं 10 के छात्रों के द्वारा डॉ भीम राव अम्बेडकर की जीवनी पर प्रकाश डाला गया. मौके पर गणेश कुमार महतो, राजेश कुमार, मनोज यादव,महेंद्र चौहान, गौतम सिंह, संदीप यादव, गीता कुमारी, नाजिया प्रवीण, साजिया प्रवीण, फरीदा खातुन, किरण देवी, रीता कुमारी, संजना श्रीवास्तव, किरण कुमारी, आदि। साथ साथ श्रीमति राजो देवी ट्रस्ट की सचिव श्रीमति ज्योति चौहान भी उपस्थित थी.



## छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवादाता**

**मांडर :** इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट(आईएचएम) राँची में त्रिवर्षीय बीएससी इन हॉस्पिटैलिटी एंड होटल एडमिनिस्ट्रेशन (एच एंड एचए) डिग्री पाठ्यक्रम के द्वितीय बैच, 2020-23 के छात्रों का पाठ्यक्रम पूर्ण होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह की शुरुआत छात्रों के स्वागत नृत्य तथा संस्थान के प्राचार्य डॉ. भुपेश कुमार के स्वागत भाषण के साथ किया गया। प्राचार्य महोदय ने सभी अतिथि एवम गणमान्य का इस समारोह में उपस्थित होने पर अभिवादन करते हुए दूसरे बैच के छात्रों को ग्रेजुएट होने एवं देश विदेश के नामी गिरामी होटल्स एवम सेवा संस्थाओं में प्लेसमेंट प्राप्त करने पर हार्दिक शुभकामनाएं एवम बधाई दी तथा विदाई समारोह का सफल आयोजन करने वाले कनिष्ठ छात्रों के कड़ी मेहनत एवम लगन को भी सराहा। साथ ही उन्होने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया की छात्रों की संस्थान से डिग्री एवम रोजगार पाना जीवन की शुरुवात है। छात्रों को यहां से कड़ी मेहनत एवम बेहतर प्रदर्शन से खुद के साथ साथ अपने संस्था को विकसित करें क्योंकि संस्थान छात्रों को रोजगार दिला सकता है पर उससे आगे की ओर प्रगति करना छात्रों के मेहनत पर निर्भर करेगा। आयोजित समारोह के दौरान संस्थान के प्राचार्य, शिक्षक, प्रशासनिक कर्मचारी तथा सभी छात्र उपस्थित रहें।

समारोह के दौरान संस्थान के छात्रों द्वारा रैंपवॉक, सोलो डांस एवं अन्य प्रस्तुतियां की दी गई जिसे सबने खूब सराहा। समारोह में बी.एस सी इन हॉस्पिटैलिटी एंड होटल एडमिनिस्ट्रेशन के तृतीय वर्ष के श्री गौरव कुमार को मिस्टर अट्रैक्टिव एवं सुश्री सुधा को मिस एलिगेंस चुना गया। श्री शुभम गौतम तथा सुश्री संजना सेन को वर्ष 2023 के लिए मिस्टर तथा मिस आईएचएम चुना गया। इसके बाद संस्थान के परिसर में लगाए गए डीजे फ्लोर पर छात्र थिरके एवम खूब मस्ती की तथा संस्थान के शेफ एवं छात्रों द्वारा पकाए विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों को सभी के समक्ष प्रस्तुत की गई जिसका सभी ने लुफ्त उठाया एवम खूब प्रशंसा भी किया।




## रैयत विस्थापित मोर्चा नावाडीह शाखा ने मनाया संविधान निर्माता की 132 वीं जयंती

**खलारी :** रैयत विस्थापित मोर्चा नावाडीह शाखा के तत्वधान में डॉ0 भीमराव अंबेडकर जी के 132 वी जैयती समारोह पूर्वक मनाया गया. इस दौरान आरवीएम के कार्यकर्ताओं ने संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पर्पित कर उनके बताये हुए मार्गो पर चलने पर चर्चा किया गया. इस कार्यक्रम में नावाडीह शाखा के अध्यक्ष शिवनारायण लोहरा, भरत महतो,राधेश्याम प्रसाद,मिथुन गंझू,रामधारी गंझू,रामेश्वर साव,हेमलाल गंझू,बिरजू प्रसाद,सुकरा गंझू,बरह्मदेव ठाकुर,छोटू गंझू सहित अन्य उपस्थित थे.



## कांग्रेस नें सविधान निर्माता भीम राव अंबेदकर की जयंती मनाई, बांटे 600 लीटर शर्बत



**जादूगोड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जादूगोड़ा कांग्रेस मंडल अध्यक्ष पवन सिंह की अगुवाई में जादूगोड़ा मुख्य सड़क किनारे नौरंग मार्केट में सविधान निर्माता भीम राव अंबेदकर की जयंती मनाई व उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके में भीषण व प्रचंड गर्मी के बीच करीबन 600 लीटर शर्बत राहगीरो के बीच बाटी व लोगों प्यास बुझाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जादूगोड़ा कांग्रेस मंडल अध्यक्ष पवन सिंह माटीगोड़ा पंचायत अध्यक्ष राजू मुखी, मुर्गाघुटु पंचायत अध्यक्ष सुकलाल सोरेन, जादूगोड़ा मंडल उपाध्यक्ष समीर दास, राजीव, राजा, अजित कालिंदी, मोहित दिलीप सूरज राहुल,आदि अहम योगदान दिया।

## संजीव नेत्रालय मानगो ने लांच किया घर पर जाकर नेत्र जांच की सुविधा



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डिमना रोड मानगो स्थित संजीव नेत्रालय सुपर स्पेशीलिटी रेटिना अस्पताल आज चौथे वर्षगांठ पर नेत्र रोगियों की विशेष सहायता हेतु उनके घर पर ही जाकर नेत्र जाँच की सुविधा को लाँच किया गया है। इस सुविधा के तहत घर पर ही जाकर संजीव नेत्रालय की टीम के द्वारा आँख की जांच की जायेगी, अगर जरूरी हुआ तो उन्हें अस्पताल पर भी बुलाया जा सकता है। इसके लिए मरीज को अग्रिम बुकिंग कराना होगा एवं उन्हें अस्पताल से अग्रिम बुकिंग अथवा मोबाईल नं 7283008800 / 9297992288 पर सम्पर्क कर सकते है। उक्त अवसर पर संजीव नेत्रालय का विवरणिका का भी विमोचन किया गया। संजीव नेत्रालय के निदेशक डॉ संजीव तिरिया ने बताया कि पिछले 4 वर्षो में 3 लाख से अधिक मरीजों की जाँच एवं 16 हजार से अधिक मरीजों के नेत्र का सफल ऑपरेशन किया गया है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में निःशुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन करते हैं, जिसमें हजारों मरीजों का नेत्र जाँच एवं आयुष्मान भारत योजना के तहत ऑपरेशन करवाने का सुविधा उपलब्ध कराती है। संवाददाता सम्मेलन में अस्पताल के निदेशक डॉ संजीव तिरिया के अलावा मेडिकल ऑफिसर डॉ राकेश कुमार, डॉ अतिश कुमार प्रधान एवं संजीव नेत्रालय के प्रबंधक प्रसेनजीत सरकार, चाईबासा के प्रबंधक शिव चरण समद एवं एच.ओ.डी. आप्टोमेट्रिस्ट श्याम कुमार उपस्थित थे।

## कांग्रेस गम्हरिया पार्टी कैम्प कार्यालय में मनी डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से संविधान निर्माता डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती पर छोटा गम्हरिया स्थित पार्टी कैम्प कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कांग्रेस नेता फुलकान्त झा ने की। इस मौके पर वजीर खान, विनोद कुमार राय, वासुदेव रजक, नित्यानंद रजक, श्याम सुंदर मालाकार, मंजू देवी, बबिता देवी, सूरज रजक, संजय रजक, देवेंद्र कालिंदी, चंद्रवती देवी, ललिता देवी, मेघु रजक समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कुजूर फाउंडेशन ने मनाया अंबेडकर जयंती



**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुचाई प्रखंड क्षेत्र के पोंडाकाटा में कुजूर फाउंडेशन के अध्यक्ष विनोद बिहारी कुजुर के नेतृत्व में बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री बांटकर भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। मौके पर हुजूर फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री कुजूर ने कहा कि बाबा साहब ने सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया और सबके लिए समान अधिकार स्वतंत्रता और व्यवहार की वकालत की। मौके पर मुखिया श्रीमती अनुराधा उरांव,सूर्यनारायण उरांव,आदित्य उरांव,जगदीश उरांव,साधु चरण बांकिरा,दीपक उरांव,बैरम कुंटिया,बानो गोप, रघुनाथ गोप,पुंगी बांकिरा,सौरव महतो,नेहा उरांव, अंजलि उरांव,अनु महतो, लोकप्रिय महतो,दिव्यांग महतो आदि उपस्थित थे।

## हरेलाल महतो के नेतृत्व में आजसू ने संविधान निर्माता बाबा साहेब को दी श्रद्धांजली



**चांडिल(प्रभात मंत्र संवाददाता):** संविधान निर्माता सह भारत सरकार के प्रथम विधि एवं न्याय मंत्री डॉ भीम राव अंबेडकर जयंती पर आजसू के केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो के नेतृत्व में आजसू पार्टी ने चांडिल प्रखंड के भुइंयाडीह स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर आजसू नेता हरेलाल महतो ने कहा कि डॉ भीम राव अंबेडकर भारत के लोकप्रिय समाज सुधारक, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री आदि बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। हरेलाल महतो ने कहा कि डा भीम राव अंबेडकर के अध्यक्षता में बनाई गई संविधान को संविधान सभा द्वारा 26 नवंबर 1949 को संविधान में अपनाया गया था। इस अवसर पर घासीराम लायक, गौरी प्रसाद लायक, लक्ष्मीकांत महतो, कृष्णा लायक आदि उपस्थित थे।

### डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती समारोह में पूर्व मंत्री सहिस ने कहा

# संविधान को प्रत्येक घरों तक पहुंचाने की जरुरत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बाबा साहेब के द्वारा लिखित भारतीय संविधान दुनिया के सबसे बड़े ग्रंथों में एक है और इसे प्रत्येक घरों तक पहुंचाने की जरूरत है। यह बातें शुक्रवार को पटमदा के बनकुंचिया गांव में डॉ भीमराव अंबेडकर की 232वीं जयंती के मौके पर आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने कहीं। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने देश के प्रत्येक नागरिकों के मान, सम्मान, स्वाभिमान, हक व अधिकार की रक्षा के लिए संविधान के रूप में जो अधिकार दिए हैं उसमें 395 अनुच्छेद का उल्लेख है। अगर हमारे लोग नियमित संविधान की पुस्तक का अध्ययन करेंगे तो काफी कुछ सीखने व जानने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि बनकुंचिया जैसे सुदूरवर्ती गांव में आज पहली बार जो आयोजन हो रहा है इसके लिए आयोजक समिति बधाई के पात्र हैं। बतौर विशिष्ट अतिथि समाजसेवी आस्तिक महतो ने कहा कि जिस तरह गांव-गांव में छऊ नृत्य, करम नृत्य, हरिनाम व राधानाम संकीर्तन का आयोजन होता है उसी तरह संविधान के प्रति जागरूक करने के लिए हर गांव में संविधान मेला का भी आयोजन होना चाहिए। कार्यक्रम को जिला पार्षद खगेन चंद्र महतो, भाजपा नेता मुचीराम बाउरी, रामचंद्र पासवान, सांसद प्रतिनिधि महावीर महतो, प्रो. पंचानन दास, शरत सिंह सरदार, मृत्युंजय महतो, भीष्मनाथ महतो व रामनाथ सिंह आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सेनगुप्त सिंह, देबुलाल सहिस, हांसू सहिस, वैद्यनाथ महतो, आनंदमय महतो, सुनील सहिस, नारायण सहिस, रंगलाल सहिस, पूरण चंद्र महतो, रेवती सहिस, झांगड़ सहिस, तूफान सहिस, गणेश सहिस व मनोज सहिस आदि ने सराहनीय योगदान दिया।

## मोईरंग विजय दिवस में शामिल हुए समाजसेवी शेखर डे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मातृभूमि की रक्षा की लड़ाई में हजारों आजाद हिंद फौज शहीद हो गई। 14 अप्रैल 1944 को आजाद हिन्द फौज ने अंग्रेजों को हराकर मणिपुर राज्य के मोइरांग में नेताजी के निर्देश में कर्नल सौकत अली मलिक तिरंगा झंडा फहराया। लोग नहीं जानते क्योंकि यह इतिहास के पन्नों में नहीं है। उस दिन की याद में आज बिष्टुपुर मिलनी हॉल में नेताजी सुभाष मंच के तरफ से झारखंड राज्य में पहली बार मोईरंग विजय दिवस के नाम से एक यादगार सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्रीलेदर्स के पार्टनर सह शहर के समाजसेवी शेखर डे, मंच के चेयरमैन पूर्व कमिश्नर विजय कुमार सिंह, अध्यक्ष पी के नंदी, मुख्य वक्ता आरआर सेन, सचिव नीतीश तिवारी, सांस्कृतिक सचिव मिस्टू मुखर्जी, ट्रेजर संध्या प्रधान, लेखा और वित्त सचिव पूरबी घोष, संगठन सचिव अंजन दास, संजय वर्धन, पार्थो रॉय, एस.सेन. एस. परमाणिक. अजंता. आदि उपस्थित थे।

## आदित्यपुर, गम्हरिया व कांड्रा छापेमारी में तीन अवैध शराब भट्ठी ध्वस्त, तीन गिरफतार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** उत्पाद अधीक्षक के निर्देश पर गुप्त सूचना के आधार पर जिले के आदित्यपुर, गम्हरिया एवं कांड्रा थाना क्षेत्र में आबकारी विभाग द्वारा छापेमारी कर तीन अवैध शराब भट्ठियों को ध्वस्त किया गया। इस दौरान करीब 500 किलो जावा महुआ नष्ट किया तथा करीब 112 लीटर निर्मित तैयार अवैध महुआ शराब जब्त किया है। उन अवैध शराब अड्डों से विभागीय अधिकारियों ने तीन शराब कारोबारियों को हिरासत में भी लिया है। इस संबंध में उत्पाद निरीक्षक निर्भय कुमार सिन्हा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर आदित्यपुर



के एफ रोड, गम्हरिया के रापचा और कांड्रा के मणिपुर में अवैध शराब भट्टियों को ध्वस्त करते हुए आदित्यपुर एफ रोड से उमेश सिंह सरदार, गम्हरिया के रापचा से सुकेश मांझी एवं कांड्रा के मणिपुर से राम सिंह सरदार को गिरफ्तार किया गया। रापचा के शराब कारोबारी गुरबा टुडू एवं मणिपुर का बाबूराम हांसदा भागने में सफल रहा जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## प्रखंड अध्यक्ष दुर्योधन को पुलिस ने भेजा जेल

### हरेलाल कार्यकर्ता संग थाना में जताया विरोध

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** जिले के चांडिल थाना की पुलिस ने गुरुवार रात को आजसू चांडिल प्रखंड अध्यक्ष दुर्योधन गोप को गिरफ्तार किया है। वहीं, शुक्रवार को पुलिस ने उसे सरायकेला जेल भेज दिया। शुक्रवार को पुलिस द्वारा दुर्योधन गोप को जेल भेजने के दौरान आजसू केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो के नेतृत्व में अनेकों कार्यकर्ता चांडिल थाना पहुंचकर विरोध जताया। इस दौरान हरेलाल महतो ने कहा कि एक झूठे मुकदमे में आजसू प्रखंड अध्यक्ष दुर्योधन गोप को पुलिस ने जेल भेज दिया। पुलिस ने यह काम सत्ता के दबाव



में आकर किया है। उन्होंने कहा कि कल आधी रात को अपने गांव (चिलगु) में आयोजित छौ नृत्य मेला से आजसू पार्टी के कर्मठ चांडिल प्रखंड अध्यक्ष एवं चिलगु मेला कमिटी के अध्यक्ष दुर्योधन गोप को पुलिस ने गिरफ्तार किया। हरेलाल महतो का मानना है कि गुरुवार को चांडिल में आयोजित सामाजिक न्याय मार्च में आजसू के सिपाही दुर्योधन गोप ने बढ़ चढ़कर भाग लिया था और सरकार तथा स्थानीय विधायक के खिलाफ नारेबाजी किया था।

## मुखी समाज ने मनाया बाबा साहेब का जन्मोत्सव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर के भालूबासा मुखी समाज के द्वारा भारतरत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर का 132वां जन्मोत्सव के अवसर पर भालूबासा चौक और साकची पुराना कोर्ट गोलचक्कर में बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। इस जन्मोत्सव समारोह में मुख्य रुप से भालूबासा मुखी समाज के मुखिया सह पूर्व बीस सूत्री सदस्य परेश कुमार मुखी, महामंत्री मुजीम मुखी, सुभाष मुखी, राकेश मुखी, अजय गुप्ता, देवचरण सागर, विश्वनाथ मुखी, तिलक मुखी व चैतन मुखी आदि शामिल हुए। परेश मुखी ने पीएम नरेंद्र मोदी को डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने पर धन्यवाद दिया।

## डॉ. अंबेडकर ने सभी जाति-वर्गों के लोगों को एक साथ जीने की दी प्रेरणा : विद्युत महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** भाजपा जमशेदपुर महानगर द्वारा भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती को समरसता दिवस के रूप में मनाया गया। शुक्रवार को भाजपा जमशेदपुर अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष अजीत कालिंदी के नेतृत्व में सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, भाजपा महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने पुराना कोर्ट मोड़ स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। कार्यकर्ताओं ने साकची जिला कार्यालय से पुराना कोर्ट मोड़ तक पैदल मार्च करते हुए बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर अमर रहे, भारत माता की जय के नारे लगाए। इसके साथ ही, जमशेदपुर महानगर के सभी मंडलों के दलित बस्तियों में मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने लड्डू वितरण कर बाबासाहेब की जयंती मनाई। इस अवसर पर सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर एक महान व्यक्तित्व थे। उन्होंने देश से भेदभाव असमानता को दूर किया और सभी जाति-वर्गों के लोगों को एक साथ जीने की प्रेरणा दी। वहीं, भाजपा महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने कहा कि पार्टी ने समरसता दिवस के माध्यम से समाज के सभी वर्गों को समरसता सूत्र में बांधकर एकता, समानता और भाईचारे का संदेश दिया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से देवेंद्र सिंह, डॉ राजीव कुमार, जिप सदस्य पंकज सिन्हा, संजीव कुमार, संजीव सिन्हा, नीलू मछुआ, मंजीत सिंह, राजीव सिंह, धर्मेंद्र प्रसाद, बिमल बैठा, आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## शास्त्रीनगर मस्जिद में सकुशल हुई जुमा की नमाज

### एसएसपी व एसडीओ रहे मौजूद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शुक्रवार को कदमा के शास्त्रीनगर फारुकी मस्जिद में पुलिस के मौजूदगी में जुम्मा की नमाज अदा की गई। इस दौरान फारुकी मस्जिद के आसपास बड़ी संख्या में पुलिस और अर्धसैनिक बल के जवान तैनात किए गए थे। ड्रोन से निगरानी की गई थी। एसएसपी प्रभात कुमार और एसडीओ पीयूष कुमार सिन्हा खुद मौके पर मौजूद रहे। पुलिस के पहरे में जुमा की नमाज़ शांतिपूर्ण संपन्न हुई। ज्ञात हो कि गत 9 अप्रैल को शास्त्री नगर में सांप्रदायिक बवाल हुआ था। इसलिए फारुकी मस्जिद में जुमा की नमाज संपन्न कराना पुलिस के लिए एक चुनौतीपूर्ण कार्य था।

## चैत्र संक्रांति के अवसर पर भोक्ता पर्व व रात्रि में छऊ नृत्य आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** चैत्र संक्रांति के अवसर पर गम्हरिया के नारायणपुर पंचायत अंतर्गत विजय गांव और बांधडीह पंचायत के सिंहपुर गांव में आयोजित भोक्ता पर्व तथा रात्रि में छऊ नृत्य का आयोजन किया गया। बताया गया है कि यहां विगत सैकड़ों वर्षों से बूढ़ा बाबा की भक्ति स्वरूप भोक्ता पर्व का आयोजन किया जाता है जिसमें आसपास के सभी गांव से भारी संख्या में लोग तीन दिनों तक बूढ़ा बाबा की पूजा-अर्चना करते हैं। तत्पश्चात संक्रांति के दिन जागरण



रात के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित समाजसेवी सूरज महतो फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर स्थानीय मुखिया रविदास हो, मांगीलाल महतो, सुभाष महतो, सिमरन महतो, किशोर डुमरिया, मनोज दास, अकलू महतो, कैलाश महतो, लालटु महतो, रामू त्रिपाठी आदि उपस्थित थे।

## वैशाख संक्रांति : भक्तों ने अंगारों पर नंगे पांव चलकर दी भक्ति की परीक्षा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** भक्तों ने वैशाख संक्रांति पर नंगे पांव अंगारों पर चलकर भगवान शिव के प्रति अपनी आस्था जताई और पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। कुचाई प्रखंड के अरुवां गांव में स्थित शिव मंदिर में वैशाख सक्रांति पर विधि विधान से पुजारी ने भगवान शिव की पूजा अर्चना की। भक्तों ने गुरुवार को विधिवत उपवास रखकर सोना नदी से महालक्ष्मी की कलश यात्रा निकाली विभिन्न मार्गों से होती हुई।अरुवां शिव मंदिर पहुंची। वहीं शुक्रवार को बाजे गाजे के साथ कालिका घाट मंदिर पहुंचा। भक्तों एवं छोटे-छोटे बच्चों ने भी भगवान भोलेनाथ की आराधना कर नंगे पांव अंगारों पर चलकर भगवान शिव के प्रति अपनी आस्था जताई। भगवान शिव की पूजा अर्चना के दौरान और अरूवां में



मेला सह छऊ नृत्य का भी आयोजन किया गया। दिनभर भक्तों ने मेला का आनंद उठाया वहीं रात में छऊ नृत्य का आनंद लिया।

## कदमा प्रकृति विहार में साप्ताहिक जोहार हाट शुरु

### छः विभिन्न जनजातियों का प्रतिनिधित्व करने वाले पांच राज्यों के लोगों ने लिया भाग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा आयोजित जोहार हाट का चौथा संस्करण कदमा के प्रकृति विहार में 14 से 21 अप्रैल 2023 तक आयोजित किया जाएगा। इस महीने के जोहार हाट में भारत के 5 राज्यों का प्रतिनिधित्व करने वाले 6 से अधिक विभिन्न आदिवासी समूहों की भागीदारी देखी जाएगी। जोहार हाट के इस संस्करण की थीम ÷कलर्स ऑफ जात्रा÷ (जात्रा के रंग) हैं, जो झारखंड,




ओडिशा और पश्चिम बंगाल की उरांव जात्राओं से प्रेरित है। आगंतुक इस थीम को प्रदर्शनी की साज-सज्जा के साथ-साथ विभिन्न उत्पादों, व्यंजनों और प्रस्तुतियों के माध्यम से अनुभव कर सकेंगे। जोहार हाट की अवधारणा हर महीने एक सप्ताह लंबी प्रदर्शनी के माध्यम से पूरे भारत में जनजातियों की कला, शिल्प, व्यंजन और संस्कृति को प्रदर्शित करने के लिए एक समर्पित स्थान बनाने के लिए की गई थी। हाट के इस संस्करण में भारत भर के लम्बाडी, मुंडा, बोडो, संथाल, प्रधान गोंड और कोया जैसे विभिन्न जनजातीय समूहों द्वारा 8 विभिन्न स्टालों की मेजबानी की जाएगी। हाट में पूरे सप्ताह आभूषण निर्माण, जूट शिल्प और जनजातीय व्यंजनों पर कार्यशालाएं भी आयोजित की जाएंगी।

## कदमा कांग्रेस ने बाबा साहेब की जयंती पर किया नमन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कदमा स्थित कांग्रेस कार्यालय में आज बाबा साहेब डा.भीमराव आंबेडकर के जयंती के मौके पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया गया. इस अवसर पर मुख्य रूप से टप्पू गुप्ता,भोला गोस्वामी, कांग्रेस पार्टी के वरीय महामंत्री मनोज झा, कदमा सोनारी के प्रखंड अध्यक्ष बबुआ झा, कैलाश रजक, राजेश रजक, संजय तिवारी, जितेंद्र सिंह, शंकर बैरवा, अमित कुमार, इरशाद हैदर सहित बहुत सारे कार्यकर्ताओं के मौजूद थे।

## संपादकीय

# पायलट की बगावत

पार्टी में चल रही उठापटक को कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व संभाल नहीं पा रहा है। कथित 'भारत जोड़ो यात्रा' के बाद भी कांग्रेस की स्थिति में कोई सुधार नहीं हो सका है। राजस्थान का प्रकरण देखकर यही लगता है कि कांग्रेस के नेतृत्व को अब भारत जोड़ो नहीं अपितु कांग्रेस जोड़ो यात्रा निकालनी चाहिए। कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने राजस्थान की अशोक गहलोत सरकार के खिलाफ झंडा बुलंद करते हुए इस बार गंभीर संकेत दिए हैं। उन्होंने अपनी घोषणा के अनुसार पिछली सरकार के कार्यकाल में हुए कथित भ्रष्टाचार के मामलों में कदम नहीं उठाने पर गहलोत सरकार के खिलाफ एक दिन का अनशन किया। यह अनशन न केवल गहलोत सरकार के खिलाफ खुली बगावत है अपितु नेहरू–गांधी परिवार को भी चुनौती देता हुआ प्रतीत हुआ। अनशन स्थल पर लगाए गए होर्डिंग/पोस्टर में न तो कांग्रेस के प्रतीक चिन्ह थे और न ही सोनिया, राहुल और प्रियंका के चित्र थे। बैनर पर केवल महात्मा गांधीजी का चित्र था। इस घटनाक्रम को देखें तो संकेत मिलता है कि पायलट ने कांग्रेस से अलग होकर स्वतंत्र राह पकड़ने का संदेश दिया है। इस संदर्भ में यह भी उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के प्रमुख नेताओं ने कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ सचिन पायलट के अनशन को खुले तौर पर पार्टी विरोधी गतिविधि के रूप में रेखांकित किया है। अब प्रश्न यह भी है कि भ्रष्टाचार के नाम पर हो–हल्ला करनेवाला कांग्रेस के नेतृत्व ने सचिन की पीठ पर हाथ क्यों नहीं रखा? क्यों कांग्रेस का नेतृत्व बार–बार गहलोत के साथ ही खड़ा नजर आ रहा है जबकि राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के दौरान अशोक गहलोत ने पार्टी लाइन का पालन नहीं किया था। उस समय उन्होंने एक तरह से सोनिया गांधी और राहुल गांधी की इच्छा के अनुरूप व्यवहार नहीं किया था। मगर राजस्थान में कांग्रेस विधायकों के बीच गहलोत की मजबूत पैठ के पुख्ता सबूत मिलते रहे हैं। संभवतः यही कारण है कि पार्टी नेतृत्व उन्हें छेड़ने के मूड में नहीं लग रहा है। जयराम रमेश और प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रंधावा के अशोक गहलोत के समर्थन में आए बयान भी यही संकेत दे रहे हैं। दूसरी तरफ, पायलट का रुख भी बताता है कि वह अब इंतजार करते-करते थक गए हैं। देखने वाली बात यह होगी कि अपनी मांग पर जोर देने के क्रम में पायलट कितने कदम आगे बढ़ाते हैं। क्या वह पार्टी की सीमा भी पार कर लेंगे या पार्टी के अंदर से ही नेतृत्व पर दबाव बनाते रहेंगे। यह साफ होने में थोड़ा वक्त लगेगा, लेकिन इतना तय है कि समय रहते किसी तरह सुलझाई न जा सकी तो दोनों नेताओं की यह आपसी लड़ाई अगले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को काफी कमजोर करेगी। फिलहाल तो पायलट का एक दिन का अनशन बिना किसी परिणाम के समाप्त हो गया। पायलट की स्थिति भी कांग्रेस में कमजोर होती जा रही है। वह कई बार अपनी आवाज बुलंद तो करते हैं लेकिन उनकी बात पार्टी नेतृत्व सुनता नहीं है। उन्हें लगातार अनसुना किया जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों के साथ ही आम लोगों को भी यह समझना मुश्किल हो रहा है कि सचिन पायलट अपनी स्थिति को लगातार हास्यास्पद क्यों बनाते जा रहे हैं? हालांकि इस बार पायलट ने कांग्रेस नेतृत्व का सिरदर्द बढ़ा दिया है। कहां तो पार्टी अपना पूरा ध्यान कर्नाटक विधानसभा चुनावों पर केंद्रित करना चाहती थी और कहां राजस्थान में असमय ही यह बखेड़ा खड़ा हो गया।

> राजस्थान का प्रकरण देखकर यही लगता है कि कांग्रेस के नेतृत्व को अब भारत जोड़ो नहीं अपितु कांग्रेस जोड़ो यात्रा निकालनी चाहिए।कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने राजस्थान की अशोक गहलोत सरकार के खिलाफ झंडा बुलंद करते हुए इस बार गंभीर संकेत दिए हैं। उन्होंने अपनी घोषणा के अनुसार पिछली सरकार के कार्यकाल में हुए कथित भ्रष्टाचार के मामलों में कदम नहीं उठाने पर गहलोत सरकार के खिलाफ एक दिन का अनशन किया। यह अनशन न केवल गहलोत सरकार के खिलाफ खुली बगावत है अपितु नेहरू–गांधी परिवार को भी चुनौती देता हुआ प्रतीत हुआ।अनशन स्थल पर लगाए गए होर्डिंग/पोस्टर में न तो कांग्रेस के प्रतीक चिन्ह थे और न ही सोनिया, राहुल और प्रियंका के चित्र थे। बैनर पर केवल महात्मा गांधीजी का चित्र था। इस घटनाक्रम को देखें तो संकेत मिलता है कि पायलट ने कांग्रेस से अलग होकर स्वतंत्र राह पकड़ने का संदेश दिया है।

## अमृत कलश

# गायन, सम्पर्क और अहं

सम्पर्क तीन प्रकार से होता है- दिमाग से दिमाग का सम्पर्क वार्तालाप द्वारा होता है, हृदय से हृदय का सम्पर्क गा कर होता है और आत्मा से आत्मा का सम्पर्क मौन में होता है। प्रायः जब तुम लोगों के साथ होते हो, तुम बातें करते रहते हो और अपना सम्पर्क केवल दिमाग के स्तर पर ही रखते हो। परन्तु जब तुम प्रकृति के साथ होते हो, तुम गुनगुनाने लगते हो और सम्पर्क तुम्हारे हृदय के द्वारा होता है। और जब तुम गुरु के साथ होते हो, तुम खाली हो जाते हो, और सभी प्रश्न भूल जाते हो। तब सम्पर्क आत्मा के द्वारा होता है - मौन में। जब तुम लोगों से मिलते हो, तब तुम दिमाग के स्तर पर बने रहते हो। बहुत से लोग, जब तक कि कोई आयोजित कार्यक्रम न हो दूसरों के साथ गाने में सहज अनुभव नहीं करते। तुम्हारा अहं तुम्हें ऐसा करने से रोकता है। जब तुम लोगों के साथ गाते हो, तब तुम हृदय के स्तर पर, भावना के स्तर पर उतर आते हो। कुछ व्यक्ति केवल संगीत सुनने में सहजता अनुभव करते हैं, कुछ केवल एकांत में गाना पसंद करते हैं। कुछ व्यक्ति दूसरों का ध्यान आकर्षित करने या लुभाने के लिए गाते हैं। ये सभी गायन स अहं से हैं। 'भजन' का अर्थ है बाँटना, सत्ता के अन्तरतम स्तर पर सहभागी होना। भजन ही वास्तविक भागीदारी है। यदि तुम लोगों के साथ गा सको, तो तुम्हारा अहं खत्म हो जाता है।

बच्चे लोगों के साथ गा सकते हैं क्योंकि उनमें अहं नहीं होता। एक अपरिचित व्यक्ति के साथ गाने के लिए तुम्हें अहं से मुक्त होना है।

अहं के लिए दिमाग का स्तर सुरक्षित है; हृदय का स्तर अहं को तोड़ देता है, आत्मा का स्तर अहं को विलीन कर देता है। सम्पर्क में सभी दूरियाँ अहं के कारण होती हैं। जब तुम लोगों के साथ होते हो, बातें करने की जगह गाना शुरू कर दो और ऊर्जा में बदलाव अनुभव करो।

## बोध कथा

# मैं की छाया

एक दिन सुबह-सुबह एक लोमड़ी शिकार के लिये पश्चिम दिशा की ओर निकली। सूरज पीछे से निकल रहा था, तो उसने अपनी बड़ी लंबी छाया देखी। लोमड़ी ने जब अपनी छाया देखी तो सोचा, "आज तो एक ऊंट शिकार को मिल जाये, तभी काम चलेगा।" स्वभावतः, इतनी बड़ी छाया बनी है, तो लोमड़ी छोटी नहीं हो सकती। लोमड़ी के तर्क में कहीं कोई गलती नहीं है। दिनभर खोजते खोजते दोपहर हो गई, शिकार नहीं मिला। सूरज सिर पर आ गया। लोमड़ी भूखी है। नीचे की तरफ देखा, तो उसकी छाया बहुत छोटी है, न के बराबर। उसने कहा, "क्या हो गया जो मैं इतनी छोटी हो गई? क्या भूख में मैं इतनी सिकुड़ गई? अब तो एक चींटी भी मिल जाय, तो शायद काम चल जाय।" लोमड़ी का तर्क ठीक है। हम अपनी छाया से ही सोचते हैं कि हम कितने बड़े हैं। छाया को नाप लेते हैं, सोच लेते हैं कि इतने बड़े हैं। अगर मेरी छाया बड़ी है –मेरा मकान बड़ा है, तो मैं बड़ा; और अगर मेरा मकान छोटा है, तो मैं छोटा। मेरे धन का ढेर बड़ा है, तो मैं बड़ा; और मेरे धन का ढेर छोटा है, तो मैं छोटा। मुझे नमस्कार करने वाले लोग ज्यादा हैं, तो मैं बड़ा; और मुझे नमस्कार करने वाले लोग थोड़े हैं, तो मैं छोटा! ये सब छाया से ही तो है। जिंदगी के शुरू में सभी को वही भूल होती है, जो उस लोमड़ी को हुई थी। जब जिंदगी शुरू होती है, तो हर आदमी सोचता है कि मैं! मेरे जैसा कोई भी नहीं। सारी जमीन भी छोटी पड़ेगी। और जब जिंदगी अंत होने के करीब आती है, तो पता चलता है कि अब तो कुछ भी नहीं रहा, छाया सिकुड़ गई है। हम छाया को देखकर जीते हैं, इसलिए हम छाया को बढ़ाते रहते हैं, बड़ा करने की कोशिश में लगे रहते हैं। मेरे का अर्थ है, मैं की छाया, शैडो आफ दि ईगो। मैं तो झूठा है। मैं (अहंकार) सत्य नहीं है।

## केन्द्र सरकार पर किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा

# केन्द्र की अच्छी पहल है भ्रष्टाचार मुक्त भारत

**सुरेश हिन्दुस्थानी**

> केन्द्र सरकार के स्तर से भ्रष्टाचार मिटाने की ठोस पहल की जा रही है।इतना ही नहीं आज केन्द्र सरकार ने देश में घर कर चुकी इस आम धारणा को बदला है कि भ्रष्टाचार पर रोक नहीं लगाई जा सकती।लेकिन क्या भ्रष्टाचार मुक्त भारत केवल केन्द्र सरकार द्वारा उठाए गए कदमों से ही संभव हो सकेगा। ऐसा नहीं हो सकता। इसके लिए देश की राज्य सरकारों को भी भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने के लिए केन्द्र सरकार का भरपूर सहयोग करना चाहिए।इसके लिए सरकार को जांच एजेंसियों का सहयोग लेना चाहिए।यह बात सही है कि देश में केन्द्रीय जांच ब्यूरो एक ऐसी संस्था है, जिस पर हर कोई विश्वास करता है।

देश को अच्छा वातावरण देने के लिए भ्रष्टाचार मुक्त शासन प्रणाली की चाह हर किसी की होती है। क्योंकि भारत में भ्रष्टाचार की जड़ें बहुत गहरे तक समाती चली जा रही हैं। लेकिन यह भी एक बड़ा सच है कि जो भ्रष्टाचार का शिकार होता है, वह अनीति के मार्ग पर कदम बढ़ाने का दुस्साहसिक कार्य ही करता है। सैद्धांतिक तथ्य यह है कि जितना भ्रष्टाचार करने वाला दोषी है, उतना ही भ्रष्टाचार का शिकार होने वाला भी दोषी है, इसलिए दोनों का ही जीवन कुसंस्कार की बलि चढ़ जाता है। कहा जाता है कि जो परिश्रम करके खाता है, उसके जीवन में संतोष होता है, लेकिन जो भ्रष्टाचार करके खाता है, उसको कई लोगों के हृदय से उफनती हुई गालियों को झेलना होता है यानी उसको बद्दुआ ही मिलती है। कांग्रेस के शासन काल के दौरान जिस प्रकार से भ्रष्टाचार के काले कारनामे उजागर होते जा रहे थे, उससे तो ऐसा ही लगता था कि अब देश से भ्रष्टाचार रूपी बुराई का अंत नहीं हो सकता, यह सामान्य अवधारणा के रूप में स्थापित हो चुका था कि यह देश का स्वभाव बन चुका है, लेकिन ध्यान देने वाली बात यह भी है कि जब से देश में नरेन्द्र मोदी की सरकार आई है, तब से केन्द्र सरकार पर किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा है।

इसका कारण स्पष्ट है कि केन्द्र सरकार की इस मामले में स्पष्ट नीति है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने प्रथम कार्यकाल में ही यह कहकर भ्रष्टाचार मिटाने की संकल्प लिया था कि न खाऊंगा और न खाने दूंगा। कहा जाता है कि जब शासनकर्ताओं की नीयत साफ होती है तो नीचे भी संदेश अच्छा ही जाता है। अभी हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो के एक कार्यक्रम में एक बार फिर से इस आशय को स्पष्ट करते हुए कहा है कि देश में कोई भी भ्रष्टाचारी बचना नहीं चाहिए। यानी केन्द्र सरकार आज भी भ्रष्टाचार मिटाने के लिए संकल्पित है।

वर्तमान में केन्द्र सरकार के स्तर से भ्रष्टाचार मिटाने की ठोस पहल की जा रही है। इतना ही नहीं आज केन्द्र सरकार ने देश में घर कर चुकी इस आम धारणा को बदला है कि भ्रष्टाचार पर रोक नहीं लगाई जा सकती। लेकिन क्या भ्रष्टाचार मुक्त भारत केवल केन्द्र सरकार द्वारा उठाए गए



कदमों से ही संभव हो सकेगा। ऐसा नहीं हो सकता। इसके लिए देश की राज्य सरकारों को भी भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने के लिए केन्द्र सरकार का भरपूर सहयोग करना चाहिए। इसके लिए सरकार को जांच एजेंसियों का सहयोग लेना चाहिए।यह बात सही है कि देश में केन्द्रीय जांच ब्यूरो एक ऐसी संस्था है, जिस पर हर कोई विश्वास करता है।

देश में किसी भी घटना में न्याय की उम्मीद नहीं दिखने पर लोग सीबीआई जांच की मांग भी इसलिए ही करते हैं, क्योंकि सीबीआई जांच के मामले में एक विश्वसनीय संस्था है। पिछले कुछ सालों में केन्द्रीय जांच ब्यूरो ने ऐसे लोगों पर हाथ डालने का साहस दिखाया है, जिस पर हाथ डालने की किसी ने हिम्मत नहीं की। ऐसे लोगों द्वारा देश के धन पर एक प्रकार से डाका ही डाला था। सरकारी खजाने की लूट करने वाले इन भ्रष्टाचारियों पर अगर सीबीआई ने कार्रवाई की है, तो इसे भ्रष्टाचार को समाप्त करने वाला ठोस कदम ही माना जाना चाहिए, लेकिन देश में विपक्षी दलों की ओर से जिस प्रकार से केन्द्रीय जांच ब्यूरो की जांच को आधार बनाकर केन्द्र सरकार पर निशाना साधा गया, वह उनकी मानसिकता को उजागर करने के लिए काफी है।

सवाल यह आता है कि अगर इन लोगों ने भ्रष्टाचार के रूप में कमाई नहीं की है तो इनको डर क्यों लग रहा है? डरता वही है, जो गलत होता है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव पर दोष सिद्ध होने के बाद भी उनकी ओर से सीबीआई पर आरोप लगाना किसी भी प्रकार से उचित नहीं माना जा सकता, क्योंकि वे स्वयं भ्रष्टाचार के आरोप में जेल की हवा खा चुके हैं, इसलिए वे भ्रष्टाचार के बारे में किसी भी प्रकार बातें करते हैं तो वे सार्थक नहीं कही जा सकती। ऐसा नहीं है कि ऐसी भाषा केवल लालू प्रसाद यादव ही बोलते हैं, इसके इतर भी विपक्ष के अन्य राजनेता भी उलटा चोर कोतवाल को डाटे वाली उक्ति को चरितार्थ करते दिखाई देते हैं। जहां तक भ्रष्टाचार की बात है तो यह कहा जाना समीचीन होगा कि भ्रष्टाचार के कारण अपेक्षित विकास की राह में अवरोधक पैदा होते हैं। सरकार की योजनाएं धरातल पर उस तरीके से नहीं पहुंच पाती, जैसा सरकार चाहती है।

पहले योजनाओं के लिए जो पैसा आता था, वह अधिकतर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता था, लेकिन अब इसमें बहुत बड़ा परिवर्तन आया है। जिस हितग्राही को एक हजार रुपए मिलना है, उसे पूरा एक हजार मिलता है। भ्रष्टाचार करने वालों का यही एक ऐसा दर्द है, जिसे केन्द्र सरकार ने करेले जैसे स्वभाव पर नीम चढ़ा दिया है। केन्द्र सरकार के इस अभियान को जिस प्रकार से जनता का समर्थन मिल रहा है, उस प्रकार से विपक्ष द्वारा भी समर्थन मिल जाए तो भ्रष्टाचार को पूरी तरह से समाप्त किया जा सकता है। केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने पिछले आठ वर्षों के दौरान जिस प्रकार से छापे मारी की है, उसमें कई बड़े लोगों के पास करोड़ों की अवैध संपत्ति मिली है। खास बात यह है कि यह ऐसे लोग हैं, जिनको स्वयं भी इस बात का अहसास नहीं था कि सीबीआई इन पर भी छापामार कार्रवाई कर सकती है।

इसके पीछे राजनीतिक और प्रशासनिक संरक्षण ही एक मात्र कारण था। अब इस प्रकार के संरक्षण में बहुत भारी कमी आई है। इसी के चलते सीबीआई बिना किसी संरक्षण के उन मठाधीशों पर कार्रवाई करने के लिए कदम बढ़ाती है, जिनके यहां काली कमाई के रूप में संपत्ति के संकेत मिलते हैं। भ्रष्टाचार मुक्त भारत के लिए ऐसा करना आवश्यक भी है। इसलिए राज्यों को भी केन्द्र का सहयोग करने के लिए आगे आना चाहिए, क्योंकि इस प्रकार के कार्य आम जनता को राहत प्रदान करने वाले ही होंगे।

# जीवन और विचारधारा

> बाबा साहब ने भारतीय समाज में जाति प्रथा के प्रचलन को दुर्भाग्यपूर्ण माना। उन्होंने जातिप्रथा की पद्धति को दो दृष्टिकोणों से स्पष्ट किया। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि जाति प्रथा नियतिवाद के रुढिग्रस्त सिद्धांतों पर आधारित है जो आर्थिक कार्यक्षमता के रूप में फलित नहीं होती। उसने न तो समाज को अभ्युन्त किया है और न वह कर सकती है। वह हिंदुओं के लिए नैतिक पतन और अव्यवस्था का कारण ही बनी है। हिंदू समाज के नैतिक जीवन पर उसका अनिष्टकारी प्रभाव ही पड़ा है। उसने जनशक्ति अथवा आत्मचेतना का हनन ही किया है, और लोक कल्याण के मार्ग में रोड़े ही अटकाए हैं। उसके कारण हिंदुओं की निष्ठा एवं वफादारी में कमी ही आई है। वह केवल जाति विरोध तक ही संकीर्ण बन गई है।उसके कारण सामाजिक गुण गरिमा रुग्ण हो गई है और नैतिकता पर जाति ग्रस्त प्रतिबंध का पहरा लग गया है। उसके कारण न तो उसको सुयोग्य जनों के प्रति सहानुभूति रही है और न गुणवानों की कद्र की जाती है।जातिप्रथा के चार वर्ण भेद सबसे अधिक अधोगतिकारक हैं जिन्हें हास्यास्पद और विसंगत ही समझना चाहिए। बाबा साहब ने जाति प्रथा की समस्या का निदान ढूंढने का प्रयास भी किया।

आधुनिक भारत की सामाजिक और राजनीतिक विचारधारा के क्षेत्र में डॉक्टर अंबेडकर का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है। वे समाज सुधारक होने के साथ-साथ एक महान राजनेता एवं भारतीय संविधान के निर्माता थे। उनकी गणना विश्व के महान विद्वानों में की जाती है। वे उत्कृष्ट कोटिक विद्वान थे। उनकी विद्वतापूर्ण योग्यताओं की सराहना सभी के द्वारा की गई है। बाबा साहब ने भारतीय समाज में जाति प्रथा के प्रचलन को दुर्भाग्यपूर्ण माना। उन्होंने जातिप्रथा की पद्धति को दो दृष्टिकोणों से स्पष्ट किया। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि जाति प्रथा नियतिवाद के रुढिग्रस्त सिद्धांतों पर आधारित है जो आर्थिक कार्यक्षमता के रूप में फलित नहीं होती। उसने न तो समाज को अभ्युन्त किया है और न वह कर सकती है। वह हिंदुओं के लिए नैतिक पतन और अव्यवस्था का कारण ही बनी है। हिंदू समाज के नैतिक जीवन पर उसका अनिष्टकारी प्रभाव ही पड़ा है। उसने जनशक्ति अथवा आत्मचेतना का हनन ही किया है, और लोक कल्याण के मार्ग में रोड़े ही अटकाए हैं। उसके कारण हिंदुओं की निष्ठा एवं वफादारी में कमी ही आई है। वह केवल जाति विरोध तक ही संकीर्ण बन गई है। उसके कारण सामाजिक गुण गरिमा रुग्ण हो गई है और नैतिकता पर जाति ग्रस्त प्रतिबंध का पहरा लग गया है। उसके कारण न तो उसको सुयोग्य जनों के प्रति सहानुभूति रही है और न गुणवानों की कद्र की जाती है। जातिप्रथा के चार वर्ण भेद सबसे अधिक अधोगतिकारक हैं जिन्हें हास्यास्पद और विसंगत ही समझना चाहिए। बाबा साहब ने जाति प्रथा की समस्या का निदान ढूंढने का प्रयास भी किया। उनके मतानुसार जाति प्रथा के विध्वंस का यह मतलब नहीं कि उसके भौतिक कटघरे को ही नष्ट कर दिया जाए, बल्कि उसका मतलब यह है कि उसमें सार्थक परिवर्तन लाया जाए। हिंदू लोग जाति प्रथा के इसलिए कायल नहीं हैं कि वे अमानुष्य और विकृत मस्तिष्क वाले हैं किंतु उसके इसलिए समर्थक हैं कि वे रुढिग्रस्त गहरे धार्मिक हैं। इसका यह अभिप्राय समझना चाहिए कि व्यक्ति अथवा समाज को इस प्रथा ने अपने चंगुल में नहीं जकड़ा है, अपितु शास्त्र ग्रंथों ने ही जाति प्रथा के परिचालन की शिक्षा दी है। ऐसी स्थिति में यही उचित है कि यदि शास्त्रों के प्रति बनी हुई हमारी आस्था ही मिटा दी जाए तो इस समस्या का सही समाधान निकाला जा सकता है। हमारा कत्तव्य है कि प्रत्येक स्त्री और पुरुष को इन शास्त्रों की गुलामी से मुक्त किया जाए। वेदों और स्मृतियों में जो भी विधि-विधान नियम अथवा अधिनियम लिखे गए हैं, इस दृष्टि से अनीतिमूलक हैं कि वे सभी वर्गों अथवा श्रेणियों के लिए समरूपता का निर्वहन नहीं करते। इस प्रकार की असमानता की सृष्टि शास्त्रों के द्वारा की गई है। जाति प्रथा को विनिष्ट करने के लिए यह जरूरी है कि लोगों के मन में धार्मिक मान्यताओं के प्रति सही विवेक उत्पन्न किया जाए ताकि वे जाति और वर्ण के निम्नोन्नत वर्णभेदों को नष्ट कर सकें। डॉ. अंबेडकर ने इस बात पर विशेष बल देते हुए लिखा है, 'वर्ण भेद उत्पन्न करने वाले धर्म को विनष्ट ही ठीक कर देना चाहिए क्योंकि ऐसा करने में किसी भी प्रकार की अधार्मिकता नहीं है।' बाबा साहब अंबेडकर भारतीय संविधान निर्मात्री सभा के प्रमुख थे। संविधान निर्मात्री सभा में उनकी भूमिका को देखते हुए उन्हें आधुनिक भारत का 'मनु' कहा जाता है। उनकी इस बात के लिए प्रशंसा की जाती है कि उन्होंने सुदृढ़ निष्ठा और अत्यधिक परिश्रम के साथ संविधान सभा में स्वतंत्र भारत के संविधान को पारित करवाया। इस संबंध में एस. सहाय ने कहा था, 'स्वाधीनता का श्रेय महात्मा गांधी को दिया जाएगा और इसको संहिताबद्ध करने का सेहरा बंधेगा उनके कटुतम आलोचक के सिर अर्थात हमारे महान संविधान के महान शिल्पी डॉक्टर अंबेडकर के सिर पर।' उन्होंने आगे कहा, 'उन्हें न केवल इस सदन से आभार पाने का सौभाग्य प्राप्त है अपितु पूरा राष्ट्र उनका आभारी है। जिस खूबी से उन्होंने संविधान के प्रारूप विभिन्न प्रावधानों का संचालन किया वह न केवल स्मरणीय है बल्कि आगे आने वाली पीढियां भी उन्हें याद रखेंगी।' भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर अप्रतिम प्रतिभा के धनी थे। उन्होंने देश की तन्मयता से सेवा की। वे भारतीय संविधान के शिल्पी ही नहीं थे बल्कि आधुनिक भारत के निर्माताओं में से भी एक थे। वे सर्व गुणों के धनी थे। वे एक साथ ही विचारक, लेखक, वक्ता, पत्रकार, राजनीतिज्ञ, समाज सुधारक, विधिवेता, शिक्षक और सांसद थे। बाबा साहब ने नारी मुक्ति के लिए भी सर्वाधिक प्रयास किए। वे प्रायः कहा करते थे कि हिंदू शास्त्रों में निहित आदेशों के अनुसार शुद्र एवं अछूतों के साथ-साथ समग्र स्त्री जाति पर चाहे वह किसी भी वरण की हो, बहुत जुल्म ढाया गया है। मैं हिंदू कोड पर विचार होने वाले दिनों में अनेक सवर्ण जाति से संबंध रखने वाली और पतियों द्वारा परित्यक्ता अनेक युवतियों और प्रौढ़ महिलाओं को देख चुका हूं, जिन्हें पतियों ने त्याग कर उनके जीवन निर्वाह के लिए नाम मात्र का चार-पांच रुपए मासिक गुजारा भत्ता बांधा था और वे दयनीय दशा के दिन अपने माता-पिता या भाई बंधुओं के साथ केवल स्वयं रो-रोकर व्यतीत कर रही थी। उनके अभिभावकों के हृदय भी ऐसे ही दुर्भाग्या बहनों तथा पुत्रियों को देख-देख कर शोक संतप्त रहते थे। बाबा साहब का करुणामय हृदय ऐसी देवियों की करुणा गाथा सुनकर पिघल जाता था। बाबा साहब ने नारी शिक्षा के महत्व को समझा। उनका मानना था कि समाज का कोई भी अंग चाहे वह नारी हो, दलित हो, पिछड़ा वर्ग हो या अन्य कोई हो, उसमें जागृति लाने के लिए शिक्षा की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने नारी शिक्षा के महत्व को प्रतिपादित करते हुए कहा था, 'शिक्षा शेरनी का दूध है। शिक्षा के बिना जीवन व्यर्थ है। कुछ सोचने, समझने या चिंतन करने की ताकत शिक्षा से ही संभव है।' नागपुर में महिलाओं के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा था, 'विवाह एक दायित्व है। उसे बोझ न समझें। बच्चों के विवाह में जल्दी न करें, उन्हें शिक्षित बनाएं, अपने पैरों पर खड़ा होने दें। इस दायित्व को तब तक अपने बच्चों पर न लादें, जब तक वे विवाह के दायित्वों को निभाने के लिए मानसिक एवं आर्थिक रूप से सक्षम न हो जाएं। यह बात भी ध्यान में रखें कि अधिक बच्चों को जन्म देना अपराध है। हर लडकी जो विवाह करे, वह घर के हर कार्य में, परिवार की उन्नति में सहयोग दे।

## देश दुनीया से

# संयोग, समझ और संयम

> जो आदमी सफल हो जाता है उसके बारे में हम मान लेते हैं कि उसने अनुभव से या प्रशिक्षण के माध्यम से सही फैसला लेने की तकनीक सीख ली है और जो व्यक्ति असफल हो जाता है उसके बारे में हम धारणा बना लेते हैं कि उसमें अनुशासन की कमी थी, लोगों से व्यवहार सही नहीं था, और उसने अहंकारवश गलत फैसले लिए, वगैरह, वगैरह। लेकिन अगर और बारीकी में जाएं तो हमें समझ आ जाता है कि हमारी धारणा पूर्वाग्रह ग्रसित थी। दरअसल हर सफलता और असफलता में मेहनत, कौशल, अनुशासन, निरंतरता और भाग्य की भूमिका होती है। समस्या यह है कि यह सुनिश्चित कर पाना संभव नहीं है कि इसमें भाग्य की भूमिका कितनी बड़ी है। कभी–कभी तो यह लगता है कि एक विशेष संयोग ही किसी खास सफलता या असफलता का कारण बना। आइए, इसे कुछ उदाहरणों से समझने की कोशिश करते हैं। हम बिल गेट्स की सफलता की कहानियां पढ़ते हैं, उनकी समृद्धि के चर्चे सुनते हैं और सुनाते हैं।

हमारा अज्ञान हमसे कैसे-कैसे अन्याय करवा लेता है इसकी कहानी बहुत अजीब है। अभी हाल ही में मुझे समझ आया कि खुद मैं कितना अज्ञानी था और इस अज्ञान से प्रभावित मेरी सोच कितनी दूषित थी। हम सफलता की कहानियां पढ़ते हैं और उनसे सीखने की कोशिश करते हैं। हम असफलता की कहानियां पढ़ते हैं और असफल लोगों द्वारा की गई गलतियों का विश्लेषण करते हैं तथा उन गलतियों से बचने की कोशिश करते हैं। जो आदमी सफल हो जाता है उसके बारे में हम मान लेते हैं कि उसने अनुभव से या प्रशिक्षण के माध्यम से सही फैसला लेने की तकनीक सीख ली है और जो व्यक्ति असफल हो जाता है उसके बारे में हम धारणा बना लेते हैं कि उसमें अनुशासन की कमी थी, लोगों से व्यवहार सही नहीं था, और उसने अहंकारवश गलत फैसले लिए, वगैरह, वगैरह। लेकिन अगर और बारीकी में जाएं तो हमें समझ आ जाता है कि हमारी धारणा पूर्वाग्रह ग्रसित थी। दरअसल हर सफलता और असफलता में मेहनत, कौशल, अनुशासन, निरंतरता और भाग्य की भूमिका होती है। समस्या यह है कि यह सुनिश्चित कर पाना संभव नहीं है कि इसमें भाग्य की भूमिका कितनी बड़ी है। कभी-कभी तो यह लगता है कि एक विशेष संयोग ही किसी खास सफलता या असफलता का कारण बना। आइए, इसे कुछ उदाहरणों से समझने की कोशिश करते हैं। हम बिल गेट्स की सफलता की कहानियां पढ़ते हैं, उनकी समृद्धि के चर्चे सुनते हैं और सुनाते हैं। पर क्या हमने उनके जीवन वृत्त को समग्रता में समझने की कोशिश की है? संयुक्त राष्ट्र संघ के आंकड़ों के मुताबिक सन 1968 में विश्व भर में हाई स्कूल की उम्र के बच्चों की संख्या सवा तीस करोड़ के आसपास थी। इनमें से लगभग एक करोड़ अस्सी लाख बच्चे अमेरिका में रहते थे। इनमें से भी लगभग पौने तीन लाख बच्चे वाशिंगटन राज्य में रहते थे। इन बच्चों में से एक लाख बच्चे सियेटल क्षेत्र के निवासी थे। इन एक लाख बच्चों में से 300 बच्चों लेकसाइड स्कूल के विद्यार्थी थे। लेकसाइड स्कूल उस समय विश्व का अकेला ऐसा स्कूल था जिसके पास कंप्यूटर भी था और लेकसाइड स्कूल के विद्यार्थी के रूप में बिल गेट्स को कंप्यूटर चलाना सीखने और कंप्यूटर का प्रयोग करने की सुविधा उपलब्ध थी। यह सुविधा हाई स्कूल जाने की उम्र के सवा तीस करोड़ बच्चों में से केवल 300 बच्चों को उपलब्ध थी और बिल गेट्स उनमें से एक थे। क्या यह भाग्य नहीं है? सन् 2005 में अपने स्कूल के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए खुद बिल गेट्स ने स्वीकार किया कि अगर लेकसाइड स्कूल न होता तो माइक्रोसॉफ्ट भी न होती। माइक्रोसॉफ्ट की स्थापना में ही नहीं, उसके सह-संस्थापकों के चुनाव में भी भाग्य की भूमिका रही है। स्कूल में केंट इवान्स और बिल गेट्स पक्के दोस्त थे। दोनों को स्कूल का कंप्यूटर उपलब्ध था। दोनों दोस्त कंप्यूटर के दीवाने थे और कंप्यूटर के प्रयोग में सिद्धहस्त थे। केंट इवान्स और बिल गेट्स में गहरी छनती थी और दोनों घंटो बतियाते रहते थे। दुर्भाग्यवश पर्वतारोहण के एक कार्यक्रम में केंट इवान्स की मृत्यु हो गई वरना माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापकों में बिल गेट्स और पॉल एलेन के अलावा केंट इवान्स का भी नाम होता। भाग्य ने केंट से यह अवसर छीन लिया। सत्ताइस साल लंबे वैवाहिक जीवन के बाद दो वर्ष पूर्व बिल गेट्स और मेलिंडा गेट्स ने अलगाव की घोषणा की।

## नागरिक बोध

# एक देश में दो दुनिया

हमारी न्यायपीठ के मुखिया को इस देश में एक साथ दो दुनिया बसती नजर आयी हैं। एक वह दुनिया जिसमें सात बीस का सौ होता है, और दूसरी वह दुनिया जिससे आठ बीस का पचास भी नहीं होता। गलत नतीजा बता क्या हम ऐसी दुनिया की बात कर रह हैं, जिससे गणित पढना गुनाह है या किसी उस दुनिया की बात जिसमें इतिहास के नाम पर भूगोल पढ़ा दिया जाता है। उसके बाद किसी फर्जी विश्वविद्यालय की उच्च डिग्री का दुमछल्ला लगा लो। भाषण करने लगो तो अपनी वक्तृता में दस बार अपने नाम का प्रयोग करने के बाद कहो कि 'मैं तो बेचारा एक कार्यकत्ता हूं, आपकी ज़िन्दगी सफल करने के लिए इस धरती पर आया हूं।' जी हां, जो ऊंचे प्रासादों से अवतरित होते हैं, उनके लिए कानूनों की आचार संहिता कुछ और, और इधर बेचारे फुटपाथियों के लिए कानून की सख्ती का कोई अन्त नहीं। न्यायपीठ ने तो कहा इस देश में हर व्यक्ति के लिए अलग-अलग कानून नहीं हो सकता। साब, हम आह भी भरें तो हो जाते हैं बदनाम, वह कत्ल भी करें तो शिकवा नहीं होता। लगता है ये कानून सदा से दो रुख वाले ही चलते आये हैं। आज उनका संज्ञान ले लिया गया तो कहने लगे, 'आह कितनी बेबाक टिप्पणी है। इस साहस के लिए ज़िन्दाबाद।' लेकिन क्या ज़िन्दाबाद का नारा लगाने के बाद दो अलग वर्गों के लिए एक ही कानून हो जाएगा। यह कानून बड़े-छोटे का, ऊंचे-नीचे का फर्क नहीं करेगा। सबकी धान पसेटी एक ही भाव बिकेगी। लेकिन ऐसा कभी होना नहीं। ऐसी समता की मात्र उम्मीद की जा सकती है, ऐसी उम्मीद जो करने वाले भी अपने ऊंचे मंच पर खड़े होकर जनता जनार्दन को समझा सकें। लेकिन मंच से बोलता हुआ आदमी ऊंचे स्वर में बोलता रहता है और धरती पर छिटके हुए लोग गिड़गिड़ाते तक एक अंदाज़ से हैं। मंच से उतरे आदमी के पांव पखारते हैं वह भी एक अंदाज़ से। उन्होंने कहा कि बड़े और छोटे का फर्क तो सदा से रहा है। महामारी आयी तो लाखों लोग अस्पताल में बैड न मिलने से चल बसे और चन्द लोग अपनी ऊंची मंज़िलों से गुरु गम्भीर वाणी में हमदर्दी प्रकट करते हुए जनसेवक कहलाये। भुखमरी सूचकांक आ गया, लेकिन विज्ञ पुरुषों ने बताया, 'देखो-देखो अपने यहां भुखमरी से इतने नहीं मरे, जितनी उम्मीद थी।' आंकड़ों का खेल है इसकी कल मरोड़ दो, तो लगता है जब इतने लोग मरे ही नहीं, तो कैसे कह सकते हो देश बदहाल है, असमाजवादी है। अब इन टिप्पणियों का क्या करें? टिप्पणी करने वाले टिप्पणी करते रहते हैं और फुटपाथ पर बरसों से पड़े आदमी जिन्दाबाद का जयघोष करते हुए देश की तरक्की के ज़ामिन हो जाते हैं।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


# डीएसपी अशोक प्रियदर्शी के नेतृत्व में मनाया गया बाबा साहब की 132 वीं जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड क्षेत्र में विभिन्न गाँवों और इलाकों में शुक्रवार को डॉक्टर बीआर अम्बेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। जिसमें बानासाड़ी में संविधान के रचयिता के महान नायक बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर की 132 वीं जयंती समारहो पूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सिमरिया एसडीपीओ अशोक कुमार प्रियदर्शी ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित की और केक काटा गया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित कर कहा कि बाबा साहब भीमराव आंबेडकर देश के कर्तव्यनिष्ठ व एक सच्चे सिपाही थे।जिन्होंने देश के प्रत्येक नागरिक को उनके कर्तव्य, अधिकार का एक मार्गदर्शन कराया।आगे उन्होंने कहा कि बाबा साहब का मुख्य उद्देश्य था कि देश के प्रत्येक नागरिक शिक्षित हो और अपने अधिकार को प्राप्त करने में सफल हो सके। उनकी जयंती पर उपस्थित हम सभी लोगों को संकल्पित होकर उनके द्वारा बनाए गए शिद्धान्तों व मार्गो पर चलना चाहिए और समाज में फैली कुरीतियों को जड़ से समाप्त करना होगा। जैसे मदिरा पान,नशाखोरी और निरक्षरता निश्चित रूप से कहीं न कहीं समाज के मुख्य धारा से भटकाते हुए अपराध की दुनिया में ले जाने में अहम भूमिका निभाता है। वहीं भीमवादियो ने डॉ अम्बेडकर के बताए गए मार्गो पर तथा उनके बनाए गए सविंधान का उपयोग करने का संकल्प एक होकर किया।बाबा साहब की जयंती बगरा, जबड़ा, केवटा, सबनो, डाड़ी, शिला, इचाक बिरहु। के अलावे अन्य सभी गाँवों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मौके पर बुधन राम, बजरंगी राम, रामेश्वर राम, पारो राम, राम, बरुण राम, सिकेन्द्र राम, गोपाल राम के अलावे सैकड़ों महिला पुरुष शामिल थे।

# डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर उपायुक्त ने बाबा साहेब के मूर्ति पर किया माल्यार्पण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर जिले के पोस्ट ऑफिस चौक स्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति पर उपायुक्त अबु इमरान, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी समेत जिले के पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर नमन किया। इस दौरान उपायुक्त अबु इमरान ने कहा कि बाबा साहेब के बताए हुए रास्ते पर चलें। साथ ही उन्होंने बाबा साहेब के जन्मदिन की सभी को शुभकामनाएं दी। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर जिले के सभी प्रखंड मुख्यालय में भी धूमधाम से जयंती समारोह मनाया गया। इस मौके पर सभी ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के पदों पर पद चिन्हों पर चलकर समाज की तरक्की प्रगति की बात कही है। सिमरिया के विधायक किशन कुमार दास ने टंडवा, गिद्धौर सहित कई क्षेत्रों में बाबा साहेब बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती समारोह में शामिल हुए।इस मौके पर उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर संविधान निर्माता है और देश के गरीब दबे कुचले लोगों के हितों के लिए उन्होंने अनेक कानून बनाए हैं जिनका लाभ उठाकर देश और समाज के अगली पंक्ति में लाया जा सकता है। उन्होंने आम लोगों से कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के पद चिन्हों पर चलकर ही देश विकसित राष्ट्र बनेगा।

# याद किए गए डॉ. भीम राव अंबेडकर

**महुआडाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के पोस्ट ऑफिस रोड के समीप नव निर्मित डाँ भीम राव अंम्बेटकर के प्रतिमा पर प्रतिष्ठित व वरीये अधिकारीयों के द्वारा माल्यार्पण किया गया साथ ही अनुमंडल परिसर पर अनुमंडल पदाधिकारी नित निखिल सुरीन के नेतृत्व में संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर अनुमंडल पदाधिकारी नित निखिल सुरीन, अनुमंडल एस डी पी ओ राजेश कुजूर, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग थाना प्रभारी आशुतोष यादव, उप प्रमुख अभय मिंज, कांगेस के वरिष्ठ सदस्य मो इस्तेखार अहमद, अजित पाल कुजूर, रामनरेश ठाकुर एवं अन्य लोगों ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी नित निखिल ने जिलावासियों को अंबेडकर जयंती की बधाई और शुभकामनाएं दी। वही अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि आज बाबा साहब अंबेडकर का जन्मदिवस हैं। भारत रत्न, संविधान निर्माता, एक महान क्रांतिकारी, विधि विशेषज्ञ एवं समाज सुधारक के साथ देश को एक सूत्र में रखने के लिए हमें एक ऐसा संविधान दिया है, जिसमें समाज के सभी जाति एवं पिछड़े वर्गों को विकास के समान अवसर दिए गए हैं। इस साल हम सभी बाबा साहेब की 132 वीं जयंती मना रहे है। साथ ही बाबा साहेब अंबेडकर के दिखाए पथ पर चलते हुए महिलाओं के उत्थान और शिक्षा का सामान अवसर बेटियों को मिले इस दिशा में हम सभी मिलजुलकर कार्य करने की आवश्यकता है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मो नसीम अंसारी, मो शुहेल, मो रानु खान, संजय मिंज, बसारत अली, मो नुरुल अंसारी, कोमल किण्डो, व मुखिया सहित दर्जनों लोग कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

# अज्ञात चोटिल घायल युवक पहुंचा अपने घर परिजनों में खुशी




**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना के अंतर्गत जपुआ टोला के समीप से 15 वर्ष का एक अज्ञात युवक जख्मी स्थिति मे बृहस्पतिवार 13 अप्रैल को मिला। जिसका माथा फटा हुआ था। एवं पीठ में काफी चोटें थीं। एक ग्रामीण के तत्परता से युवक को उठाकर गिद्धौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज करवाया गया। जहां युवक की स्थिति ठीक-ठाक था। युवक गांव का पता नहीं बता पा रहा था। लेकिन व्हाट्सएप एवं सोशल मीडिया के अनुसार ईसकी खबर चलने से शाम को ही युवक के परिजन खोजते खोजते आ रहे थे। युवक का फोटो एवं खबर चलने से युवक के परिजन पत्थलगड़ा पहुंचे।और वहां से गिद्धौर के रास्ते में आने की जानकारी मिली। उसके बाद गिद्धौर आने के क्रम में युवक बारियातू जंगल से बरामद हुआ। बता दें कि युवक को स्वास्थ्य केंद्र मे इलाज होने के बाद पुनः वापस गांगपुर की ओर जा रहा था। मिली जानकारी के अनुसार युवक का नाम टिंकू मिश्रा पिता चंद्रभूषण मिश्रा किशनपुर गांव टंडवा थाना निवासी का पुत्र है। युवक का चचेरा भाई अविनाश पाठक और अभिषेक मिश्रा को युवक रास्ते में मिला। एवं इसकी जानकारी युवक के सम्बन्ध में व्हाट्सएप ग्रुप प्रमुखता से खबर को पोस्ट करने वाले गिद्धौर संवाददाता भूपेंद्र पांडेय को इसकी जानकारी मिली। युवक के परिजनों ने सही सलामत अपने साथ भटकता हुआ युवक को अपना घर वापस ले गए।

# अंबेडकर की जीवनी से देश को सीखने की जरुरत : मंगेश्वर राम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** डॉ भीमराव अंबेडकर कि 132 वां जयंती पर विवेकानंद चिल्ड्रेन पार्क चंदनडीह में बहुजन समाज पार्टी जिला अध्यक्ष मंगेश्वर राम की अध्यक्षता में संयुक्त रूप से अंबेडकर की प्रतिमा में पुष्पांजलि व माला पहना कर अंबेडकर जी को याद किया गया। 132 वां जयंती पर अंबेडकर जी के महत्व को बताएं और शिक्षण सामग्री बच्चो के बीच वितरण करते हुए मंगेश्वर राम बसपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि बाबा साहेब हमारे भारत के सभी नागरिकों को समानता एवं शिक्षा का अधिकार दिए एवं हमारे देश के सभी नागरिकों को हर अधिकार से अवगत कराया है जो कि हमारे देश के नागरिक शिक्षित हो एवं देश के सारे नागरिक अपना अधिकार प्राप्त कर सके और साथी साथ देश की महिलाओं पर उन्होंने विशेष बल दिए ताकि शिक्षित बने एवं देश के लिए सही व्यवस्था का मूल्यांकन कर सकें। मोहन मिस्त्री आदिवासी लोहरा समाज के अध्यक्ष ने अंबेडकर जी की जीवनी से कई महत्वपूर्ण घटनाओं को जिक्र करते हुए कहा की शिक्षित समाज ही समाज में समरसता क्षमता का भाव रख सकती है। जयंती समारोह में बीएसपी जिला अध्यक्ष मंगेश्वर राम, आदिवासी लोहरा समाज जिला अध्यक्ष मोहन लोहारा, बीएसपी सदस्य सतन राम, बीएसपी प्रखंड प्रभारी प्रकाश राम, बीएसपी अध्यक्ष अमेश राम, बीएसपी सदस्य मुकुल देव रवि, गणेश लाकड़ा, बिगावन राम, सोनिया देवी, सुगंधी देवी, अनुप्रिया कुमारी, दीपिका कुमारी, कमलेश राम, धनंजय कुमार मौजूद थे।

# अंबेडकर विचार मंच ने बाबा साहब को किया नमन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** शुक्रवार को बरवाडीह अम्बेडकर बिचार मंच के अगुवाई में भारत रत्न बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर की 132 जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के चार चांद लगाने को मुख्य अतिथि विधायक रामचन्द्र सिंह, राम स्नेही राम, जिप सदस्य संतोषी शेखर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत शोभा यात्रा से शुरू हुई ।इस दौरान जय भीम के नारे गूंजे और कहा गया जबतक सूरज चांद रहेगा बाबासाहेब तेरा नाम रहेगा। इसके बाद शोमा यात्रा रैन बसेरा से निकल कर अम्बेडकर चौक पर स्थित भारत रत्न डॉ भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा का माल्यार्पण किया गया। जहां अतिथियों को सम्मानित करते हुए मौके मुख्य संरक्षक बिरजू राम और रविन्द्र राम के प्रयास से बाबासाहेब के जीवन और सपने को पिरोकर बेहतरीन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मौजूद सम्मानित विधायक रामचंद्र सिंह ने बाबा भीम राव अम्बेडकर के विचार रखे और कहा कि संविधान के निर्माता अंबेडकर स्वस्थ्य, शिक्षित समाज और समानता के प्रतिक रहे।पुरे विश्व मे बाबासाहेब अपने उत्कृष्ट विचारधारा के लिए जाने जाते थे। भारत का संविधान पुरे विश्व मे एक मजबूत लोकतंत्र के रूप में देखा जा रहा है। मौके पर नन्द किशोर राय, सुरेंद्र राम, रमेश कुमार, अजय दास, श्रीराम, बादशाह के अलावा कई वक्ताओं ने बाबा साहेब के विचार रखे।

# अपहरणकर्ता युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना के अंतर्गत ब्रहमपुर मोड़ से अपहरणकर्ता युवक चंदन कुमार पिता प्रीतम दास गांव सिंमपुर थाना चौपारण के युवक को गिद्धौर थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव के आदेशानुसार टिंकवानंद भगत द्वारा गिरफ्तार किया गया। बता दें कि लड़की के माता आवेदन देकर इसकी शिकायत थाना में लिखित आवेदन के द्वारा किया था। जिसका थाना कांड संख्या 30/23 में मामला दर्ज कर युवक को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेजा गया है।

# उपायुक्त ने डॉ.भीमराव अम्बेडकर कि प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** डॉ भीमराव अंबेडकर की 132 वीं जयंती पर जिले के उपायुक्त भोर सिंह यादव ने चंदनडीह स्थित चिल्ड्रेन पार्क में बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। उपायुक्त ने कहा की बाबा साहेब डा भीमराव अंबेडकर भारतीय विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, और समाज सुधारक थे। उन्होंने दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और अछूतों से सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था।एक बार उन्होंने कहा था कि किसी भी समाज का उत्थान उस समाज में शिक्षा की प्रगति पर निर्भर करता है। डीडीसी आलोक शिकारी कच्छप, आई टी डिए विंदेश्वरी ततमा, एसडीएम शेखर कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी मेघनाथ उरांव, व बंधन लौंग, समेत मौके पर अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# शिव प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव सह रुद्रचंडी महायज्ञ को लेकर हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** प्रखंड मुख्यालय के सराधू पंचायत के हरैया गांव में सार्वजनिक शिव मंदिर परिसर में शिव प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव सह रुद्रचंडी महायज्ञ को लेकर बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता समाज सेवी मंगलदेव उर्फ मनोज यादव व संचालन महेंद्र महतो ने किया।बैठक में उपस्थित सरादु पंचायत के विभिन्न टोला मुहल्लों के ग्रामीणों ने भाग लिया। बैठक में आयोजन को सफल बनाने को ले सभी लोगों से विचार विमर्श किया गया। साथ ही कमेटी को विस्तार कर कमेटी के सदस्यों को दायित्व सौंपा गया। कमेटी अध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष से यज्ञ को लेकर किये जा रहे चंदे की समीक्षा की गयी। बैठक में 13 मई को महायज्ञ को लेकर होनेवाली जल यात्रा के साथ पांच दिवसीय रुद्रचंडी महायज्ञ शुभारंभ को लेकर कार्य विभागों का चयन, कलश यात्रा के पूर्व मार्गो की सफाई, भंडारा, रासलीला, प्रवचन, मेला लगवाने, चार पहिया व दो पहिया वाहनों के लिए पड़ाव बनाये जाने समेत अन्य कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से चंदा में तेजी लाने का निर्णय लिया गया। बैठक में यज्ञ को शत प्रतिशत सफल बनाने पर विचार विमर्श किया गया। गाजेबाजे के साथ शोभा यात्रा निकालने का भी निर्णय लिया गया।

# अंबेडकर के जयंती पर अंबेडकर वादियो ने जम कर मनाया उत्साह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लावालौंग :** प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत परामातु में डॉ भीमराव अम्बेडकर की 132वी जयंती बहुत धूम धाम से मनाया गया। डॉ भीमराव आंबेडकर के 132वीं जयंती के मुख्य अतिथि विषसूत्री अध्यक्ष श्री छठु सिंह भोक्ता एवं विशिष्ट अतिथि हेडुम पंचायत मुखिया संतोष राम, पंचायत समिति प्रदीप तुरी थे। छठु सिंह भोक्ता ने डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती पर सम्बोधित कर सारे सम्मानित ग्रामीण जनताओं को कहा अगर डॉ भीमराव आंबेडकर की राहों पर चलना है उनके बिचारो को समझना हैं डॉ आंबेडकर ने कहा था शिक्षित बनो, संघर्ष करो एवं संगठित बनो। इसी राह पर चलने की जरूरत है और हम सभी को इस राह पर चलना है। इस कार्यक्रम का संचालन श्री रघु राम कर रहे थे। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि विषसूत्री अध्यक्ष छठु सिंह भोक्ता, हेडुम पंचायत मुखिया संतोष राम, पंचायत समिति सदस्य श्री प्रदीप तुरी, हम सभी के गार्जियन जानकी राम, पूर्व जिला परिषद प्रत्याशी महेश रविदास, पूर्व मुखिया प्रत्याशी प्रतिमा देवी, शिक्षक गणेश राम, प्रकाश रविदास, विष्णु रविदास, धर्मदेव रविदास, बासुदेव ठाकुर सेविका निशा रानी, उषा देवी, कविता देवी वार्ड सदस्य संजू देवी, सहिया सुनैना देवी इत्यादि मौजूद थे।

# महुआडांड़ प्रखंड में दिखा बंदी का असर दिखा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** भाकपा माओवादीयों का दो दिवसीय बंदी का असर महुआडांड़ प्रखंड मुख्यालय में दिखा, महुआडांड़ बस स्टैंड से लंबी दूरी की एक भी बसें नहीं चली एवं यात्री बसे खड़ी रही, सुबह-सुबह कुछ लोगों ने दुकान खोलना शुरू ही किया था कि बंदी की खबर सुनते, पुणः दुकानों को बंद कर दिया गया, गांव से बस पकड़ने पहुंचे यात्रीयों को वापस बस स्टैंड महुआडांड़ से अपने घर को लौटना पड़ा रांची, छत्तीसगढ, लोहरदगा एवं मेदिनीनगर से कोई भी लंबी दूरी की बसें महुआडांड़ से नही चला, वही बसों के परिचालन बंद होने से महुआडांड़ बस स्टैंड पुरी तरह से सुनसान रहा वही माओवादी बंदी को देखते हुए पुलिस प्रशासन चप्पे-चप्पे पर मौजूद थे।

# लुटेरों ने चालक व उपचालक को अगवा कर चोकर लदा ट्रक लेकर हुए फरार



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिहार के रोहतास जिला के डेहरी थाना क्षेत्र के ताराचंडी मंदिर के समीप गुरूवार की रात अज्ञात लुटेरों ने चोकर लदा ट्रक लेकर चंपत हो गए। अगवा ट्रक चतरा शहर के लाइन मोहल्ला पनसलवा निवासी डोमन साहु का है। वही चालक व उपचालक को सड़क किनारे पर स्थित पेड़ में बांध दिया। इतना ही नही दोनों के पास से मोबाइल व पैसे भी ले लिए। सुबह दोनो किसी तरह से बंधनमुक्त होने के बाद इसकी जानकारी वाहन मालिक को दी। वाहन मालिक ने बताया कि उसका ट्रक जिसका नंबर जेएच 13 बी 8304 बनारस से चोकर लेकर इटखोरी के लिए वाहन रवाना हुआ था। वहां से चोकर लादकर चालक इटखोरी आ रहा था। ताराचंडी से दो किलो मीटर आगे पहले से घात लगाए लुटेरों ने हथियार का भय दिखाकर वाहन को रोक लिया। उसके बाद चालक व उपचालक को जमकर पिटाई कर दी। उसके बाद दोनों को सड़क किनारे बांध डाला और मोबाइल व पैसे ले लिए। इतना ही नही वाहन में लगा जीपीएस भी लुटेरो ने तोड़कर फेंक दिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक लुट का वाहन भागलपुल की ओर जाने की बात कही जा रही है। इस संदर्भ में एस पी दिलीप कुमार ने बताए की जल्द ही लुटेरों से मुक्त किया जायेगा ट्रक।

# पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाई गई बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर की 132 वीं जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत कई स्थानों पर भारत रत्न, संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 132 जयंती समारोह पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक किशुन कुमार दास ने प्रखंड क्षेत्र के कोयद पंचायत में पहुंच कर, डॉ भीमराव अंबेडकर की आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर नमन करते हुए बाबा साहेब की जयंती मनाई। वही पंचायत क्षेत्र के सोपारम गांव में भी लोगों ने भव्य रूप से जयंती समारोह का आयोजन किया। आयोजित जयंती समारोह में शामिल कई वक्ताओं ने बाबा साहेब की जीवनी पर प्रकाश डाला एवं लोगों को कानून के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर स्थानीय मुखिया किशुन राम, समाजसेवी हीरामन राम, बालेश्वर राम, जीवलाल भगत, सुभाष राम, राजकुमार राम, सोपारम से तपेश्वर राम, रतन राम, राजेश राम, सुखदेव राम, भुवनेश्वर राम सहित सैकड़ों की संख्या में पुरुष एवं महिलाएं शामिल थी। बाबा साहब का कथन, कर्म में विश्वास हम सभी मानव जीवन के लिए अनुकरणीय ~ सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय टंडवा प्रखंड अन्तर्गत ग्राम सिसई में सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय की अगुवाई में डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। उसके बाद बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के प्रेरणादाई कथनों को सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय ने कहा, कि संविधान निर्माता, भारत रत्न, बाबा साहब अंबेडकर जी का कहना था कि अपनी शक्ति और कर्म में विश्वास रखना चाहिए, यह कथन हम सभी मानव जीवन के लिए अनुकरणीय है। साथ ही बुद्धि का विकास मानव के अस्तित्व का अंतिम लक्ष्य होना चाहिए ; बाबा साहब का यह कथन सम्पूर्ण मानव जगत के लिए प्रेरणादाई है जिसे हमसभी को अनुकरण करते हुए अपने जीवन में अमल करना चाहिए। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित सहायक अध्यापक संघ टंडवा के अध्यक्ष सुमन भारतीय ने कहा कि जाति, नस्ल या वर्ग का अंतर भूलाकर समाजिक भ्रातृत्व को सर्वोच्च स्थान देना राष्ट्रवाद का मूल भाव है।

# अनेकों जगह डॉ. भीमराव अंबेडकर की 132 वीं जयंती धूमधाम से मनाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखणड में डॉज़भीम राव अंबेडकर की 132 वीं जयंती धूम धाम से मनाया गया। इस मौके पर सिमरिया विधायक किशुन दास पिंडारकोण गावं पहुंचे। उन्होंने भीम राव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम का शुरुआत किया गया। तथा उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। और लोगों को इनके द्वारा बताए गए मार्गदर्शन पर चलने की बातों का उल्लेख किया गया। इस मौके पर प्रमुख अनिता यादव प्रखंड अध्यक्ष कपिल कुमार सांसद प्रतिनिधि मनोज कुशवाहा बसंत कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

# मुखिया ने कराया जल मीनार की मरम्मत ग्रामीणों में खुशी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत बारिसाखी पंचायत के मुखिया सुमीरा देवी ने अत्यधिक गर्मी को देखते हुए पंचायत के अंतर्गत बेकार पड़े जल मीनार को 15 वीं वित्त आयोग के राशि से सभी जल मीनार हो दुरुस्त करवाई है। गर्मी में ग्रामीण जनता को पानी का किल्लत ना हो और गर्मी से राहत मिल सके। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि दिनेश भारती व ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

# कुन्दा पुलिस ने एनडीपीएस के दो फरार अभियुक्तों के घर ढोलक बजाकर इशतेहार चिपकाया



**कुन्दा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुन्दा पुलिस ने शुक्रवार को एनडीपीएस के फरार चल रहे दो आरोपियों के घर ढोलक बजाकर इश्तेहार चिपकाया। पुलिस ने डुमरवार गांव के महेंद्र यादव पिता बेचू यादव वहीं दूसरा कंवातरी गांव के अभियुक्त सतेंद्र यादव पिता पचू यादव के घर देवाल इस्तेहार चिपकाया। कुन्दा पुलिस ने बताया कि एनडीपीएस के 06\20 दोनों नमजात अभियुक्त है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि थाने में केश दर्ज होने के बाद से ही प्राथमिकी अभियुक्त कानून की नजरों से फरार चल रहा है। इधर कोर्ट ने पुलिस को अभियुक्त घर पर इतिहास चिपकाने का आदेश दिया। पुलिस ने फरार अभियुक्त के परिजनों को जल्द से जल्द सरेंडर करवाने के लिए कहा। इस कार्रवाई में पीएसआई मोतीराम देवगम एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### भामाशाह सरस्वती विद्या मंदिर में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 132 वीं जयंती मनाई गई

**हज़ारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गया रोड़ बरही में बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के कोषाध्यक्ष रोहित कुमार, प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय, आचार्य चंद्रमोहन मिश्र और संजीव सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने कहा कि बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी का पूरा जीवन संघर्षपूर्ण रहा। भारत की आजादी के बाद उन्होंने देश के संविधान के निर्माण में अपना अभूतपूर्व योगदान दिया। हमें उनके बताये रास्ते पर सदैव चलने का प्रयास करना चाहिए। वरिष्ठ आचार्य चंद्र मोहन मिश्र जी ने कहा कि भारतीय संविधान के जनक अंबेडकर जी महान समाज सुधारक थे जिनके बताए मार्ग का अनुसरण करने के लिए उनकी जयंती मनाई जाती है। जयंती प्रमुख संजीव सिंह ने कहा कि अम्बेडकर जी ने दलित समाज के उत्थान में काफी संघर्ष कर उनको समाज में एक उचित स्थान दिलाया। इसके साथ ही विद्यालय के बहनों में आराधना कुमारी, रिया कुमारी ने भी डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के बारे में अपने-अपने विचार रखें। कार्यक्रम का संचालन बहन किरण कुमारी और धन्यवाद ज्ञापन जुली कुमारी के द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त आचार्य एवं दीदी जी उपस्थित रहे और इन्होंने अपना भरपूर सहयोग प्रदान किया।



### आईलेक्स में मनाया गया संविधान निर्माता की जयंती, बाल संसद का किया गठन

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर आईलेक्स में बाल संसद का गठन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ भीमराव अम्बेडकर की तस्वीर पर पुष्प अर्पण के साथ की गई। जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिए। फिर बाल - संसद के मनोनीत सदस्यों को उनके पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। मौके पर विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने कहा कि आज सामाजिक नवजागरण के अग्रदूत और समतामूलक समाज के निर्माणकर्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती है। जिन्होंने पूरा जीवन संघर्ष करते रहे। भेदभाव का सामना करते हुए उन्होंने अपनी शिक्षा पूरी की। आजादी की लडाई में शामिल होकर स्वतन्त्र भारत को एक लोकतांत्रिक राष्ट्र बनाने के लिए संविधान निर्माण में अतुल्य भूमिका निभाई। जिन्हें डॉ भीमराव अंबेडकर को संविधान निर्माता के तौर पर जाना जाता है।




### धनवार पंचायत में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 132 में जयंती मनाई गई

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत के दूधपनिया में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर धनवार पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर एक महान अर्थशास्त्री,न्यायवादी, राजनेता और समाज सुधारक थे। डॉ0 भीमराव अंबेडकर को बाबा साहब के नाम से भी जाना जाता है। उन्हें भारतीय संविधान के शिल्पकार भी कहा जाता है। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891को मध्यप्रदेश के महू गांव में हुआ था। अंबेडकर विपुल प्रतिभा के छात्र थे उन्होंने कोलंबिया विश्वविद्यालय और लंदन स्कूल आफ इकोनॉमिक्स दोनों ही विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की, तथा विधि अर्थ शास्त्र और राजनीति विज्ञान में शोध कार्य भी किए।व्यवसायिक जीवन के आरंभिक भाग में यह अर्थशास्त्र के प्रोफेसर रहे, वकालत भी की तथा बाद का जीवन राजनीतिक गतिविधियों में अधिक बीता इसके बाद अंबेडकर भारत की स्वतंत्रता के लिए प्रचार और चर्चाओं में शामिल हो गए।पत्रिकाओं को प्रकाशित करने राजनीतिक अधिकारों की वकालत करने और दलितों के लिए सामाजिक स्वतंत्रता की वकालत और भारत के निर्माण में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। सन 1956 में उन्होंने बौद्ध धर्म अपना लिया। 1990 में उन्हें भारत रत्न, भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से मरणोउपरांत सम्मानित किया गया था। भारतीय संविधान के जनक अंबेडकर जी महान समाज सुधारक थे,जिनके बताए मार्ग का अनुसरण करने के लिए उनकी जयंती मनाई जाती है। अंबेडकर जी ने दलित समाज के उत्थान में काफी संघर्ष कर उनको समाज में एक उचित स्थान दिलाया। मौके पर मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, सिकंदर कुमार, उर्फ रमन कुमार, विनोद रविदास, दिनेश रविदास, शंकर रविदास, दीपक रविदास, जागेश्वर रविदास,नरेश रविदास, राजन रविदास, राजकुमार रविदास, सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे ।



# जयंती पर याद किए गए बाबा साहब, उपायुक्त एवं पुलिस कप्तान ने अर्पित किया श्रद्धा सुमन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** उपायुक्त नैंसी सहाय एवं पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे ने जिलेवासियों को 133वीं अंबेडकर जयंती की बधाई दी है। उन्होंने आज डिस्ट्रिक बोर्ड चौक अवस्थित बाबा भीमराव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपना सम्मान प्रकट किया। मौके पर उन्होंने कहा कि संविधान के सूत्रधार बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती की बधाई देती हूं। संविधान के रचयिता ज्ञान और विलक्षण प्रतिभा संपन्न डॉ. अम्बेडकर ने प्रतिकूल परिस्थितियों में भी एक शिक्षाविद, कानूनी विशेषज्ञ, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक के रूप में काम किया। डॉ साहब की सामाजिक न्याय की अवधारणा अतुलनीय थी जो सामाजिक समरसता का संदेश देता है। उनका मूल मंत्र शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो हमेशा प्रासंगिक रहेगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बाबा साहब अम्बेडकर का पूरा जीवन प्रेरणाश्रोत है उनके विचारों,आदर्शो को जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर महापौर रोशनी तिर्की,अपर समाहर्ता राकेश रोशन,डीआईजी बीएसएफ,एनडीसी डेविड बलिहार, सदर सीओ राजेश कुमार समेत कई अन्य मौजूद थे।



### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कोविड-19 की जांच शुरू

**बड़कागांव :** कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कोविड-19 की जांच शुरू कर दी गई है। डॉक्टर बीएन प्रसाद के देख-रेख में आरटीपीसीआर कीट और बीएलएम से जांच किया जा रहा है। जांचकर्ता नसरुद्दीन अंसारी और रंजीत कुमार ठाकुर ने बताया की गुरुवार को कुल 26 लोगों की जांच की गई जिसमें सभी का परिणाम नेगेटिव आया है। प्रभारी डॉ बीएन प्रसाद ने बताया कि बदलते मौसम और बढ़ती गर्मी में तेजी से लोग खांसी, जुखाम, बुखार से ग्रसित हो रहे हैं।

## राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** जेएसपी पतरातू में शुक्रवार को राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। जिसे भारत में हर साल ÷शहीद दिवस÷ के रूप में भी जाना जाता है, उन बहादुर अग्निशामकों को श्रद्धांजलि देने के लिए उन्होंने 14 अप्रैल 1944 में मुंबई डॉकयार्ड में आग और बड़े पैमाने पर विस्फोट के दौरान अपने जीवन का बलिदान दिया था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्लांट हेड रमेश कुमार अजमेरिया ने अग्निशमन सेवा ध्वजारोहण कर के किया और उन बहादुर अग्निशामकों को श्रद्धांजलि दी। हमने दो मिनट का मौन रखा और अग्नि सुरक्षा की शपथ ली। इस वर्ष अग्निशमन सेवा दिवस की थीम थी ÷राष्ट्रीय अवसंरचना के विकास के लिए अग्नि सुरक्षा में जागरूकता। कार्यक्रम में कारखाना प्रबंधक व सभी विभागों के शीर्ष अधिकारी और कर्मचारियों उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन और संचालन आग और सुरक्षा विभाग जेएसपीएल ने किया।

## यज्ञ मानव जीवन को सफल बनाने का एक आधारशिला है : ममता देवी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** दुलमी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत होन्हे पंचायत के बोंगासोरी में श्री श्री 1008 रुद्र प्राण प्रतिष्ठा सह पांच दिवसीय महायज्ञ का आयोजन किया गया । गुरुवार की रात्रि प्रवचन में बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ पुर्व विधायक ममता देवी व विशिष्ट अतिथि कांग्रेस के पुर्व प्रत्याशी बजरंग महतो, सम्मानित अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, होन्हे पंचायत के पुर्व मुखिया प्रत्याशी रविकांत महतो संयुक्त रूप से फीता काटकर विधिवत् उद्घाटन के। मुख्य अतिथि ममता देवी ने कहा कि जिस क्षेत्र में यज्ञ का जहां रूद्र महायज्ञ होता है शक्तियों का वास होता है। खासतौर से यज्ञ का धुआं से भगवान शिव महादानी है। क्षेत्र में के साथ-साथ पर्यावरण भी शुद्ध होता है। यज्ञमंडप की परिक्रमा की तथा घूम-घूमकर देवी-देवताओं की प्रतिमा का दर्शन किया एवं हवन स्थल में जाकर माथा टेक समस्त रामगढ़ विधानसभा वासियों के सुख समृद्धि ओर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। मौके पर आयोजन समिति अध्यक्ष बैजनाथ ओहदार , उपाध्यक्ष प्रकाश रंजन, सचिव गजेंद्र चौधरी कोषाध्यक्ष गोपाल महतो, पवन, महेंद्र ओहदार, राजन कुमार, अरविंद कुमार,खखु महतो, हेमलाल महतो, राजकुमार महतो, छोटन कुमार, करमू महतो,बहादुर कुमार,बलराम महतो, लिलेश्वर महतो,व सौकडों श्रद्धालु भक्त मौजूद थे।



## बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल कमिटि के द्वारा भारत रत्न डा0 भीम राव अम्बेडकर की जयंती नापोखुर्द हाई स्कूल के प्रागंण मे मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो व संचालन मंडल उपाध्यक्ष अशोक साव ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत में बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो ने कहा बाबा साहेब ने भारत के संविधान को बनाने मे अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। मंडल उपाध्यक्ष अशोक साव ने कहा कि डा. भीम राव अम्बेडकर देश मे छुआछूत, जात पात को मिटाने के लिए दलित, शोषित वंचित, दबे, कुचले पिछडी वर्ग के हक अधिकार लिए पुरे जीवन आन्दोलन किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि बेचन साव, श्रीकांत निराला, महामंत्री सुमन गिरी, दिनेश करमाली, विजय यादव, मंत्री विनोद महतो, उपाध्यक्ष विकास कुमार, विजय साव, कार्तिक मांझी, सुखु मांझी, मनोज साव , पारस प्रसाद सहित दर्जनो लोग उपस्थित हुए।



## बड़कागांव पुलिस ने एक अवैध कोयला व तीन अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को किया जब्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की के नेतृत्व में अवैध बालू और कोयला कारोबार के रोकथाम को ले कर गुरुवार रात्रि में सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी के दौरान मोतरा घाटी के पास से 3 टन अवैध कोयला लदे ट्रैक्टर को जप्त किया गया। जप्त ट्रैक्टर को बड़कागांव थाना परिसर ला कर बड़कागांव थाना कांड संख्या 124/23 धारा 411, 34 भाश दाश विश एवं 30(द्धद्ध) कोल माइंस अधिनियम तथा 33 भारतीय वन अधिनियम के तहत ट्रैक्टर मालिक, चालक एवं खदान संचालक के विरुद्ध दर्ज किया गया। साथ अवैध बालू लदे 3 ट्रैक्टर को भी पकड़ कर बड़कागांव थाना परिसर लाया गया है। इस संबंध में सनहा संख्या 42/23 दर्ज करते हुए अग्रिम करवाई हेतु अंचल अधिकारी बड़कागांव के द्वारा जिला खनन पदाधिकारी को भेजा गया है। मामले को लेकर थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने कहा के बड़कागांव थाना छेत्र से बालू, कोयला या किसी भी तरह का अवैध कारोबार नही करने दिया जाएगा। अगर को कोई अवैध कारोबार करता है तो निश्चित रूप से उसके विरुद्ध करवाई की जाएगी। कानून तोड़ने वाले और कानून के विरुद्ध अवैध कारोबार करने वालों को पकड़ कर जेल भेजा जाएगा।



# धूमधाम से मनाया गया गुरुद्वारा साहिब में बैसाखी का पर्व, सजाया गया विशेष दीवान


**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** श्री गुरुद्वारा साहिब में साध संगत ने खालसा का सृजना दिवस बड़े ही श्रद्धा भक्ति एवं उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया। रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में सर्वप्रथम सुबह 7ः00 बजे निशान साहब की सेवा की गई। गुरुद्वारा साहिब में 11ः00 बजे से विशेष दीवान सजाया गया, गुरुद्वारा साहिब के हेड ग्रंथि बाबा गुरजीत सिंह ने अरदास की, जहां रांची से आए हजूरी रागी भाई महिपाल सिंह भाई सरबजीत सिंह ने बड़े ही मनमोहक ढंग से सबद गायन किया। इन्ही की किरपा से सजे हम हैं नहीं मोह से गरीब करोर परे, अमृत पियो सदा चीर जीवो, नासूरो मंसूर गुरु गोविंद सिंह गोविंद सिंह देह शिवा बर मोहे है शुभ कर्मन ते कबहू न डरो.... आदि सबदो से संगत को निहाल किया। रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब के प्रधान परमदीप सिंह कालरा ने सभी साध संगत को बैसाखी की बधाई दी।

**शामिल हुई रामगढ़ की विधायिका सुनीता चौधरी :** रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में रामगढ़ की नवनियुक्त विधायिका सुनीता चौधरी शामिल हुए। गुरुद्वारा साहिब की ओर से कमलजीत संघोत्रा ने विधायक सुनीता चौधरी को शाल देकर सम्मानित किया।

गुरुद्वारा साहिब में बैसाखी पर्व को लेकर पूर्व महासचिव सरदार जगजीत सिंह सोनी ने बैसाखी पर्व के इतिहास के बारे में प्रकाश डाला। जिसके बाद गुरुद्वारा साहिब में अटूट लंगर बांटा गया।

मौके पर रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब के प्रधान परमदीप सिंह कालरा, मीत प्रधान अमरजीत सिंह सैनी हरदीप सिंह होरा मीडिया इंचार्ज कर्मजीत सिंह जग्गी गुरु नानक स्कूल के डिप्टी चेयरमैन मनमोहन सिंह लांबा, पप्पू जस्सल रविंद्र सिंह छाबड़ा, जगजीत सिंह सोनी जोगिंदर सिंह जग्गी बलजीत सिंह बेदी , बंटी चमन,टीटू छाबड़ा रघुवीर सिंह छाबड़ा, गुरप्रीत चाना अरविंदर सिंह सैनी तेजिंदर सिंह हरमीत सिंह कालरा अमरजीत सिंह जगजीत सिंह बिट्टू सिंह चंडोक गुरजीत सिंह सलूजा बलविंदर सिंह पवार लकी मेहरा जसवंत सिंह शेरगिल जगजीत सिंह एलआईसी टोनी कोहली डॉक्टर मनवीर कौर पम्मी गांधी, पिंकी सलूजा महिंद्र कौर विमला मेहरा जसप्रीत कौर जोली नीलम अरोड़ा रंजू अरोड़ा जसमीत कौर सोनी, करमजीत कौर जगी सुखमीत कौर जसप्रीत कौर जसविंदर कौर, अनुपमा सिंह शामिल हुई।



### भीमराव अम्बेडकर की जयंती दौलत महतो बीएड महाविधालय में धूमधाम से मनी

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ के बनासो स्थित दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जयंती मनाई गई तथा वैशाखी के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। प्रशिक्षुओं का कक्षा प्रारंभ किया गया। प्रशिक्षुओं को सम्बोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सुनील कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि डॉ0 अम्बेडकर जी के शिक्षक राष्ट्र निर्माण में लोकतांत्रिक मूल्यों के विचारों अनुशीलन करना आवश्यक है। उपस्थित होने वाले सहायक प्राध्यापकों में सवर्णा मिश्रा, बबली कुमारी,ओमकार नाथ शर्मा, संजय चौरसिया,अशोक झा,वीरेन्द्र देव,शशि देव,चंदन कुमार,राघवेंद्र प्रताप, सरोज श्रीवास्तव, राजेश कुमार,प्रवीण कु0 जायसवाल, विपिन कुमार,जितेंद्र कुमार,अदृश मुखर्जी, डॉ0 सतीश चंद्र यादव,जयपाल राणा,डॉ0 अम्बरीश कु0 दुबे,डॉ0 विजयकांत चक्रवर्ती, दिलीप कु0 पाठक,सीमा, छबि राम सिंह,अजीत कुमार संतोष कुमार,विनोद कुमार,धर्मनाथ महतो,सौरभ सुमन,प्रकाश कुमार,लक्ष्मण कुमार,आजाद एवं सभी सत्रों के प्रशिक्षु शिक्षक उपस्थित रहे।

### बंगाली टोला शिव पार्वती मंदिर में मंडा पर्व नील शोष्टि पूजा किया गया

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामगढ़ के वार्ड नंबर 5 के प्राचीन शिव मंदिर शिव पार्वती मंदिर में नीलशोष्टि पूजा मंडा पर्व पूरे विधि विधान के साथ देवी का मंत्र उच्चारण के साथ संपन्न हुआ मुख्य पुजारी गणेश पांडे सहायक ऋषिकेश सिंह एवं दो भोक्ता जो प्राचीन काल से पूर्वजों के द्वारा मंडा पर्व मनाया जाता है तथा बली की भी प्रथा है रामगढ़ के प्राचीन शिव मंदिर शिव पार्वती मंदिर लगभग लगभग 300 वर्ष से मनाया जा रहा है पिछले दिनों आज से 40 साल पहले इस मंदिर के प्रांगण में छौ नाच का नित्य अग्नि पर चलकर भोक्ता गन आस्था और निष्ठा के साथ भगवान भोले की आराधना कर विधिवत पूजा पाठ करते थे पिछले कई वर्षो से छो नाच और अग्नि पर चलने का कार्यक्रम किसी कारणवश नहीं होने लगा उसके बाद से लगातार प्राचीन शिव पर्वती मंदिर में मंडा पूजा को नियमित रखा गया और पूरे विधि विधान के साथ पूजा किया जाता है बंगाली टोला के गोस्वामी परिवार के द्वारा पूजन का व्यवस्था पाठा बली की व्यवस्था की जाती है यहां के महिलाएं बंगाली टोला सिंह बकरी छोटकी बकरी के सभी लोग भोलेनाथ पार्वती की आशीर्वाद प्राप्त करती है मौके पर भक्त गण गणपति गोस्वामी भ्रमर गोस्वामी समा दास गोस्वामी श्रीतेश गोस्वामी सुबीर गोस्वामी एस गोस्वामी तथा काफी लोग पूजन कार में उपस्थित थे।

### एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोल खनन परियोजना ने अंबेडकर जयंती मनाई

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाया गया। बाबा साहेब की 132 वीं जयंती के मौके पर हजारीबाग स्थित जुलू पार्क में एनटीपीसी के सभी पदाधिकारी उपस्थित हुए और देश के संविधान निर्माता माने जाने वाले बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती मनाई। कार्यक्रम की शुरुआत परियोजना के कार्यवाहक प्रमुख उमेश सिंह ने दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण के साथ किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने सभी कर्मचारियों को भीमराव अंबेडकर जयंती की शुभकामनाएं दी और कहा कि आज हम जिस भी मुकाम पर हैं उसके लिए बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की भूमिका सबसे अहम है। आज जहां दुनिया के कई देश एक बेहतर संविधान न होने की वजह से लगातार मुश्किलों से जूझ रहे हैं वहीं भारत नित नई बुलंदियों को छू रहा है।

## बाबा साहब के विचार आज भी प्रासंगिक हैं और रहेंगे : अशोक यादव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हज़ारीबाग :** शुक्रवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने संविधान के निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर की 133 वीं जयंती पूरे जिले भर में बूथ स्तर तक उनकी तस्वीर,मूर्ति पर फूल,माला चढ़ाकर मनाई गई।वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक यादव के नेतृत्व में जिले भर के सभी मंडलो में बूथ स्तर तक बाबा साहेब की जयंती मनाई गई।

वही अशोक यादव ने उनके जीवन वृत्त एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहेब का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू में हुआ था। डॉ. अंबेडकर को हमेशा ही उनके अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक के लिए जाना जाता रहा है।

बाबा साहेब हमारे बीच तो नहीं हैं लेकिन उनके विचार ही हैं जो आज भी लोगों के साथ है। ऐसे विचार जो जिंदगी में आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा देते हैं।वही नगर पश्चमी के अध्यक्ष विवेक बरियार के नेतृत्व में बूथ स्तर पर जयंती मनाई गई।मौके पर मुख्य वक्ता नगर पश्चमी के मंडल प्रभारी अनिल मिश्रा ने उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब के नाम से मशहूर डॉ. भीमराव अंबेडकर ने समाज में शिक्षा के क्षेत्र में काफी कार्य किए हैं। इसी के साथ उन्होंने दलितों को समानता दिलाने में काफी संघर्ष किया।वही नगर पश्चमी मंडल में रौशन कुमार,सुमन सिन्हा, भारत भूषण पांडेय, राजेश कुमार टिंकू, नवीन रंजन दुबे,कुलदीप कृष्णा, नरेश ठाकुर, ज्योति सिन्हा, आदित्य शरद, ऋषि शर्मा, संजय कुमार टिंकू, दीपक गुप्ता, अविनाश दुबे, रंजन रजक, राम जी गुप्ता,जगदीश प्रजापति,रामचंद्र प्रसाद कुशवाहा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।



# रमजान के चौथे जुमे की नमाज में उमड़ी मुस्लिम समुदाय की भीड़

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** रमजान महीने के चौथे जुमे की नमाज के दौरान प्रखंड के सभी मस्जिदों में भारी भीड़ उमड़ी। बता दें कि इस्लामिक कैलेंडर के पवित्र महीने रमजान की शुरुआत 24 मार्च 2023 से हो चुकी है और 25 मार्च को रमजान के पहले जुमा के दिन से ही रोजा रखा गया था। 14 अप्रैल को रमजान का चौथा जुमा था। 21 अप्रैल को रमजान के पवित्र महीने का आखरी जुमा यानी अलविदा जुमा होगा जिसके बाद रमजान का पवित्र महीने का समापन होगा। प्रखंड भर में मुस्लिम समुदाय की ओर से शुक्रवार को रमजान महीने के चौथे जुमे की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई। अल्लाह की बंदिगी में झुके रोजेदारों के सर। इस दौरान प्रखंड के विभिन्न मस्जिदों में रोजेदारों और मुस्लिम समाज के लोगों की भीड़ लगी रही। जुमे को लेकर शुक्रवार सवेरे से ही मुस्लिम मोहल्लों में चहल पहल रही। अजान की सदाएं सुनते ही रोजेदारों और नमाजियों का काफला मस्जिदों की तरफ पहुंचने लगा। बड़कागांव प्रखंड के बादम, बलिया, सिरमा, बड़कागांव मुस्लिम मोहल्ला, बड़कागांव चट्टी, महूदी, चेपा खुर्द, डाडी, सिंदुवारी, नगड़ी, महुगाई, अलगड़िहा, हाहे, नापो, चंदौल, सहित अन्य गांवों में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों को मौलानाओं ने जुमे की नमाज मस्जिदों में अदा कराई। जूमे के नमाज से पहले इमाम साहब ने जकात और फितरा के बारे में नमाजियों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इमाम साहब ने लोगों को समझाया के जैसे हम ईद में खुशी मनाते हैं नए कपड़े पहनते हैं वैसे ही जकात और फितरा अदा कर के जो समाज के गरीब तबके के लोग हैं उनका भी मदद करें ताकि वो भी ईद की खुशी मना सकें।




प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## अमेजन. इन ने की 14 से 17 अप्रैल, 2023 तक ब्लॉकबस्टर वैल्यू डेज की घोषणा

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अमेजन इंडिया ने अपने ग्राहकों के लिए स्मार्टफोन, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, ग्रॉसरी, फैशन एंड ब्यूटी प्रोडक्ट्स, होम एंड किचन, लार्ज एप्लाएंसेस, टीवी, और अन्य श्रेणियों में उत्पादों के व्यापक चयन से खरीदारी करने के लिए ब्लॉकबस्टर वैल्यू डेज की घोषणा की है। ये सेल 14 अप्रैल से 17 अप्रैल, 2023 तक चलेगी। ब्लॉकबस्टर वैल्यू डेज वीगार्ड द्वारा प्रायोजित है।ब्लॉकबस्टर वैल्यू डेज के दौरान खरीदारी करने वाले ग्राहक सभी श्रेणियों में वीगार्ड, बोट, सैमसंग, वनप्लस, लाइजॉल, एलजी एप्लाएंसेस, झावेरी पर्ल्स और अन्य जैसे ब्रांड्स की ओर से पेश किए जाने वाले ऑफर्स के साथ बड़ी बचत कर सकते हैं। इसके अलावा, वे एसबीआई क्रेडिट कार्ड और ईएमआई के साथ 10 प्रतिशत के इंस्टैंट डिस्काउंट का भी फायदा उठा सकते हैं।यहां कुछ उत्पाद दिए गए हैं, जिन्हें ग्राहक अमेजन. इन ब्लॉकबस्टर वैल्यू डेज पर विक्रेताओं के साथ ऑफर्स और डील्स के साथ चुन सकते हैं।

## 20 अप्रैल को तालाटांड़ में मंडा पूजा

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ग्राम तालाटांड़ शिव मंदिर के प्रांगण में ग्रामीणों कि बैठक हुई जिसमें सभी के सर्वसम्मति से 20 अप्रैल को मंडा पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया बैठक में समिति का भी गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष बालदेव,सचिव सुरेश करमाली?,कोषाध्यक्ष रघुनाथ महतो एवं सदस्यों के रूप में शिवसागर, लालचंद, शत्रुघन, बैजु, परन, राजेन्द्र और विनोद कुमार आदि को चयन किया गया द्व वहीं समिति के सदस्यों ने बताया तालाटांड में मंडा पूजा 20 अप्रैल एवं 21अप्रैल को फूल खुदी और झूलन का कार्यक्रम तय किया गया है।

## अरगड्डा में भीमराव जयंती पर सांसद चंद्रप्रकाश व समाजसेवियों ने अंबेडकर को किया याद

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरगड्डा बाजार स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर के 132वीं जयंती पर शुक्रवार गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने माल्यार्पण कर इन्हें याद किया। अवसर पर सभी समाजसेवियों, महिलाओं ने बाबा साहेब के चरणों में फूल अर्पित कर इनके कार्यों के बारे में अपने विचार रखें। मुख्य वक्ता सांसद सीपी चौधरी ने कहां कि बाबासाहेब के संविधान रचना ने समाज और देश को मजबूती के साथ बढ़ने की प्रेरणा दी हैं। सभी एक समान रहकर देश उत्थान में आगे काम कर सकते हैं। हमें ऐसे महापुरुषों को हमेशा स्मरण रखने की जरूरत हैं। मौके पर नप अध्यक्ष युगेश बेदिया, उपाध्यक्ष मनोज महतो, पार्षद 13 संगीता देवी, रंजीत पासवान, नंदू मलिक, नितेश नायक, सीताराम पासवान, इमरान अंसारी, राजकुमार राम, बबलू राम, आरिफ अंसारी, अमित राम समेत कई महिला, पुरुष उपस्थित थे।

## अरगड्डा झोपड़ी में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 132 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरगड्डा झोपड़ी में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 132 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई द्य मुख्य रूप से समाजसेवी दीपक उराँव के द्वारा बाबा की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर एक मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की द्य मौके पर समाजसेवी दीपक उराँव ने बच्चों के बीच चॉकलेट वितरण किया गया। मौके पर सूरज , गोपाल ,विशाल ,छोटू ,दिलीप , अकाश ,विशाल ,अंगत ,राजदेव , सिकंदर ,साहिल ,बुधन आदि कोई उपस्थित थे।

## लोक जनशक्ति पार्टी ने मनाई भीम राव की जयंती

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रोज मैरिज हॉल इंद्रपुरी चौक में लोजपा द्वारा जिला अध्यक्ष दिलीप पासवान की अध्यक्षता में भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। पार्टी जिला प्रवक्ता राकेश रंजन सिन्हा ने बाबा भीमराव अंबेडकर की जीवनी के बारे में याद कर उनके विचारों को अमल कर उसी रास्ते पर चलने के लिए अपील की। लोजपा के प्रदेश सचिव जय श्री पासवान ने बताया कि रामविलास पासवान पहली बार सांसद बन के आए थे तब उनकी पहल पर बाबा भीमराव अंबेडकर का पहली बार पार्लियामेंट मे फोटो लगाया गया था। अंबेडकर जयंती के शुभ अवसर पर जिला अध्यक्ष ने लोक जनशक्ति पार्टी जिला कमेटी का विस्तार किया . राहुल गुप्ता वरीय उपाध्यक. विजय पासवान जिला उपाध्यक्ष. संजय कुमार जिला सचिव. रोहित मेहता मीडिया प्रभारी. शाहिद अंसारी कोषाध्यक्ष. कृष्ण कुमार राणा सह सचिव अल्पसंख्यक अध्यक्ष प्रवेश खान मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## समाजसेवी मुन्ना सिंह ने अंबेडकर जयंती के कई कार्यक्रमों में भाग लिया

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर जी की जयंती के उपलक्ष्य पर समाजसेवी मुन्ना सिंह ने कट्कमसांडी के कई जगहों पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करते हुआ बाबा साहब को याद किया एवं श्रद्धांजलि अर्पित की।साथ ही कार्यक्रम को संबोधित करते मुन्ना सिंह ने युवाओं से आग्रह किया कि बाबा साहब द्वारा बताएं गए मार्ग पर चलकर गावं, समाज और देश की प्रगति में भागीदार बनना चाहिए। बाबा साहब द्वारा बनाएं गए संविधान से ही आज देश एकता के सूत्र में बंधा हुआ है और सभी को समानता का अधिकार मिला हुआ है। यह राष्ट सदैव बाबा साहब के प्रति कृतज्ञ रहेगा।इस अवसर पर पप्पू पांडेय, चारकू यादव , दिलीप यादव समेत अन्य ग्रामीण भी उपस्थित थे।

## सदर विधायक ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत रत्न, महामानव बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 132 वीं जयंती के अवसर पर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल शुक्रवार को अंबेडकर चौक पहुंचे। जहां बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। यहां अनुसूचित जाति संघ, हजारीबाग द्वारा डॉ. अंबेडकर पुस्तकालय सभागार में विधायक मनीष जायसवाल का भव्य स्वागत किया गया और संघ की ओर से संविधान भेंट किया ।मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि बाबा साहब के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है मौके पर झामूमो नेता दिलीप वर्मा, पारस शरण देव, बिंदेश्वरी दास, भीम कुमार, मनोज दास, नंदू राम, अर्जुन राम, मुरलीधर राम, विजय कुमार, चंद्रिका राम, देवनारायण राम, श्यामनारायण राम, कीर्तन राम, भीम आर्मी के कृष्णा राम, विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित कई अन्य गणमान्य मौजूद रहें ।

## रमजान पर मस्जिद में कुरान ए पाक तरावीह की नमाज पूरी

**जामताड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जामताड़ा के पाकडीह व सरखेलडीह जामा मस्जिद में तरावीह की नमाज संपन्न हो गई। इस मस्जिद में तरावीह की नमाज रमजान-उल-मुबारक की पहली तारीख से ही पढ़ी जा रही थी। इस दौरान रोजेदारों ने तरावीह की नमाज अदा करने सुनने का सवाब पाया। पाकडीह व सरखेलडीह जामा मस्जिद में तरावीह की नमाज हाफिज कमरूद्दीन ने पढ़ाई। जिसके समापन के बाद देश दुनिया में अमन-चैन के लिए सामूहिक रूप से दुआ मांगी गई उसके बाद लोगों ने हाफिज को नजराना देकर सम्मानित किया। इस दौरान हाफिज कमरुद्दीन अंसारी ने कहा कि रमजान के चांद नजर आने के बाद ही शुरू होने वाली इस विशेष नमाज तरावीह की काफी अहमियत है। अपने रब को राजी करने के लिए ईशा की नमाज के बाद तरावीह की नमाज़ लोग घंटों खड़े होकर पड़ते हैं। साथ ही कुरआन भी सुनते हैं। उन्होंने बताया कि तमाम महीनों में रमजान का महीना सबसे अफजल है। अल्लाह इस महीने में अपने बंदों के लिए अज्र बढ़ा देता है। एक नेक काम करने पर 70 नेकियों का सवाब अल्लाह तआला अपने बंदों को नवाजता है।

## प्रखंड भाजपा कार्यालय में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 132 में जयंती मनाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बड़ी प्रखंड कार्यालय में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 132 में जयंती मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव जिला परिषद उपाध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर के द्वारा संयुक्त रूप से अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पाचेन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि सन 1990 में उन्हें भारत रत्न, भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान मरणोपरांत सम्मानित किया गया था। डॉ आंबेडकर की विरासत में लोकप्रिय संस्कृति में कई स्मारक और चित्रण शामिल है। डॉ भीमराव अंबेडकर भारत की स्वतंत्रता के लिए प्रचार और चर्चाओं में शामिल हो गए, और पत्रिकाओं को प्रकाशित करने राजनीतिक अधिकारों की वकालत करने का और दलितों के लिए सामाजिक स्वतंत्रता की वकालत और भारत के निर्माण में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। जीप उपाध्य संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव ने कहा कि अंबेडकर जी ने दलित समाज के उत्थान में काफी संघर्ष कर उनको समाज में एक उचित स्थान दिलाया। अंबेडकर जी का पूरा जीवन संघर्षपूर्ण रहा। भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने कहा कि भारत की आजादी के बाद उन्होंने देश के संविधान के निर्माण में अपना योगदान दिया। हमें उनके बताए रास्ते के अनुरूप काम करने दिया और आज जाकर बेटी ने इस मुकाम को हासिल किया है।

## स्वागत सह सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** खिरगांव निवासी रुपाली भूषण का जो एक अभिनेत्री के साथ मिस इंडिया फाइनलिस्ट वर्ष 2020ङ्क 21 की है। जिसके हजारीबाग का आगमन पर तरंग गुरु एवं प्रह्लाद सिंह के द्वारा स्वागत सह सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम शहर के प्रधान कैफिटेरिया के परिसर में आयोजित हुआ।रूपाली भूषण के साथ उसकी मां,नाना जी, भाई सहित परिवार के अन्य सदस्य शामिल हुए।कार्यक्रम में बतौर अतिथि के रूप में शहर के युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा, भैया असीम सहित कई अन्य लोग उपस्थित हुए।आए हुए सभी अतिथियों को फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया जिसके उपरांत रूपाली भूषण की परिवार वालों ने रूपाली की बीते दिनों की यादों को ताजा करवाया। रुपाली की मां ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बिटिया हमारी बचपन से ही मॉडलिंग के लाइन में जाना चाहती थी पूरे परिवार में मॉडलिंग के लाइन में कोई अन्य सदस्य नहीं है हमने बेटी को इच्छा के अनुरूप काम करने दिया और आज जाकर बेटी ने इस मुकाम को हासिल किया है।वही कार्यक्रम के अंत में आयोजक मंडली के द्वारा युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा एवं रूपाली भूषण को मोमेंटो प्रदान किया गया।मौके पर युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने रुपाली भूषण को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह हम सभी के लिए काफी गर्व की बात है कि जिस परिवार से रूपाली आती है उस परिवार का कोई भी सदस्य मॉडलिंग या अभिनेत्री में नहीं है, जिसके बाद भी रूपाली ने यहां तक का मुकाम हासिल किया है। हम इसके जज्बे को सलाम करते हैं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। साथ ही कहा की रूपाली का जीवन बेहद सादगी पूर्वक है। मौके पर रूपाली भूषण ने अपने बीते दिनों की बातों को ताजा करते हुए कहा कि मैं हजारीबाग के विवेकानंद विद्यालय से पढ़ी हूं। मेरे मम्मी पापा पटना में रहते थे और मैं नानी घर में अपने नाना के पास रहा करती थी। घर वालो का प्यार और आशीर्वाद के बलबूते मे आज यहां तक पहुंच सकी।

## पतरातू क्षेत्र में धूमधाम से मनाई गई डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** पतरातू और आस-पास के क्षेत्रों में शुक्रवार को धूमधाम से डॉ भीम राव अम्बेडकर कि जयंती मनाई गई।वहीं ग्रामीणों के साथ-साथ भीम सेना काफी उत्साहित नजर आये। डॉ भीम राव अम्बेडकर अमर रहे का नारे से गूंज उठा पूरा पतरातू क्षेत्र इधर सांकुल के रविदास समिति सांकुल द्वारा अम्बेडकर नगर से डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की शोभायात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ों महिलाएं-पूरूष शामिल हुए। यह शोभायात्रा सांकुल से पतरातू ब्लॉक मोड़ तक गई। जंहा डॉ भीम राव अम्बेडकर जी कि कट ऑट चित्र पर माल्यार्पण कर नारे लगाये एवं लड्डू बांटी गई।मौके पर पंचायत मुखिया सुमन भारती,पंसस अंजु कुमारी,उप मुखिया ज्योति कुमारी, सुखदेव रवि, राजू राम, महेश राम, विश्वनाथ राम, डी राम,परमानंद राजीव, राजकुमार राम, धनेश्वर राम, राजन राम, रामकुमार राम, रोबिश कुमार आदि शामिल थे।

## श्री श्री 1008 मां काली, बंगलामुखी कात्यायनी, शिव प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ के लिए कलश यात्रा भक्तों ने निकाली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** अरगड्डा के जीपी कैंप हनुमान मंदिर के प्रांगण से शुक्रवार सुबह श्री श्री 1008 मां काली, मां बंगलामुखी, मां कात्यायनी, शनिदेव एवं शिव प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ के लिए 551 महिला भक्तों ने कलश यात्रा निकाली। इसका आरंभ मुख्य अतिथि सीपी चौधरी व विशिष्ट अतिथि अरगड्डा क्षेत्र के जीएम सुधांशु कुमार पांडे ने फीता काटकर किया। यज्ञ समिति और हनुमान मंदिर समिति समेत अन्य भक्तों ने हाथों में केशरिया ध्वजा, माथे पर तिलक, पारंपरिक परिधान पहन रखा था। सभी भक्त माता, भोलेनाथ, शनिदेव, वीर हनुमान के जय घोष कर कलश में जल भरने के लिए अरगड्डा दामोदर नदी तट तक गए। यहां आचार्यो व पुजारियों द्वारा पूरे विधि विधान के साथ पूजन पाठन कर कलश में जल भरने की प्रक्रिया पूरी की गई। जिसे यज्ञ स्थल के समीप लाकर रखा गया। अवसर पर मुख्य वक्ता सीपी चौधरी ने कहां कि माता और देवताओं के पूजन स्मरण से आंतरिक शक्ति में बढ़ोतरी होती हैं। इनकी कृपा से जीवन सुखमय और वातावरण पवित्र बन उठता हैं। वहीं विशिष्ट अतिथि अरगड्डा महाप्रबंधक सुधांशु कुमार पांडे ने कहां कि हम सभी सृष्टि के अधीन हैं। मानव जीवन का कुछ क्षण भक्ति में लगाकर परम आनंद की प्राप्ति की जा सकती हैं। यह पुण्य का कार्य हैं। यज्ञ 16 अप्रैल से 21 अप्रैल तक चलने वाला हैं। मौके पर नप अध्यक्ष योगेश बेदिया, उपाध्यक्ष मनोज महतो, शिक्षक भूपेश मणि तिवारी, सुशील सिंह, पार्षद 13 प्रतिनिधि रंजीत पासवान, अशोक करमाली, महेश बेदिया, राहुल सिंह, अमरलाल महतो, सतेंद्र महतो, पूर्व अरगड्डा मुखिया उषा किरण चौहान, बीएन तिवारी, रणधीर गुप्ता, आनंद सिंह, जनार्दन सिंह, मानी तिवारी, नितिन, अशोक कुमार आदि उपस्थित थे।



## जीएम ऑफिस अरगड्डा मैदान पर एससी/एसटी/ ओबीसी काउंसिल ने भारत रत्न बाबा भीमराव की जयंती मना, किया याद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** सीसीएल अरगड्डा जीएम ऑफिस मुख्यालय के समक्ष शुक्रवार को ऑल इंडिया एससी/ एसटी/ ओबीसी/ एंपलाई को-आर्डिनेशन एसोसिएशन ने देशरत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती मना याद किया। अवसर पर मुख्य अतिथि महाप्रबंधक अरगड्डा सुधांशु कुमार पांडे, एसओपी गिरीश चंद्रा, एसओईएंडएम संजीव कुमार झा, सुरक्षा पदाधिकारी एसएन तिवारी, विद्युत पदाधिकारी रवि साहब, पंकज कुमार झा, डॉक्टर गोपाल उरांव, श्रमिक नेता बैजनाथ मिस्त्री, प्राचार्य एसवीएम कुमार विमलेश उपस्थित हुए। मंच का संचालन काउंसिल के केंद्रीय सदस्य व सिरका शाखा अध्यक्ष शांता कुमार ने किया। अवसर पर मुख्य वक्ता महाप्रबंधक सुधांशु कुमार पांडे ने कहां कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के द्वारा रचित देश का संविधान सबो को समानता प्रदान करता हैं। देश को मजबूत और संगठित कर आगे बढ़ाने की गति लगातार दे रहा हैं। हम सभी महापुरुषों के बलिदान, त्याग और समाज उत्थान में किए गए कार्यों को कभी भुला नहीं सकते। वहीं मजदूर नेता बैजनाथ मिस्त्री ने कहां कि देश को अंग्रेजों के गुलामी से मुक्ति मिलने के बाद चलाने के लिए मजबूत कानूनों की आवश्यकता थी। जिसे भारत रत्न बाबा साहेब के द्वारा हमें मिली। हम सभी को शिक्षा की अलख अपने जीवन में जलाकर समाज के अंधकार को दूर भगाना चाहिए।



## गुडियो बैंक मोड़ चौक पर मनाया गया अंबेडकर जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही (हजारीबाग):** प्रखंड के ग्राम गुडियो बैंक मोड़ चौक पर डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई। लोगो ने बताया की इस अवसर पर बैंक मोड के चौक पर आज ही के दिन मूर्ति अनावरण करना था, परंतु किसी कारण वश मूर्ति नहीं बन पाया। जिसके कारण आज फोटो लगा कर जन्म दिवस मनाया गया। मौके पर उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष सह पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मो. कैयूम, पूर्व मुखिया दशरथ यादव, वर्तमान मुखिया प्रतिनिधि मंसूर अंसारी, दानवीर क्लब के अध्यक्ष राम किसुन ठाकुर, विद्यासागर पासवान, मुनिलाल ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## समाजसेवियों, महिलाओं, शिक्षकों ने बाबासाहेब भीमराव की मनाई जयंती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** जीएम ऑफिस सब स्टेशन सिरका कॉलोनी में शुक्रवार को समाजसेवियों, महिलाओं, शिक्षकों ने काउंसिल नेता माथुर राम के घर पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई। अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसवीएम सिरका प्राचार्य कुमार विमलेश, एससी/ एसटी/ ओबीसी एंप्लॉय को-आर्डिनेशन काउंसिल अरगड्डा क्षेत्र कार्यकारिणी अध्यक्ष माथुर राम व अन्यो ने बाबासाहेब के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किया। साथ ही केक काटकर एक दूसरे को खिला बधाई दी। वक्ताओ ने कहां कि बाबासाहेब के देश व समाज निर्माण को आत्मसात कर आज के युवाओं को आगे बढ़ने की जरूरत हैं। वहीं भीमराव जी के जीवनी पर भी प्रकाश डाला गया। मौके पर एसबीएम प्राचार्य कुमार विमलेश, कुंजलाल प्रजापति, माथुर राम, जगदीश चंद्र बेदिया, आजप केन्द्रीय नेता शत्रुधन बेदिया, जंगली प्रसाद, विनय राम, नंद किशोर महतो, दिनेश राम, रामजीत कुमार, सोनी कुमारी, अश्विन कुमार, सनोहर राम, शंकर बेदिया, जुगल बेदिया, शांति देवी, गिरजा देवी, अनीता देवी, मंजू देवी, अंजली कुमारी, नेहा कुमारी, नैना कुमारी, नेहा कुमारी, स्नेहा कुमारी, छवि कुमारी, शोभा देवी, नीलम देवी, बरखा देवी आदि उपस्थित थे।



## पूर्ण शिक्षित और सबल समाज की स्थापना बाबा साहेब की सच्ची श्रद्धांजलि होगी : रोशनलाल चौधरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** आजसू पार्टी के पीटीपीएस स्थित आवासीय कार्यालय में भारत रत्न बाबा साहेब डा भीम राव अंबेडकर की जयंती मनाई गई।मौके पर मुख्य रूप से आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी ने बाबा साहब की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला।मौके पर रोशनलाल चौधरी ने कहा की बाबा भीम राव अंबेडकर के विचार एक स्वस्थ,शिक्षित और सुदृढ़ समाज के लिए अनुकरणीय रहे हैं।भारत हीं नहीं अपितु सम्पूर्ण विश्व में बाबा साहब अपने उत्कृष्ट विचारधारा के लिए जाने जाते थे।उन्होने हमेशा शिक्षा और संगठित रहने पर बल दिया।उनके संविधान रचना के कारण भारत आज विश्व में एक मजबूत लोकतंत्र के रूप में विख्यात है। ऐसे महापुरुष विरले हीं जन्म लेते हैं। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो, राजू कुमार, नित्यानंद कुमार, अशोक पाठक, ब्रजेश सिंह, अजय रवि, राजेश पटेल, सरिता देवी, राकेश विश्वकर्मा, छोटू करमाली, विजय उरांव,टिकेश्वर महतो, मनोज करमाली, सूरज करमाली, राजकिशोर प्रसाद,रवि शंकर, पवन रंजन, महेंद्र महतो, फूलचंद महतो, चमरू महतो,विजय महतो, सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने फीता काटकर किया गया छऊ नृत्य का उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** नगर परिषद क्षेत्र के कुसुमटोला में शिव शक्ति क्लब एवं गोसा में आयोजित श्री श्री मण्डा पूजा के शुभ अवसर पर छऊ नृत्य का आयोजन किया गया।जिसके बतौर मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया,उपाध्यक्ष मनोज़ कुमार महतो,वार्ड पार्षद देवधारी महतो,रोशन कुमार,ललिता देवी उपस्थित हुए।कार्यक्रम का संचालन नगर परिषद सचिव राजेन्द्र महतो के द्वारा किया गया।बाघमुंडी एवं ईचागढ़ से आये टीम गोविंदडीह नवयुवक छऊ नृत्य एवं प्रभात महतो छऊ नृत्य टीम के कलाकारों द्वारा शिव एवं पार्वती की एक से बढ़कर एक मनमोहक दृश्य दिखाकर लोगों का मन मोह लिए। मौके पर लोगों को सम्बोधित करते हुए सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि झारखंड का यह पर्व पूर्वजों का दिया हुआ सबसे ऐतिहासिक धरोहर है।लोक पर्व मण्डा पूजा काफी धूमधाम से मनाया जाता ह।पर्व अच्छी बारिश एवं क्षेत्र के समृद्धि के लिए मनाया जाता है तथा इस दौरान शिव भक्त 07 से 09 दिन तक लगातार उपवास करने के बाद आग पर चलने एंव 50 फिट की ऊंचाई पर पीठ पर लगे हुक के सहारे झूलते हुए भक्त आराध्य की पूजा अर्चना करते है।भक्ति और श्रद्धा का ऐसा नजारा देखने को काफी कम मिलता है,जंहा बड़े से बड़े एवं नन्हे बच्चे भी आग के दहकते अंगारों पर चलते है।इसके अहले सुबह शिवभक्तों द्वारा दहकते अंगारों में चल कर अपनी भक्ति का परिचय दिये। मौके पर प्रदेश सचिव अरविंद महतो,भुनेश्वर महतो, आजसू पार्टी नप अध्यक्ष राजेश महतो, कमिटी अध्यक्ष धनु महतो, झमन करमाली आदि अन्य लोग उपस्थित थे।



## सभी समाज के लिए आदर्श है बाबा साहब का व्यक्तित्व और कृतित्व : शंभुलाल यादव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झामुमो जिला समिति के द्वारा भारत रत्न बाबासाहेब भीम राव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर जिला अध्यक्ष शंभुलाल यादव के नेतृत्व में डिस्ट्रिक मोड़ स्थिति बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया.जिला अध्यक्ष शंभुलाल यादव ने कहा कि हमारे देश के संविधान निर्माण में बाबा साहेब कि अहम भूमिका रही जिससे हमारा लोकतंत्र मजबूत है.बाबा साहेब सभी समाज के लिऐ आदर्श हैं उन्होंने दलित समाज के साथ महिलाओं एवं पिछड़ों के उत्थान के लिए जो प्रावधान संविधान में किया आज उसी का परिणाम है कि महिलाओं को भी समाज में बराबरी का हक मिला. बाबासाहेब के ज्ञान और तर्क का दुनिया आज भी लोहा मानती है,अर्थशास्त्र में डॉ. की उपाधि पाने वाले पहले भारतीय थे इसी लिए बाबा साहेब को नॉलेज ऑफ सिंबल भी कहा जाता है. भेद भाव और तमाम कठिनाईयों के बाद भी उन्होंने शिक्षा का दामन नहीं छोड़ा जिससे हमारे देश के युवाओं को सीख लेने की जरूरत है.कार्यक्रम में प्रमुख रूप जिला कोषाध्यक्ष नईम रही, जिला उपाध्यक्ष सुनील शर्मा, संयुक्त सचिव नंदू प्रसाद बबलू पासवान सरफराज अहमद कौसर अंसारी महेश विश्वकर्मा मो नौशाद मो आरिफ, मो सरफुद्दीन, मो समीम, मो असलम समेत दर्जनों लोग उपस्थित थें।

माहे रमजान

## गिरिडीह : मस्जिदों में अकीदत के साथ अदा की गई रमजान के चौथे जुमे की नमाज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** पवित्र माहे रमजान के चौथे जुम्मे को लेकर मस्जिदों में नमाजियों की गिरिडीह में भीड़ उमड़ी दिखी। तपती धूप और उमस भरी गर्मी के बीच भी नमाजियों और रोजेदारों के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी। वहीं छोटे छोटे बच्चों में भी नमाज़ पढ़ने को लेकर काफी उत्साह देखा गया।इस दौरान रोजेदारों ने अदबो एहतराम के साथ चौथे जुम्मा की नमाज अदा की। गिरिडीह शहर की लाइन मस्जिद में भीड़ अधिक हो जाने पर नमाजियों ने बीच सडक में नमाज अदा की।

इधर गिरिडीह शहरी क्षेत्र में स्टेशन रोड स्थित लाइन मस्जिद के अलावा भंडारीडीह, बरवाडीह, तेलोडीह, पचंबा, बुढ़ियाखाद, बिशनपुर, पचंबा, कोलडीहा मस्जिदों के साथ साथ मुफ्फसिल क्षेत्रों के मस्जिदों और जिलेभर के सभी मस्जिदों में रोजेदारों ने पूरे अकीदत के साथ जुम्मा की नमाज अदा किया।

## जिला प्रशासन ने दी बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** संविधान निर्माता, भारत रत्न, बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर आज अंबेडकर चौक (डीआरएम चौक) पर जिला प्रशासन की ओर से वरीय पुलिस अधीक्षकसंजीव कुमार, उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, निदेशक डीआरडीए मुमताज अली अहमद, अपर समाहर्ता श्री नंदकिशोर गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारियों ने उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर संविधान निर्माता और उनकी प्रकांड विद्वता के लिए जाने जाते हैं। यह दिवस उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए मनाया जाता है। वहीं उप विकास आयुक्त ने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर ने अपना जीवन समाज के पिछड़े वर्गो, दलितों और गरीबों के उत्थान के लिए न्योछावर कर दिया। वे एक प्रख्यात अर्थशास्त्री और कानूनविद थे। उन्होंने सिर्फ सामाजिक न्याय व सामाजिक असमानता के खिलाफ ही लड़ाई नहीं लड़ी बल्कि उन्होंने महिला सशक्तिकरण, महिलाओं को बराबरी का अधिकार, जनसंख्या नियंत्रण, यूनिफॉर्म सिविल कोड, मौलिक दायित्व की भी बात की। अपने प्रगतिशील विचारों के चलते वे आज करोड़ों भारतीयों के प्रेरणास्त्रोत हैं। आज पूरा देश बाबा साहेब को उनकी जयंती पर याद कर इस महान विभूति को श्रद्धांजलि दे रहा है। इस मौके पर वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार, उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, निदेशक डीआरडीए मुमताज अली अहमद, अपर समाहर्ता नंदकिशोर गुप्ता, एनडीसी कुमार बंधु कच्छप, ट्राफिक डीएसपी राजेश कुमार, बाबा साहेब डॉक्टर बी.आर. अंबेडकर जयंती समारोह समिति के सदस्य सहित बड़ी संख्या में लोगों ने संविधान निर्माता, भारत रत्न, बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## 132वीं जयंती : अभाविप ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** शुक्रवार को बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के जन्मदिवस पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद धनबाद महानगर द्वारा डीआरएम कार्यालय के समीप प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। मौके पर उपस्थिति जिला संयोजक तिवारी ने बाबासाहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की 132वीं जन्मदिवस की बहुत-बहुत शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारे देश में डॉ. भीम राव आंबेडकर को समानता और न्याय का प्रतीक माना जाता है। वह एक महान सामाजिक कार्यकर्ता थे। सभी भारतीयों में समानता लाने के लिए उन्होंने कड़ी मेहनत की। उनका कहना था कि शिक्षा सामाजिक परिवर्तन का माध्यम है। समय आने पर भूखे रहो लेकिन अपने बच्चों को ज़रूर पढ़ाओ। मौके पर पीयुस सिंह राजपूत, अखिल सिन्हा, हिमांशु सिंह, सौरभ कुमार सिंह, किशोर झा, हर्ष पांडे, प्रियांशु ठाकुर, सलमान खान आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जरूरतमंदों में हुआ फल वितरण, दी गई आर्थिक मदद

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारतीय जनता पार्टी लोयाबाद मंडल



अध्यक्ष के आवासीय कार्यालय में बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर का 132वां जयंती मनाया गया और गरीब असहाय लोगों के बीच फल वितरण किया गया। साथ ही साथ एक बहन की शादी के लिए लोयाबाद मंडल की ओर से सहयोग राशि भी दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष पप्पू कुमार सिंह, डब्लू आलम, महिला मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष गीता सिंह, जलाल अंसारी, दिनेश दीवान, गुड़िया देवी, सूरज महतो, पप्पू सोनी, प्रदीप निषाद, दिनेश पासवान, पिंटू खान, गुड्डू अंसारी, गंगाराम, भोला भट्टाचार्य, धीरन महतो, सत्या देवी, खुशबू देवी, इंदु, जानकी, रीना आदि प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बाबा साहेब के सपनों तथा आदर्शो का भारत बनाने का करेंगे प्रयास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** शुक्रवार को गिरिडीह ज़िले मे अंबेडकर जयंती के अवसर पे आजसू छात्र संघ गिरिडीह इकाई के द्वारा भारतीय सविधान निर्माता डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर जी के स्टेच्यू पे माल्यार्पण कर उसे श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया,आजसू छात्र नेता अमित यादव ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर एक गरीब दलित परिवार में जन्म लेने के बावजूद उसने पूरी दुनिया को अपना काबिलियत के दाम पर लोहा मनवाने का काम किए थे बाबा साहब ने गरीबी में रहकर भी उच्च शिक्षा प्राप्त करके समाज को सुधारने के लिए अनेकों पुस्तकों को लिखने का काम किए थे। आज भारतीय संविधान में दलितों पिछड़ों वंचितों को हक और अधिकार बाबासाहेब देने का काम किए थे जिसके कारण आज समाज में दलितों, पिछड़ों, गरीबों को अपना हक मिल सका है बाबासाहेब के सपनों का भारत बनाने में हम लोग भरपूर प्रयास करेंगे और उनके आदर्शों को मानते हुए उसके पदचिन्हों पे चलने का कोशिश करेंगे लोगों को जागरूक करके सामाजिक समरसता बना रहे इसके लिए पुरजोर बल देंगे।इधर जिले के विभिन्न जगहों पर अम्बेडकर जयंती मनाया गया जिसमें गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने सिहोडीह में अंबेडकर का प्रतिमा का अनावरण किया।

## नेशनल अग्निशमन सप्ताह शुरू, शहीद कर्मियों को दी गई श्रद्धांजलि

**20 अप्रैल तक आग से बचाव के लिए लोगों को किया जाएगा जागरूक**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** गोल्फ ग्राउंड स्थित अग्निशमन विभाग कार्यालय में शुक्रवार 14 अप्रैल को नेशनल अग्निशमन सप्ताह दिवस मनाया गया। विभाग के पदाधिकारी लक्ष्मण प्रसाद ने बताया कि 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सप्ताह मनाया जाएगा। इस अवसर पर अग्निशमन कार्यालय के पदाधिकारियों ने शहीद कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। बताया कि अग्निशमन सप्ताह में आग से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। बताया कि 14 अप्रैल 1944 में मुंबई बंदरगाह पर विक्टोरिया नामक जहाज में भीषण अग्निकांड हुआ था, जिसमें 800 से अधिक लोगों की जान चली गई थी। उस अग्निकांड में आग बुझाते समय कुल 66 फायरमैन शहीद हुए थे। उन्हीं की याद में नेशनल अग्निशमन सप्ताह 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक मनाया जाता है। आग्निशामालय धनबाद के पदाधिकारी लक्ष्मण प्रसाद, प्रधान अग्निक चालक दीपक उरांव, निकोदिम कच्छप, मंजूर आलम, श्रीकांत उपाध्याय, मनोज मोहन, अग्नीक चालक दिनेश ठाकुर, मो आसिफ, मनीष कुमार एवम हरदेव सिंह मुंडा आदि ने शहीद कर्मियों को श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

## पूर्व विधायक संजीव सिंह से मिलने अस्पताल पहुंची रागिनी सिंह

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह काफी



दिनों से बीमार चल रहे थे। जहा बीते 10 अप्रैल को उनके सीने में दर्द की शिकायत के बाद उन्हे धनबाद जेल प्रशासन द्वारा आनन फानन में उन्हे एसएनएमसीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया जहा उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हे सीसीयू में भर्ती किया गया। वहीं शुक्रवार 14 अप्रैल को संजीव सिंह की तबीयत बिगड़ने की सूचना मिलने पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने एसएनएमसीएच अस्पताल पहुंच हाल जाना। जहा मीडिया को संबोधित करते हुए रागिनी सिंह ने कहा कि पूर्व विधायक संजीव सिंह की स्वास्थ्य में किसी तरह का सुधार नहीं हो रहा है। उनके बाएं शरीर की तरफ कोई हलचल नहीं दिख रही। यहां के डॉक्टर किस तरह का इलाज कर रहे है इसकी मुझे जानकारी नहीं है।

## बाबासाहेब ने अपना पूरा जीवन समाज के पिछड़े वर्गों, दलितों व गरीबों के उत्थान के लिए न्योछावर कर दिया : उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** भारतीय संविधान के रचयिता एवं भारत रत्न से सम्मानित बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर की 132 वीं जयंती के शुभ अवसर पर उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने अंबेडकर चौक स्थित डॉ भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस दौरान उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि आज 14 अप्रैल को भारतीय संविधान के निर्माता समाज सुधार डॉ. बीआर अंबेडकर की जयंती है। इस अवसर सरकार ने राष्ट्रीय अवकाश



घोषित किया है। बाबासाहेब अंबेडकर ने अपना पूरा जीवन समाज के पिछड़े वर्गों, दलितों और गरीबों के उत्थान के लिए न्योछावर कर दिया। वह एक प्रख्यात अर्थशास्त्री, कानूनविद और राजनेता थे। उन्होंने सिर्फ सामाजिक न्याय व सामाजिक असमानता के खिलाफ ही लड़ाई नहीं लड़ी बल्कि उन्होंने महिला सशक्तिकरण, महिलाओं को बराबरी का अधिकार, मौलिक दायित्व की भी बात की। अपने प्रगतिशील विचारों के चलते वह आज करोड़ों भारतीयों के प्रेरणास्त्रोत हैं। पूरा देश बाबासाहेब को उनकी जयंती पर याद कर रहा है। देश की इस महान विभूति को श्रद्धांजलि दे रहा है। उक्त कार्यक्रम में जिला नजारत उप समाहर्ता व जिले के अन्य अधिकारी समेत कर्मी उपस्थित थे।

## माहे रमजान : रोजेदारों को मुखिया ने दी दावत-ए-इफ्तार

**इफ्तार पार्टी में जुटे सैकड़ो रोजेदार, मांगी अमन और चैन की दुआ।**



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत पादुगोड़ा पंचायत के मुखिया महेश कुमार पटवारी के नेतृत्व में कुलटांड़ गाँव के मुस्लिम ग्रामीणों के बीच पवित्र रमजान के अवसर पर रोजेदारों को इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। वहीं गाँव के सभी रोजेदारों ने इस मौके पर मस्जिद में इफ्तार किया। इस दौरान लोगों ने अमन और चैन की दुआएं मांगी। इसके अलावे गाँव के सभी रोजेदार महिलाओं के लिए मुखिया ने अलग से इफ्तार का पैकेट बनवाकर घर-घर तक पहुँचाया। इस मौके पर सदर अख्तर अंसारी, सिराज खान, सरफराज अंसारी, कलामुद्दीन खान, वाजिद अंसारी, नाजीर हुसैन, इमरान खान, समीर खान, अल्ताफ अंसारी, साहिल खान सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## पाठशाला के विभिन्न संस्थानों में मनाई गई संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती

**धनबादा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शुक्रवार को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती पूरे शहर में धूमधाम से मनाई गई। अपने अनोखे अंदाज से कार्यक्रम को मनाने के लिए जाने जाने वाली संस्थान पाठशाला ने अपने मतारी सेंटर पर बच्चों के हाथों में जय भीम की झंडे और बाबा साहब की तस्वीर लेकर सर्वप्रथम प्रभात फेरी से प्रारंभ की। उसके बाद बच्चों के बीच निबंध और ड्राइंग का आयोजन किया गया जिसमें बाबा साहब की तस्वीर बनाना था। इस आयोजन में पाठशाला के संस्थापक देव कुमार वर्मा ने सभी बच्चों के बीच नए सत्र की किताबें और कॉपियां बांटी। बच्चों को रमन झा तथा किस्मत द्वारा जलपान की व्यवस्था भी कराई गई।

## लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम के वृद्धजनों ने बाबा साहेब को किया याद

**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** संविधान निर्माता, भारत रत्न, बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर आज लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम में वृद्धजनों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## बाबा साहेब के सपनो को पूरा करना ही सच्ची श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरिया :** सरिया में इन्कलाबी नौजवान सभा ने प्रखंड मुख्यालय परिसर में स्थित बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनका 132वां जयंती साम्प्रदायिक उन्मादी विरोध दिवस के रूप में मनाया।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर प्रसाद यादव व संचालन प्रखंड सचिव अविनाश सिंह ने किया।मुख्य रूप से आरवाईए जिलाध्यक्ष सोनु पांडेय मौजूद रहे।बारी बारी से सभी लोगों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यर्पण किया व उनको श्रद्धांजली दी साथ ही संविधान की प्रस्तावना की शपथ ली।संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सोनु पांडेय ने कहा कि आज बाबा साहब की जयंती पर हम उन्हें याद कर रहे हैं और य जयंती ऐसे वक्त में मना रहे हैं जब पुरे देश मे भाजपा मोदी की फासीवादी हुकुमत जाती,धर्म,सम्प्रदाय,ऊंच-नीच के आधार पर भेदभाव की राजनीति करने में लगी है।एक तरफ सत्तासीन लोग बाबा साहब को झूठी श्रद्धांजली दे रहे हैं तो दूसरी तरफ उन्हीं के दिये हुए संविधान को तार तार करने में लगे हैं व देश में मनुस्मृति को थोपना चाहते हैं।देश के नौजवानों को सांप्रदायिक उन्माद में उलझाकर उनके हक अधिकारों को,रोजगार व शिक्षा के अवसरों को समाप्त कर देना चाहती है। वही सैकड़ों की संख्या में लोगों ने उनके कदमों पर चलने का प्रण लिया। इस बाबत प्रखंड सचिव अविनाश सिंह ने कहा लगातार केंद्र सरकार के द्वारा संविधान पर हमला किया जा रहा है।पुरे देश के तमाम संवैधानिक संस्थाओं को सत्ता के इशारे पर चलाने का काम किया जा रहा है।देश की सरकारी संस्थानों को चंद पूंजीपतियों के हाथों नीलाम किया जा रहा है।शिक्षा को इतना महंगा किया जा रहा है कि गरीब का बच्चा उच्च शिक्षा से बेदखल हो जाए।

## अगलागी से एक परिवार हुआ बेघर, अनाज व जरूरी सामान जलकर राख

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरिया :** सरिया थानाक्षेत्र के बाल्हेडीह गांव निवासी जगदीश यादव के खपरैल मकान में आग लग जाने के कारण घर मे रखे अनाज, कपड़े एवं कई जरूरी सामान सहित हजारों रुपये की सम्पत्ति पूरी तरह से जलकर राख हो गए। घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार बीते गुरुवार की देर शाम लगभग 8 बजे रात में उक्त मकान में अचानक आग की लपटें दिखी, जिसके बाद हो हल्ला किया फिर मौके पर ग्रामीण पहुंचे और आपसी सहयोग से आग पर काबू पाया लेकिन जब तक आग पर काबू पाया गया तबतक सारा सामान जलकर राख हो चुका था। पीड़ित



परिवार ने प्रशासन से मदद की मांग की है। वहीं प्रखण्ड उप प्रमुख रामदेव यादव ने कहा कि घटना की जानकारी मौखिक तौर से प्रशाशनिक पदाधिकारियों को दी है साथ ही साथ आपसी सहयोग से फिलहाल खाने योग्य अनाज की उपलब्धता करायी है मगर इतना मदद नाकाफी प्रतीत हो रहा है, इसलिए इन्होंने बीडीओ से आपदा राहत कोष से तत्काल मदद करने एवं गरीब परिवार के रहने के लिए अंबेडकर आवास योजना से आच्छादित करने की मांग की है। मौके पर उप मुखिया शंकर यादव, मुखिया प्रतिनिधि मनी मण्डल, कोलेश्वर यादव समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## मकान मे आग लगने से लाखों की सम्पत्ति जल कर राख



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** जेलगोड़ा पोस्ट ऑफिस के निकट रहने वाली विधवा कांति देवी की खपरैल मकान मे दोपहर सॉर्ट सर्किट होने के कारण आग लग गई, जिससे पूरे क्षेत्र आग फैलने के डर से हड़कंप मच गया है। घटना में दस हजार नगदी सहित एक लाख की सम्पत्ति जलकर राख हो गई। घटना के वक्त कांति देवी चौका वर्तन करने गई हुई थी। वही पुत्री ज्योति कुमारी कम्प्यूटर की क्लास करने गई थी। पीड़िता के दो पुत्र गुजरात मे असंगठित मजदूर का कार्य करते है।

**रास्ता संकीर्ण रहने के कारण नही पहुँच पाया दमकल**

स्थानीय लोगों ने आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दिया। बीस से पच्चीस मिनट में दमकल जेलगोड़ा मोड़ पहुँच गई। रास्ता संकीर्ण रहने के कारण दमकल घर तक नही पहुँच पाई। घटना की सूचना के बाद कांति देवी घर पर पहुँची। घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा है की मेरी कमाई के पैसे एवम घर का सामान जल कर राख हो गया है। स्थानीय लोगों ने किसी प्रकार पानी का छिड़काव कर आग पर काबू पा लिया।

## महुदा : डॉ भीम राव अम्बेडकर की 132वां जयंती मनाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा मोड़ के अंबेडकर नगर में मोटर साइकिल जुलूस और सभा का आयोजन कर लोगो ने डॉ भीम राव अम्बेडकर की 132वा जयंती मनाई गई। जयंती के अवसर पर आयोजित मोटरसाइकिल जुलूस महुदा मोड़ से शुरू होकर तेलामोचो बाजार होते हुए पुनः महुदा मोड़ के अंबेडकर नगर पहुंचा जहा एक सभा का आयोजन किया गया। सभा में सबसे पहले डॉ भीमराव अम्बेडकर की फोटो पर पुष्प अर्पित किया गया। इस मौके पर उपस्थित कांड्रा पंचायत की मुखिया प्रतिनिधि धनेश्वर महतो ने कहा कि डॉ भीम राव अम्बेडकर ने संविधान लिखा जिसमे सभी को समान अधिकार दिया , देश संविधान के रास्ते चलाकर विकास की और बढ़ा है। हम सभी को बाबा साहब की रास्ते पर चलना चाहिए । सभा में मुख्य रूप से पंचायत की मुखिया रिंकू देवी के अलावा हरी लाला दास, काला चांद दास, जेठू दास, सोनू दास,प्रदीप दास,दिनेश दास, बब्लू दास,प्रिंस दास, हरी दास आदि सेकडो लोग उपस्थित थे।

## डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी के पंचायत भवन में आज शुक्रवार को संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती मनाई गई। बताया जाता है कि भारतीय संविधान के शिल्पकार सामाजिक न्याय के प्रणेता भारत के पहले कानून मंत्री एवं शोषित दलित वंचितों के अधिकारों के लिए लड़ने वाले महामानव भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी की 133 वीं जयंती मनाई गई। इस दौरान जयंती समारोह में उपस्थित सभी ने बाबा साहेब को पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया एवं श्रद्धांजलि दिए एवं भीमराव के जीवनी व देश के प्रति उनके योगदान पर सभी ने प्रकाश डाला।

## सामाजिक प्रताड़ना के बावजूद शिक्षा रूपी हथियार को लेकर आगे बढ़े : राजेंद्र बहादुर पाल

# अंबेडकर जी समाज को एक दिशा देने के लिए अपना पूरा उम्र गुजार दिए : उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर आज शुक्रवार को समाहरणालय मैदान में जिला प्रशासन एससी, एसटी, पिछड़ा जाति पदाधिकारी एवं कर्मचारी संघ और अम्बेडकर विचार परिषद लोहरदगा की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर समाहरणालय परिसर के समीप अवस्थित डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसमें प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल, उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक आर0 रामकुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, जिला परिषद सदस्य किस्को संदीप कुमार, अम्बेडकर विचार परिषद के संस्थापक सचिव दिगंबर



राम, सचिव लखन राम समेत अन्य सदस्यों द्वारा माल्यार्पण किया गया। इससे पूर्व प्रातः काल में कचहरी मोड़ से घुमकुड़िया देशवली से मोटरसाईकिल रैली पावरगज-अपर बाजार मिशन चौक होकर न्यु रोड से समाहरणालय मैदान तक किया गया। समाहरणालय मैदान में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई और सभी के द्वारा बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण किया गया व पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर राजनीतिक एवं सामाजिक प्रताड़ना के बावजूद अपने आप को सही दिशा दिया और शिक्षा रूपी हथियार को लेकर आगे बढ़े एवं समाज को एक संदेश दिया। आज उनका गुणगान पूरा देश ही नहीं पूरा विश्व करता है। अतः सभी को बच्चों को पढ़ने की प्रेरणा देनी चाहिये। जब 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू हुआ तो सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय का अवसर प्राप्त हुआ।आज जिले में संवैधनिक प्रक्रिया के तहत लोगों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम में उपायुक्त लोहरदगा वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर समाज को एक दिशा देने के लिए अपना पूरा उम्र गुजार दिए। उनका संदेश शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो इसी मूल मंत्र को लेकर आगे बढ़ने का संदेश दिया। सभी पढ़े लिखे लोगों को संविधान के मौलिक अधिकारो और नीति निर्देशक तत्वों का अध्ययन जरूर करना चाहिये। आज समाज को उनके आदर्शों पर चलना चाहिए। उन्होंने उपस्थित तमाम लोगों से निवेदन किया कि आप अपने आने वाले भविष्य में बाल बच्चों को शिक्षा पर अधिक ध्यान देने पर जोर दें। पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने कहा कि अम्बेडकर ने शिक्षा के आधार पर ऊंचे मुकाम तक पहुंचे। अतः आदमी को लंबे जीवन जीने की बजाय ऊंचे जीवन की सोच रखने चाहिए।जिला परिषद अध्यक्ष नेकहा किअम्बेडकर के उच्च आदर्शों का अनुकरण कर आगे बढ़े। संदीप कुमार जिला परिषद सदस्य ने कहा कि हर पढ़े लिखे घर मे संविधान की पुस्तक रखनी चाहिए। आज के कार्यक्रम में संबंधित संघ एवं परिषद के पदाधिकारी एवं कर्मचारी एवं समाजसेवी कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में महिला एवं पुरुष समाज के अगुआ स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# जिसके इंतजार में मां ने काट दिए नौ महीने प्रसव के दौरान हुई महिला की मौत

## परिजनों ने लगाया अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** जलडेगा प्रखंड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव के दौरान लापरवाही बरतने का मामला सामने आया है। यहां प्रसव बाद भितबुना निवासी सावित्री देवी, पति कृष्णा मांझी, नामक महिला की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मंगलवार को गर्भवती महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जलडेगा में भर्ती किया गया, रात लगभग 10 बजे महिला ने एक बच्ची को जन्म दिया। महिला के साथ में गए परिजनों ने बताया कि लेबर रूम में नर्सों ने सही से देखभाल नही किया, बच्चा खुद से जन्म ले चुका था और नर्स बाद में आई, महिला के शरीर से काफी खून भी बहा, रात भर किसी तरह महिला ठीक रही लेकिन अगले दिन बुधवार को सुबह महिला की स्थिति खराब होती गई, जिसे तुरंत 108 के माध्यम से सिमडेगा रेफर कर दिया गया, लेकिन रास्ते में ही महिला की मौत हो गई। **अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप :** परिजनों ने



स्थानीय सांसद प्रतिनिधि सुजान मुंडा से मुलाकात कर घटना की जानकारी दी, जिसके बाद सुजान मुंडा ने तुरंत अस्पताल जाकर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अमित तिर्की से मामले की जानकारी ली और घटना की निंदा की। उन्होंने कहा की प्रबंधन की लापरवाही से नवजात शिशु को जन्म देने के बाद मां की मौत हो गई। सुजान मुंडा ने कहा की मामले की जांच होनी चाहिए और दोषियों पर प्रशासन को करवाई करनी होगी। बता दें कि महिला का पति कृष्णा मांझी अपने दो अन्य बेटियों को उसकी मां के भरोसे छोड़कर बाहर काम करने गया था, घटना की जानकारी मिलने पर देर रात घर पहुंचा लेकिन वो अपनी पत्नी से अंतिम मुलाकात भी नहीं कर सका। मृतका का पति फुट फुट कर रो रहा है। लोग उसे हिम्मत दे रहे हैं, परिवार की स्थिति भी काफी खराब है इसलिए दोनों बेटियां भी अभी तक स्कूल से वंचित हैं। मां किसी तरह मजदूरी कर बेटियों का भरण पोषण करती थी, लेकिन अब वो भी नही रही। इधर नवजात शिशु को पालन पोषण और देखभाल के लिए बिरमित्रपुर के अपने किसी रिश्तेदार के यहां दे दिया गया है। **डाक्टर ने अपनी समस्या गिनाई तो सिविल सर्जन को पता ही नहीं है :** प्रसव कराने वाले ए.एन.एम अगस्टीना लकड़ा, सुमीना लुगून, संगीता समद ने कहा सभी ठीक था समयनुसार सभी टिके लगाया गया अचानक तबियत बिगड़ी और हालात हाथ से निकल गया । वहीं डाक्टर अमित आनंद तिर्की ने अपनी दुहाई लगाते हुए कहा मैं अकेला डाक्टर क्या देखूं ,ग्रामीण समस्या को समझें वह सहयोग नहीं समझते है तो हॉस्पीटल बंद कर देते हैं। वहीं सिविल सर्जन नवल कुमार ने कहा मामला जानकारी में नहीं है पता कर बताता हूं।

## संविधान निर्माता के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर मनाई गई जयंती

# डॉ. भीमराव अंबेडकर के मार्ग पर चलें और आने वाले पीढ़ी को ज्ञानवान बनाने का प्रयास करें : राधा तिर्की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** संविधान निर्माता डॉ0 भीमराव आंबेडकर की 132 वीं जयंती नया गया सेन्हा प्रखंड ग्राम अन्तर्गत राम मुहल्ला में जिला परिषद सदस्य, प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा राजनीतिक पार्टी कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों ने माल्यार्पण कर किया नमन। सेन्हा प्रखंड मुख्यालय के समीप सेन्हा राम मूहल्ला में डॉ0 भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजित हुआ। कार्यक्रम के दौरान झारखंड कर नवा मंजर संस्था के कलाकारों द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। और कार्यक्रम को आगे बढाते हुए अतिथियों एवं स्थानीय ग्रामीण महिला पुरुषों के द्वारा पुष्प अर्पित की गई। जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने भारत रत्न डॉ0 भीमराव आंबेडकर की जयंती पर पुष्प अर्पित कर कहा की बाबा साहेब भीमराव



अंबेडकर की ओर से बताए गए मार्ग पर चलने का प्रयास करें और उनके विचार को जीवन मे उतारने की जरूरत हम सभी का दायित्व है। साथ ही शिक्षा पर जोर देते हुए कहा आने वाले पीढ़ी को ज्ञानवान बनाने को लेकर ग्रामीणों से अपील किया गया। डॉ0 आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प एवं दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा भारतीय संविधान लागू से पूर्व 299 सदस्य द्वारा संविधान लिखा गया था। जो 26 नवम्बर 1949 को पूर्ण हुआ। जिसे 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया था। बताते हुए संक्षिप्त में उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके मार्गदर्शन पर चलने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही कहा कि संविधान के दायरे में रहकर ही बाबा साहेब के आदर्शों का पालन किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान मौके पर जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा सेवनिर्मित चतुर्थवर्गीय कर्मचारी रमेश राम परमेश्वर राम के अलावे सुनील राम, संदीप राम, बिनोद राम रूपेश राम सहित राम मुहल्ला के महिला पुरुष एवं बच्चे उपस्थित थे।

# डॉ.भीमराव अंबेडकर सामाजिक समानता के पक्षधर थे : विमला प्रधान

➲ बाबा साहब का सपना हर व्यक्ति को को मिले समानता का अधिकार : सुधु नायक

➲ बाबा साहेब के सोच को धरातल पर उतार रही है भाजपा : श्रद्धानंद बेसरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जन्म जयंती पर भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष सुधु नायक के नेतृत्व में समानता दिवस मनाया गया, भाजपा द्वारा जिले के सभी मंडलों में मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में समानता दिवस मनाया गया सिमडेगा में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जन्मदिन पर उनके प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुधु नायक ने कहा कि बाबा साहेब का मानना था कि हर व्यक्ति सुरक्षित और समृद्ध नहीं होगा तब तक किसी समाज और देश का विकास नहीं हो सकता। पूर्व मंत्री व



एचपीसीएल के स्वतंत्र निदेशक विमला प्रधान ने कहा की बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सामाजिक समानता के पक्षधर थे, वह समाज के अंदर कुरीति एवं ऊंच-नीच भेदभाव छुआछूत के खाई को दूर करना चाहते थे। भाजपा नेता श्रद्धानन्द बेसरा ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा की भारतीय संविधान के निर्माता बाबा अंबेडकर समाजिक आर्थिक एवं शैक्षणिक उत्थान के लिए समर्पित थे उन्होंने समाज मे वयाप्त रूढ़िवाद एवं विषमता को समूल समाप्त करने के लिए जीवन पर्यंत संघर्ष किया। मौके पर जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक पूर्व जिलाध्यक्ष संजय ठाकुर कार्यक्रम के संयोजक संजय शर्मा सतीश पांडे उपेंद्र श्रीवास्तव बसंत नारायण माझी अजय सिंह श्रीलाल साहू रामविलास बड़ाईक सत्यनारायण प्रसाद सरवन गोस्वामी सावित्री देवी गजानंद बेसरा अंकित कुमार शकुंतला देवी हंसा रानी पुष्पा देवी सानिया देवी शिखा अग्रवाल इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भाजपा कुडू मंडल अध्यक्ष सुदामा प्रसाद के नेतृत्व में मनाया गया अंबेडकर जयंती



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी कुडू मंडल अध्यक्ष सुदामा प्रसाद के नेतृत्व में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती कुडू बरहानियां स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि भीमराव रामजी अंबेडकर, डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर नाम से लोकप्रिय भारतीय बहूज्ञ, विधिवेता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे। उनका जन्म मध्य प्रदेश के छोटे से गांव महू में 14 अप्रैल 1891ई. में हुआ था, उन्होंने बहुत कठिनाइयों के साथ अपनी शिक्षा ग्रहण किया। वे दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और समाज में व्याप्त अछूत अवधारणा से समाज को मुक्ति दिलाई तथा एक ऐसा संविधान की रूपरेखा तैयार की जिसमें हर वर्ग के लोगों का अधिकार और समानता का ध्यान रखा गया,उन्होंने भेदभाव के विरुद्ध कई तरह के अभियान चलाएं और समाज में व्याप्त जातिवाद को खत्म करने का प्रयास किया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष नवीन कुमार टिंकू ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहब भारत के महान ज्ञाता और संविधान निर्माता थे, उन्हीं के प्रयास से समाज में संविधान के हर वर्ग के लोगों का हित का ध्यान रखा गया तथा समाज में समानता लाया गया। मौके पर अनुसुचित जाति मोर्चा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष शह जिला कार्यसमिति सदस्य राजू कुमार रजक ने अपने संबोधन में उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहब संविधान सभा की बहसों से भारत के संविधान का मसौदा तैयार करने वाली समिति का नेतृत्व किया और भारत के पहले कैबिनेट में कानून और न्याय मंत्री के रूप में कार्य किया, उन्होंने कहा कि उनका जीवन काफी संघर्षों से भरा रहा। वे अपने 8 भाई-बहनों में सबसे छोटे थे तथा अपने पढ़ाई छात्रवृत्ति के माध्यम से बहुत ही कठिनाइयों के साथ पूरा किया।

# जय श्रीराम समिति ने अंबेडकर जयंती पर तीन यूनिट ब्लड किया डोनेशन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के शुभ अवसर पर समाहरणालय स्थित प्रतिमा में जय श्रीराम समिति के द्वारा माल्यर्पण किया गया तथा भीमराव अंबेडकर जी के नारे लगे। कार्यक्रम के पश्चात सदर अस्पताल में तीन यूनिट ब्लड डोनेशन किया गया। राजा बंगला निवासी अजीत ठाकुर की पत्नी चंचल देवी एवं गुमला जिला डुमरी करणी पंचायत के चिरंया गांव निवासी सुलेन्द्र महली का पुत्र सचिन महली दोनो सदर अस्पताल लोहरदगा में इलाजरत डॉक्टर ने खून की कमी बताई काफी परेशान परिवार के लोग समिति से संपर्क किया समिति ने तत्काल पहल करते हुए तीन यूनिट ब्लड क्रमश– पारस साहू, लडू कुमार एवं कृष्णा महली के द्वारा दिया गया। मौके पर जिला संरक्षक सुषमा सिंह, अजय सोनी, जिला अध्यक्ष राजीव रंजन, महिला अध्यक्ष इंदिरा प्रधान, महामंत्री अजय साहू, कार्यकारी अध्यक्ष दयाशंकर सिंह, ओम महतो, हेमंत वर्मा जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव, अनुज कुमार, सदर प्रखंड प्रभारी बजरंग साहू, बजरंग करुवा, अभिषेक तिवारी, डॉ राकेश रंजन, आदित्य साहू, सचिन कुमार, रंजन कुमार समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# सामाजिक समरसता के नायक थे बाबा साहब भीमराव अंबेडकर : सुरेश चंद्र पांडे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में सरस्वती वंदना के पश्चात भीमराव अंबेडकर जी की जयंती मनाई गई। पुष्पार्चन एवं सरस्वती वंदना के साथ ही कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मुंडो निवासी श्री विजय उरांव आज के मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने कहा समाजिक समरसता के नायक थे भीमराव अंबेडकर। राजनीतिक, दार्शनिक, संपादक समाज सुधारक आदि विशेषताएं भीमराव अंबेडकर मे थी। वह भारत के प्रथम विधि एवं कानून मंत्री थे। संविधान निर्माता के रूप में भीमराव अंबेडकर को जाना जाता है। विश्व के तमाम संविधान को सम्मिश्रित करते हुए भारत के संविधान का निर्माण किया गया। सभी जाति एवं धर्म के लिए समानता की भावना भारत के संविधान में निहित है। भारत के संविधान धर्मनिरपेक्ष संविधान है



इनके जीवन पर विस्तृत चर्चा करते हुए। श्री पांडे ने कहा इनका जीवन संघर्ष में रहा तथा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक चेतना को जागृत किया। ये अंत में बौद्ध धर्म को स्वीकार किए तथा सत्य एवं अहिंसा को जीवन का आदर्श बनाए। श्री गणेश प्रसाद साहू ने कहा अंबेडकर जी सामाजिक कार्यकर्ता एवं एक महापुरुष थे। समाज, राष्ट्र एवं विश्व के कल्याण के निमित्त यह सतत चिंतनशील रहते थे। डॉ राजेंद्र प्रसाद एवं बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के द्वारा ढाई वर्ष में भारत के संविधान का निर्माण किया गया। आज के इस कार्यक्रम में सभी आचार्य बंधु भगिनी एवं भैया बहन उपस्थित थे।


# विधायक भूषण बाड़ा, विधायक विक्सल कोंगाड़ी सहित अन्य कांग्रेसियों ने बाबा साहब को किया नमन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के मौके पर कांग्रेस पार्टी ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, कोलेबिरा विधायक विक्सल कोंगाड़ी सहित कांग्रेस के कई नेता अंबेडकर चौक पहुंचकर अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर उपस्थित लोगों ने डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर बारी-बारी से पुष्प माला पहनाकर नमन किया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की, जिप सदस्य जोसिमा खाखा, विधायक प्रतिनिधि समी आलम, रावेल लकड़ा, नप अध्यक्ष पुष्पा कुल्लू, जोनशन मिंज, शिशिर मिंज, नवीन बिरेन तिर्की सहित कई कांग्रेसी उपस्थित थे। **बाबा साहब के विचारों को जीवन में आत्मसात करने की जरूरत : विधायक भूषण बाड़ा** : मौके पर सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवनी से आज लोगों को सीख लेने की जरूरत है। उन्होंने अपनी कठिन परिश्रम के बदौलत भारत को विश्व का सर्वश्रेष्ठ संविधान दिया। विधायक ने कहा कि महापुरुषों की कोई जाति व धर्म नहीं होता है। उनकी विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करने की जरूरत है।

# सरस्वती विद्या मंदिर +2 विद्यालय में अंबेडकर जयंती मनाई गई



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर +2 विद्यालय लोहरदगा में अंबेडकर जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य उत्तम मुखर्जी के द्वारा बाबा भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पार्चन और दीप प्रज्वलित कर किया गया। बाबा भीमराव अंबेडकर के बारे में बताते हुए रेणु कुमारी ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने अपने जीवन काल में समानता के लिए संघर्ष किया और अपना पूरा जीवन देश के लिए अर्पित कर दिया। संविधान निर्माता के रूप में उनके योगदान के लिए देश सदैव ऋणी रहेगा। आधुनिक भारत की नींव तैयार करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर भैया बहनों को डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई जिसमें डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का जीवन परिचय और उनके संघर्षों को दिखलाया गया। कार्यक्रम में प्रीति कुमारी गुप्ता, रश्मि साहू, नीतू कुमारी, कविता कुमारी, चेतना प्रिया, आरती भगत, यशोदा कुमारी, ऋद्धि मिश्रा, स्नेहा शर्मा सहित शिक्षक शिक्षिका एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल में धूमधाम के साथ मनाई गई अंबेडकर जयंती



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल लोहरदगा में भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। चित्र में पुष्पार्चन के बाद विद्यालय के प्राचार्य एसके झा ने कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर वास्तव में भारत के रत्न थे। स्वतंत्र भारत के संविधान निर्माण में उनकी अहम भूमिका थी और विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान बना कर उन्होंने संपूर्ण भारत वासियों को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया। ऐसे महान विभूतियों की जीवनी निश्चित रूप से हमें पढ़नी चाहिए और उनके बताए मार्गों पर चलकर अपने भविष्य को उज्जवल बनाने का प्रयास करनी चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय की आराध्या लकडा, ऋषभ प्रसाद, चंद्रिका देव भगत, मधु दिव्यांशु, रमजा अली खान, आराध्या आदि ने भी भीमराव अंबेडकर जी की जीवनी पर प्रकाश डाला।

# संविधान के निर्माता डॉ.अंबेडकर जी सामाजिक समरसता के महानायक थे : मनीर उरांव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शुक्रवार को बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की 132 वीं जयंती भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रकाश नायक के नेतृत्व में समाहरणालय परिसर स्थित बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा में माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा भीमराव रामजी अंबेडकर डॉ बाबासाहेब आंबेडकर के नाम से लोकप्रिय थे। वे भारतीय विधिवेता अर्थशास्त्री राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे। 14 अप्रैल 18 सो 91 ईस्वी को मध्यप्रदेश के महू में इनका जन्म हुआ था। इन्होंने भारतीय संविधान की रूपरेखा तैयार की जिसमें हर वर्ग के लोगों का अधिकार और समानता का ध्यान रखा गया। बाबा साहब ने भेदभाव के विरुद्ध कई तरह के अभियान चलाएं समाज में व्याप्त जातिवाद को खत्म करने का प्रयास किया और



भारतीय संविधान के मसौदा तैयार करने वाली समिति का नेतृत्व किया। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रकाश ने कहा कि बाबा साहब का जीवन बहुत ही संघर्ष में बीता वे अपने 8 भाई-बहनों में सबसे छोटे थे और अपनी पढ़ाई छात्रवृत्ति के माध्यम से बहुत ही कठिनाइयों से पूरा किया हर वर्ग के हित का ध्यान रखते हुए समाज में समानता लाने का प्रयास किए जो सम्मान बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को मिलनी चाहिए उसे आज केंद्र में पदस्थापित भारतीय जनता पार्टी की सरकार के नेतृत्व करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित कर उन्हें सही अर्थो में सम्मान देने का कार्य किया है। मौके पर श्री चंद प्रजापति, राजकिशोर महतो, राजकुमार वर्मा, अमरेश भारती, जगनंदन पौराणिक, अनिल उरांव, सरोज प्रजापति, बजरंग करवा, नरेंद्र नायक, तुलसी उराव, आदि उपस्थित थे।

## रमजान के मौके पर रोजेदारों ने अदा किया चौथे जुम्मे की नमाज

# रोजेदार के मुंह से निकलने वाले सांस मुस्केअंबर से बेहतर है : हाफिज गुलाम मुस्तफा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न मस्जिदों में रमजान के मौके पर मुस्लिम धर्मावलंबियों ने रमजान माह के चौथे जुम्मे की नमाज अदा किया। प्रखंड क्षेत्र अरु, सेरेंगहातु, झखरा, सेन्हा, उगरा डाँड़ू, तोड़ार, अरु बन्धटोली, कल्हेपट सहित विभिन्न मस्जिदों में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने शान्ति व सौहार्द के साथ रमजान के मौके पर चौथे जुम्मे का नमाज अदा किया। नमाज के दौरान जामा मस्जिद सेन्हा के इमाम हाफिज गुलाम मुस्तफा ने कहा कि वर्ष में एक माह रमजान का पवित्र माह आपको मिला है। इस माह में अल्लाह के नाम पर रोजा रखकर आप भूखे प्यासे रहते हैं। तो आप के मुंह से सांस के जरिए हवा निकलती है। जिसको मुस्केअंबर से बेहतर कहा गया है। रोजा स्वास्थ्य एव बालिग पर फर्ज है। रोजा हर बुराई से रोकता है। और नफ्स को काबू में



रखता है। इस लिये सभी रोजेदारों को रमजान के मौके पर जुबां को काबू में रखना चाहिये। जिसे रोजदार को जन्नत में खास दरवाजा से दखल किया जायेगा। रमजान में रोजा रखकर कुरान और नमाज पढ़ने की हिदायत दी गई है। जो रोजा नही रखते अभी भी रख लें और तौबा कर माफी मांग ले और खुदा को राजी कर लो साथ ही बताया कि अल्लाह मालिक के लिये साडे 52 तोला चांदी या उतना का रुपैया पैसा आपके पास साल में बचत है। तो आप उसे जकात दे। गरीब, असहाय, विधवा तथा यतीम बच्चा हो उसे जकात देना चाहिये साथ ही कहा कि पड़ोस के रहने वाले गरीबों को पहले हकदार बनाओ और खुशी में शामिल करो। इसके अलावे रमजान माह में रोजा रखकर जरूरत मंद गरीब व्यक्तियों के लिये जरूरत भर फितरा निकालना चाहिये। जिसे ईद की नमाज पढ़ने से पहले पहले गरीब मिस्कीन को भी तक्सीम करना है। ताकि वह भी खुशी में शामिल हो सके। मौके पर मौलाना जुबेर के अलावे सैकड़ो मुस्लिम धर्मावलम्बी शामिल थे।

# फल दुकान में लगी आग, हजारों का नुकसान

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर थाना क्षेत्र के बरवा टोली चौक के समीप बीएस कॉलेज रोड स्थित एक फल की गुमटी में आग लग जाने से फल विक्रेता को हजारों रुपए का नुकसान हो गया है।वहीं घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है। स्थानीय लोगों द्वारा अग्निशमन को सूचना देने के पश्चात अग्निशमन विभाग के प्रयास से आग पर काबू पा लिया गया है। जानकारी अनुसार उक्त दुकान बिहार निवासी मंटू कुमार का है जो एक सप्ताह से अपने गांव बिहार गए हुए हैं।वही मंटू कुमार के पुत्र फल दुकान का संचालन कर रहे थे। गुरुवार देर रात अज्ञात कारणों से फल गुमटी में आग लग गई जिससे गुमटी समेत गुमटी में रखे फल पूरी तरह जलकर राख हो गए।घटना की सूचना स्थानीय लोगों द्वारा फायर ब्रिगेड को दी गई मौके पर पहुंचकर फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पा लिया है।

## चलते चलते एक नजर

### मस्जिद, कब्रिस्तान और शादी में नहीं दी जाती सदका ए फित्र का पैसा : मौलाना बरकती



**रांची।** माहे रमजान का चौथा जुम्मा पूरा हो गया , अगले जुमा अलविदा और ईद की चांद की पूरी उम्मीद है। इसी के साथ हमसे हमारा मुबारक रमजान का महीना अलविदा होने वाला है । इस मुबारक महीने के चौथे जुमा में कांटाटोली कुरैशी मोहल्ला के इमाम ओ खतीब मौलाना मंजूर हसन बरकाती ने जुमा के दौरान संबोधित करते हुए कहा कि रमजान का मुबारक महीना में सदका ए फित्र और जकात निकालना है हर आकिल,बालिग व आजाद मुसलमान पर वाजिद करार दिया गया है । जो संपन्न व्यक्ति हैं उनके पर जकात फर्ज है । वही जो मध्यमवर्ग या गरीब भी है लेकिन उस पर सदका ए फित्र वाजिब है। मौलाना ने आगे कहा कि बहुत से ऐसे लोग हैं जो अपना सदका ए फित्र व जकात के पैसे किसी की बेटी या बहन की शादी में मदद के तौर पर दे देते हैं, या फिर मस्जिद में कोई कार्य हो रहा हो तो इसमें दे देते हैं, कब्रिस्तान में कोई काम हो रहा हो तो इसमें दे देते हैं, ऐसा करना सही नहीं है । सदका ए फित्र और जकात का पैसा निकाह, मस्जिद, कब्रिस्तान और ईद की नमाज से पहले इमाम,मोआज्जीन को दी जाती है, इसमें भी नहीं देने का है। इसकी जानकारी हर किनी को होनी चाहिए। सदका ए फित्र और जकात का पैसा जरूरतमंद लोगों को ही दी जाती है। सदका ए फित्र और जकात दोनों पैसों को मस्जिद ,कब्रिस्तान, शादी, मस्जिद में नहीं दी जाती है, यदि कोई ऐसा करते हैं तो अब यह जानने के बाद नहीं करेंगे, और इसके बाद भी अगर कोई करते हैं तो वह गलत कर रहे हैं।

### केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर से मिले रांची के सांसद संजय सेठ

**रांची :** स्थानीय सांसद संजय सेठ ने नई दिल्ली में केंद्रीय सूचना प्रसारण, खेलकूद एवं युवा मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर से शुक्रवार को मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान सांसद सेठ ने उन्हें रांची सहित झारखंड के विभिन्न बिंदुओं से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। सेठ ने मंत्री ठाकुर को सांस्कृतिक महोत्सव में आने का आमंत्रण भी दिया। केंद्रीय मंत्री को दिए गए ज्ञापन में सांसद सेठ ने डीडी झारखंड, खेल गांव सहित पत्रकारों के कल्याण पर ध्यान आकर्षित किया। अपने ज्ञापन में सांसद ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि राजधानी रांची में स्थित खेलगांव एशिया का सबसे बड़ा स्पोर्ट्स कंपलेक्स है। परंतु इसका पूरी तरह सदुपयोग नहीं हो पा रहा है। यहां पर केंद्रीय खेल विश्वविद्यालय खोलने की योजना पर काम होना चाहिए। इसके साथ ही राष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण शिविर यहां आयोजित किए जाने चाहिए।सांसद ने ज्ञापन के माध्यम से आग्रह किया कि आजादी के अमृतकाल में झारखंड दूरदर्शन के द्वारा राज्य के स्वतंत्रता सेनानियों सहित सामाजिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले व्यक्तित्व के जीवन की पटकथा का प्रसारण क्षेत्रीय भाषाओं में होना चाहिए।

# अमित शाह ने की बंगाल की 33 लोकसभा सीट जीतने की भविष्यवाणी

एजेंसी

**कोलकाता :** पंचायत चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल दौरे पर आये केंद्रीय गृह मंत्री ने बीरभूम की जनसभा से 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर बड़े दावे किये। राज्य की 42 में से कम से कम 33 सीटों पर जीत का लक्ष्य सुनिश्चित करते हुए उन्होंने कहा कि बंगाल वासियों को यह तय करना होगा कि राज्य से कम से कम 33 सीटें भाजपा को मिलें ताकि नरेन्द्र मोदी इस देश के प्रधानमंत्री बने रहें। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को पुख्ता जवाब केवल एक व्यक्ति दे सकता है और वह हैं पीएम मोदी, ममता बनर्जी नहीं। जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद केवल एक व्यक्ति समाप्त कर सकता है, वह हैं पीएम मोदी, ममता बनर्जी नहीं। बंगाल से भ्रष्टाचार हिंसा का राज केवल एक आदमी समाप्त कर सकता है, वह हैं पीएम मोदी।शाह ने कहा कि ममता बनर्जी, कांग्रेस और वामदलों ने मिलकर अयोध्या में राम मंदिर निर्माण को सालों तक रोके रखा लेकिन एक दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वहां गए, भूमि पूजन किया और आज भव्य राम मंदिर वहां बन रहा है। अमित शाह ने कहा कि देश से अगर भ्रष्टाचार को खत्म करना है तो नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाए रखना होगा और इसके लिए जरूरी है कि बंगाल के लोग अधिक से अधिक सीटें भाजपा की झोली में डालें। उन्होंने बीरभूम के लोगों का आह्वान करते हुए कहा कि आप सबको यह वादा करना होगा कि पश्चिम बंगाल से बुआ-भतीजे की भ्रष्ट सरकार को खत्म करने के लिए वोट करेंगे।



नरेन्द्र मोदी को दोबारा भारत का प्रधानमंत्री बनाए रखने के लिए वोट करेंगे। शाह ने कहा कि पीएम मोदी के शासन में भारत एक नई दिशा में आगे बढ़ रहा है और यह यात्रा जारी रहे इसके लिए जरूरी है कि अधिक से अधिक सीटें भाजपा को मिलें। राज्य में चल रही लू की स्थिति के बावजूद शाह की जनसभा में हजारों की संख्या में भाजपा समर्थक मौजूद रहे। इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी उपस्थित रहीं।

### प्रेम प्रसंग में युवक की हत्या, एक हिरासत में

**रांची :** नगर के लापुंग इलाके में एक युवक की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। मृतक की शिनाख्त सारंगलोया गांव निवासी नामजन बारला के रूप में हुई है। इस मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। शुक्रवार को लापुंग थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथमदृष्ट्या मामला प्रेम प्रसंग में युवक की धारदार हथियार से हत्या करना प्रतीत होता है। प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। प्रभारी ने बताया कि इस मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।

## भारतीय संविधान के शिल्पकार थे डॉ भीम राव आम्बेडकर : डीएन सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** शुक्रवार को भीम राव आम्बेडकर कि 132वीं जयंती आम आदमी पार्टी के प्रदेश कार्यालय में मनाया गया मौके पर प्रदेश संयोजक श्री डी. एन. सिंह के अध्यक्षता में प्रदेश कार्यसमिति का बैठक भी संपन्न हुआ। बैठक में पार्टी दिशा निर्देश पर चर्चा करते हूए पिछले कार्यक्रमों का समीक्षा किया गया साथ ही आगे कि रणनीति तय किया गया तथा 20 मई को झारखण्ड के ज्वलंत मुद्दों पर राजभवन के समक्ष महा धरना देने का निर्णय लिया गया। मौके पर उपस्थित प्रदेश पदाधिकारियों को दिशा निर्देश देते हूए प्रदेश संयोजक ने कहा कि आज भीम राव अम्बेडकर का जयंती हैं अम्बेडकर हमारे पार्टी के आदर्श हैं इनके दिखाए मार्गो पर चल कर पार्टी कि लोकप्रियता आज पुरे देश में तेजी से बढ़ रहा हैं झारखण्ड में भी जनता केजरीवाल मॉडल को पसंद करने लगे हैं जरुरत हैं कि हम जानमुद्दों को लेकर हम संघर्ष करें और जन हित में काम करें। मौके पर प्रदेश उप संयोजक ने कहा कि केंद्र पदाधिकारी झारखण्ड के पार्टी कार्यक्रमों पर पूरी नजर रखी हूई है हमें मजबूती से जन मुद्दों के साथ संघर्ष करने कि जरूरत हैं।

बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष नरेन्द्र चौबे, अजय भगत, हरेंद्र नाथ चौबे,सच्चिदानंद पांडे, प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा, सौरभ श्रीवास्तव, प्रदेश मीडिया प्रभारी सईद अख्तर, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी कुमार राकेश, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश तिर्की, प्रदेश विस्तृत कमिटी के सदस्य अंशित जायसवाल, उमाकांत वर्णवाल, कृष्ण किशोर, विश्राम उराव सहित प्रदेश कमिटी के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# विकास का आईना होता है सड़क : कौशल किशोर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** छतरपुर अनुमंडल के हुटुगदाग पंचायत के ईटकदाग के पूर्वारा टोले पर विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्राणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने भूमिपूजन कर सड़क निर्माण की आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में सड़क विकास का आईना होता है। सड़क बनने से गांव टोला का सामाजिक प्रदूषण भी दूर होता है। उन्होंने कहा कि आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बाद भी अभीतक कई गांव और टोले तक पहुंचने के लिए सड़क नहीं बन पाई है। पर्यावरणविद ने कहा कि अभीतक वे अपनी निजी लागत से इसके पहले क्षेत्र में 28 किलोमीटर सड़क निर्माण कराकर उन गांव टोले तक जाने का मार्ग प्रशस्त किया है। दो किलोमीटर सड़क बनने से उक्त टोले पर पहुंचने का रास्ता आसान हो गया। उन्होंने कहा कि अभीतक जिस गांव टोले तक सड़क और बिजली नहीं पहुंच पाई है वहां के लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गांव के बीमार और लाचार लोगों को मुख्यपथ तक लाने के लिए भारी मशक्कत करना पड़ता है।



### शव यात्रा में हुए शामिल कौशल किशोर जायसवाल

छतरपुर अनुमंडल के मुरुमदाग पंचायत के जोरा गांव निवासी 35 वर्षीय चंदन सिंह का शव पैतृक गांव पहुंचते गांव में कोहराम मच गया।चन्दन की मौत पुणे में कार्य करने के दौरान एक हादसे में हो गयी थी। वे अपने पीछे तीन नाबालिग बच्चे और पत्नी छोड़ गए है। इस विपदा की घड़ी में पर्यावरणविद ने मृतक के परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाते हुये हर सम्भव मदद करने का भरोसा दिलाया। उक्त सड़क निर्माण के भूमिपूजन और शव यात्रा में शामिल प्रमुख लोगों में सुभाष प्रसाद गुप्ता, नगेंद्र यादव, कपिल सिंह, धर्मेंद्र सिंह, दिनेश यादव,रामप्रवेश रिखी मुनि, जुबेर अंसारी, विनोद राम, सुरेंद्र सिंह, बसंत सिंह, सुरेश पासवान, इतवारु उपस्वान, मंगल पासवान, सरजू यादव, कर्म देव यादव, केश्वर यादव, कृष्णा यादव शामिल थे।

### एमएसए में धूम-धाम से मना अम्बेडकर जयंती

# देश के संविधान निर्माता थे अम्बेडकर : शफीक अंसारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** नगर निगम के पोखराहा खुर्द स्थित एम.एस.ए पब्लिक स्कूल में देश के पहले कानून मंत्री, समाज सुधारक और दलितों के मसीहा कहे जानें वाले व देश के संविधान निर्माता भारतरत्न डा. भीमराव अम्बेडकर साहब का जयंती समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शफीक सर ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में बाबा साहेब के संघर्ष भरी जिंदगी का व्याख्या करते हुए स्कूल संस्थापक सह अध्यक्ष मो शफीक अंसारी ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर के द्वारा लिखे गए संविधान के आधार पर ही आज हम लोगों को बोलने, चलने और अपने अधिकार के लड़ाई लड़ने की आजादी प्राप्त हुई है। यह



देन बाबा भीमराव आंबेडकर का ही है। बाबा भीमराव आंबेडकर का एक ही सपना था कि सभी शिक्षित हों, एकजुट हों, संघर्षशील बने और आज यह सपना साकार होते हुए नजर आ रहा है। मौके पर स्कूल के उपप्राचार्य सह सचिव अफज़ल शफीक ने कहा कि दलितों और वंचितों को बराबरी का हक दिलाने का काम अंबेडकर ने ही किया। उनकी परिकल्पना एक समुदाय का विकास करने की नहीं बल्कि सभी पिछड़ों को शिक्षित करने की थी। आज हम उनके विचार व उनके आदर्शों के पथ पर चलें तो यही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम का अध्यक्षता सुनीता प्रसाद व मंच संचालन सत्यार्थ उपाध्याय कर रहें थे। शिक्षक अभय गिरी, आशुतोष शुक्ला, घुंघरू सिंह, खुशबू सोनी, नेहा प्रवीण, प्रियंका सिंह, स्नेहील कुमारी, विवेक पाठक, मुसकान चन्द्रवंशी, वर्षा कुमारी, साक्षी पासवान, अनुराधा भारती, तनीषा प्रिया सहित कई अन्य शिक्षकों ने भी डॉ भीमराव अंबेडकर के व्यक्तित्व के बारे में चर्चा की और सभी छात्र-छात्राओं को उनके व्यक्तित्व को अपने जीवन में अमल मे लाने की शिक्षा से प्रेरित किया।

### सामाजिक समरसता के प्रेरणास्रोत हैं आंबेडकर : मिथिलेश्वर मिश्रा

**रांची :** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) रांची महानगर की ओर से महानगर अध्यक्ष कैलाश केसरी के नेतृत्व में डॉ बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर की 132वीं जयंती मनाई गई । झारखंड हाई कोर्ट चौक पर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। मौके पर विहिप के झारखंड प्रांत उपाध्यक्ष पद्मश्री मुकुंद नायक और प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख मिथिलेश्वर मिश्र ने कहा कि डॉ भीमराव आंबेडकर सामाजिक समरसता के प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर प्रांत उपाध्यक्ष मुकुंद नायक ने कहा डॉ आंबेडकरकी अध्यक्षता में विश्व का सबसे लंबा लिखित संविधान, संविधान सभा द्वारा तैयार किया गया था। आंबेडकर जयंती सामाजिक समरसता एवं जातिगत भेदभाव को मिटाने एवं कुरीतियों को दूर करने की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। हम सभी को बाबा साहब के गुण को सीखना चाहिए।

# आधुनिक समाज के निर्माता हैं बाबा साहब अंबेडकर : अविनाश देव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** शुक्रवार को संत मरियम स्कूल के सभी शाखाओं में बाबा साहब अंबेडकर की जयंती मनाई गई। स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव द्वारा बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत किया गया। उपस्थित छात्र और शिक्षकों को संबोधित करते हुए अविनाश देव ने कहा कि हम सभी को इनके अथक संघर्ष, दृढ़ निश्चय और दूरदृष्टि से प्रेरणा लेनी चाहिए। जब हमारा समाज कुछ चंद लोगों के चंगुल में कैद था, वैसे विपरीत परिस्थितियों में भी समाज के निचले तबकों के संपूर्ण स्वतंत्रता हेतु बाबा साहब ने अथक संघर्ष किया परिणाम स्वरूप आज भारतवर्ष में निम्न तबके के लोग भी अपनी आवाज को बुलंदी के साथ बोल पाते हैं। आगे श्री देव ने कहा कि एक ओर हमारे देश में ब्रिटिश हुकूमत कायम थी वही



दूसरी ओर शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे संसाधनों पर कुछ विशेष वर्गों का एकाधिकार था। इन तमाम मुश्किलों में जीवन यापन करते हुए उन्होंने 32 से ज्यादा डिग्रियां हासिल करले एक नया कीर्तिमान स्थापित किया था। हम सभी को इनके संघर्ष, विचार, को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए तभी एक बेहतर समृद्ध और विकसित भारत का निमार्ण संभव है। आज की जयंती के अवसर पर स्कूल परिसर में भाषण और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। भाषण प्रतियोगिता में अंशु दुबे को प्रथम एवं खुशबू सोनी को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ वही पेंटिंग प्रतियोगिता में साक्षी कुमारी 5 अ, पायल गुप्ता 10 अ, एवं तेजस्वी राज 7 स विजयी घोषित हुए।

# भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन बाबा साहब अंबेडकर यात्रा को किया रवाना




एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन 'बाबा साहब आंबेडकर यात्रा' को शुक्रवार को हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार तथा संस्कृति, पर्यटन और पूर्वोत्तर विकास मंत्री जी. किशन रेड्डी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने बाबा साहब आंबेडकर के द्वारा दलितों तथा पिछड़े वर्ग के लोगों के अधिकारों तथा उनके सामाजिक उत्थान में बाबा साहब के योगदान पर प्रकाश डाला तथा उन्होंने इस रेलगाड़ी को चलाने के लिए रेलवे की सराहना की। जबकि रेड्डी ने कहा कि इस रेलगाड़ी से पर्यटक 8 दिनों की अपनी यात्रा में बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के जीवन और बुद्ध की विरासत से जुड़े स्थलों का भ्रमण करेंगे। यह रेलगाड़ी भारत की 'देखो अपना देश' अवधारणा को पूरा करती है।।7 रातों और 8 दिनों की यात्रा वाली यह भारत गौरव टूरिस्ट रेलगाड़ी दिल्ली से प्रस्थान करने के बाद अपने पहले पड़ाव पर बाबा साहब की जन्मस्थली डॉ. आंबेडकर नगर (महू) पहुंचेगी। इसके पश्चात यह रेलगाड़ी नागपुर रेलवे स्टेशन के लिए रवाना होगी जहां पर्यटक नवयान बौद्ध धर्म के एक प्रतिष्ठित स्मारक दीक्षा भूमि का भ्रमण करेंगे। वहां से रेलगाड़ी सांची के लिए प्रस्थान करेगी। सांची में प्रसिद्ध सांची स्तूप और अन्य बौद्ध स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा। सांची के बाद यह रेलगाड़ी अपने अगले गंतव्य वाराणसी जाएगी, जहां पर्यटक सारनाथ और काशी विश्वनाथ मंदिर को देख सकेंगे। इस रेलगाड़ी का अगला और अंतिम गंतव्य गया रेलवे स्टेशन होगा, जहां पर्यटकों को बोधगया के पवित्र स्थल ले जाया जाएगा और वे महाबोधि मंदिर व अन्य मठों को देख सकेंगे। सड़क मार्ग द्वारा अन्य महत्वपूर्ण बौद्ध स्थलों राजगीर और नालंदा का भी भ्रमण कराया जाएगा। यह टूर अंत में नई दिल्ली आकर समाप्त होगा। पर्यटकों को दिल्ली, मथुरा और आगरा छावनी रेलवे स्टेशनों से रेलगाड़ी में बैठने व उतरने की सुविधा उपलब्ध होगी। 10 वातानुकूलित 3 टीयर के डिब्बों वाली इस 'बाबा साहब आंबेडकर यात्रा' पर्यटक रेलगाड़ी में 600 पर्यटक यात्रा कर सकेंगे।

### सतुआइन और वैशाखी को लेकर गंगा स्नान के लिए उमड़ी भीड़

**बेगूसराय :** विक्रम संवत 2080 की शुरुआत, मिथिला के पावन पर्व सतुआइन और वैशाखी के अवसर पर शुक्रवार को गंगा घाटों पर स्नान करने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस अवसर पर सबसे अधिक भीड़ पावन गंगा तट सिमरिया धाम में उमड़ी। जहां मिथिला से लेकर नेपाल और बिहार के विभिन्न हिस्से से बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे तथा गंगा स्नान, गंगा पूजन और दान किया।खास करके मिथिला से गंगा स्नान के लिए आए लोगों ने स्नान पूजन के बाद सत्तू दान किया तथा विभिन्न मंदिरों में पूजा-अर्चना की। सतुआइन को लेकर अहले सुबह से ही स्थानीय लोगों के अलावा मिथिला क्षेत्र समस्तीपुर, दरभंगा, सीतामढ़ी, मधुबनी सहित पड़ोसी देश नेपाल से भी बड़ी संख्या में लोग सिमरिया पहुंच गए थे। सुरक्षित गंगा स्नान कराने के लिए डीडीआरएफ के जवान भी मोटर बोट के साथ सतर्क थे तथा लोगों को गहरे पानी में जाने से रोकते रहे।

# अत्याधुनिक गांधी उद्यान का जल्द होगा शुभारंभ : महापौर

*** गांधी मैदान में है इंडिया लेबल का स्केटिंग जॉन**

*** वैभव सिंघानिया की याद में होगा स्केटिंग जॉन का नामकरण**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** महापौर अरुणा शंकर के प्रयास से गांधी उद्यान में नगर निगम द्वारा भारतीय स्तर का स्केटिंग जॉन बनाया गया है। इसका नामकरण वैभव सिंघानिया स्केटिंग जॉन रखा गया है। इस स्केटिंग जॉन का 10 दिनों के अंदर उद्घाटन करने की घोषणा मेयर अरुणा शंकर ने की। उन्होंने मेदनीनगर के बच्चे, जो स्केटिंग प्रतियोगिता मैं भाग लेने हिमाचल जा रहे हैं, सबो को शुभकामना देकर विदा की। महापौर ने कहा कि वर्षो से हमारे शहर में ना कोई खेलकूद का मैदान था ना कोई पार्क। इसी का नतीजा रहा कि शहर का एक होनहार बच्चा वैभव सिंघानिया अपने भाई के साथ



कचहरी चौक पर स्केटिंग करते करते दुर्घटना का शिकार हो गया था। तभी मैंने निर्णय लिया कि बच्चों के लिए एक शानदार पार्क बनाऊंगी। जिसमें एक भारतीय स्तर का स्केटिंग जॉन भी होगा। जहां छोटे-छोटे बच्चे बेधड़क स्केटिंग कर सकते हैं और उसका नामकरण वैभव सिंघानिया की याद में रखा जाएगा। महापौर ने बताया की जल्द 20 तारीख के आसपास इस उद्यान को हमारे शहर के बच्चों को सुपुर्द किया जाएगा। महापौर ने गांधी उद्यान के बारे में बताते हुए कहा कि इस उद्यान में जहां बड़ों के लिए वाकिंग ट्रैक, बुजुर्गो को बैठने के लिए रंग-बिरंगे शेड और योगा स्थल बनाए गए हैं। वही बच्चों के लिए टॉय ट्रेन, मल्टी प्ले स्टेशन, कॉकपिट, झूले, तरह-तरह के शीशा, जिराफ और कई तरह के आकर्षक गेम्स लगाए जा रहे हैं। महापौर ने बताया कि इस मैदान में एक 500 लोगों का स्टेज एवं लाइट युक्त मैदान का भी निर्माण कराया गया है। जहां शनिवार, रविवार या छुट्टी के दिन स्थानीय कलाकारों द्वारा लाइव म्यूजिकल शो भी शाम को 5:00 से 9:00 तक होगा। जहां छोटे-छोटे बच्चे ट्रैक पर आकर गाना गा सकते हैं। डांस परफॉर्म कर सकते और नाटक का भी आनंद लिया जा सकता है। महापौर ने कहा कि इस गांधी उद्यान में जहां फूल पत्ती और अमेरिकन ग्रास लगाए गए हैं वही मछली घर भी बनाई जा रही है। महापौर ने बताया कि निगम बोर्ड ने इस उद्यान में जाने के लिए प्रवेश शुल्क 10 साल के बच्चों को निशुल्क रखा है है। वही 10 साल से ऊपर के लिए 10 रुपया टिकट दर निर्धारित किया है। जिससे इस मैदान का रखरखाव किया जाएगा।